

सूर्योदय प्रातः 5:05 | सूर्यास्त संध्या 6:39 | पखवाड़ा ज्येष्ठ शु . त्रयोदशी, संवत 2083 | तापमान अधिकतम 32° न्यूनतम 25°



# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, शनिवार, 27 जून 2026, वर्ष : 17, अंक : 133, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions


# महिला सशक्तीकरण समावेशी और सतत विकास की आधारशिला : अन्नपूर्णा देवी



**एजेंसी**
**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शुक्रवार को किर्गिज गणराज्य की राजधानी बिश्केक में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) महिला फोरम-2026 को वीडियो संदेश के माध्यम से सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने एससीओ के मूल सिद्धांतों पारस्परिक सम्मान, समानता और सर्वसम्मति के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता दोहरायी तथा महिला सशक्तीकरण को समावेशी और सतत विकास की आधारशिला बताया।

'आर्थिक विकास में महिलाओं की भूमिका' विषय पर आयोजित सत्र को सम्बोधित करते हुए अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि महिलाएं केवल विकास की लाभार्थी नहीं हैं, बल्कि विकास और सामाजिक परिवर्तन की सबसे बड़ी प्रेरक शक्ति हैं। उन्होंने कहा कि भारत का विकास मॉडल महिलाओं को केन्द्र में रख कर आगे बढ़ रहा है और सरकार उन्हें आर्थिक, सामाजिक तथा राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरन्तर प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को हासिल करने के लिए 'महिला-नेतृत्व वाला विकास' भारत की प्रमुख विकास अवधारणा है। इसी सोच के अनुरूप सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उद्यमिता को बढ़ावा देने और निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अनेक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर रही है।

केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि देशभर में लगभग 10 करोड़ महिलाएं 90 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हुई हैं। इन प्रयासों का सकारात्मक परिणाम यह है कि अब तक 03 करोड़ से अधिक महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनी हैं।

अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि 'मिशन शक्ति' और 'मिशन पोषण 2.0' जैसी प्रमुख योजनाएं महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, देखभाल और आर्थिक सशक्तीकरण को बढ़ावा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इन योजनाओं के माध्यम से महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत महिलाओं के आर्थिक नेतृत्व, उद्यमिता और समावेशी विकास को बढ़ावा देने के अपने अनुभव एससीओ सदस्य देशों के साथ साझा करने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही, महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने तथा साझा प्रयासों के माध्यम से क्षेत्रीय विकास को नयी गति देने के लिए भी भारत निरन्तर कार्य करता रहेगा।

अपने सम्बोधन के अंत में केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि महिलाओं को अवसर, संसाधन और नेतृत्व प्रदान किये बिना समावेशी एवं टिकाऊ विकास की कल्पना सम्भव नहीं है। उन्होंने एससीओ सदस्य देशों से महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में साझेदारी को और मजबूत करने का आह्वान करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही अधिक समृद्ध, समावेशी और न्यायपूर्ण समाज का निर्माण किया जा सकता है।

## शेयर बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 77,100.47 | 109.25 (0.14%) |
| निफ्टी | 24,056.00 | 34.35 (0.14%) |

## सर्राफा बाजार

प्रति 10 ग्राम

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 1,37,870.00 |
| चांदी | 2350.00 |

## एक झलक

### ताजिया जुलूस के दौरान बड़ा हादसा, करंट से तीन की मौत

**रतलाम :** मध्य प्रदेश के रतलाम जिले के पिपलौदा क्षेत्र के ग्राम हतनारा में मोहर्रम जुलूस के दौरान गुरुवार रात बड़ा हादसा हो गया। ताजिया 11 केवी हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से उसमें करंट फैल गया, जिससे तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि 12 से अधिक लोग झुलस गये। हादसे के बाद जुलूस में भगदड़ जैसी स्थिति बन गयी। ग्रामीणों और निजी वाहनों की मदद से घायलों को तत्काल रतलाम मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस के अनुसार घटना रात करीब 11:15 बजे की है। पंचमुखी महादेव मंदिर और मस्जिद के बीच मुख्य मार्ग से ताजिया निकाला जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ताजिया करीब 10 से 12 फीट ऊंचा था, लेकिन लोगों द्वारा उठाने के बाद इसकी ऊंचाई करीब 16 से 17 फीट तक पहुंच गयी। इसी दौरान ताजिया ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से टकरा गया और जोरदार आवाज के साथ करंट फैल गया।

### नक्सली डम्प से बड़ी मात्रा में हथियार विस्फोटक सहित 24 लाख बरामद

**नारायणपुर :** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के थाना ओरछा और थाना छोटेडोंगर क्षेत्र में संयुक्त सर्च अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने टेकला जंगल-पहाड़ी के नक्सली डम्प से बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री बरामद की है। जबकि, छोटेडोंगर थाना क्षेत्र के तोयामेटा जंगल-पहाड़ी से नक्सलियों के छिपा कर रखे गये 24 लाख रुपये नकद बरामद किये गये हैं। नारायणपुर पुलिस के अनुसार नक्सलवाद की समाप्ति के बाद लगातार चलाये जा रहे अभियान के तहत विश्वसनीय सूचना के आधार पर थाना ओरछा और थाना छोटेडोंगर क्षेत्र में विगत दो दिनों से जारी संयुक्त सर्च अभियान चलाया गया। टेकला जंगल-पहाड़ी में तलाशी के दौरान सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के जमीन में छिपा कर रखा गया हथियार डम्प खोज निकाला। नक्सली डम्प से बरामद हथियारों में एक इंसास रायफल, दो एसएलआर रायफल, दो .303 रायफल, दो 30-ओसी बंदूक, एक बीजीएल लॉन्चर, एक सिंगल शॉट बंदूक, 17 मैगजीन, 263 से अधिक जिन्दा कारतूस, तीन डेटोनेटर, दो बायोफेंग स्कैनर सहित बड़ी मात्रा में नक्सल सामग्री बरामद की गयी।

## अंदर के पन्नों पर


3 समावेशन के बिना पदोन्नति का दावा स्वीकार्य नहीं...

5 धनबाद में शांतिपूर्ण रहा मोहर्रम का जुलूस...

7 अकीदत और अमन के साथ निकला मुहर्रम का जुलूस...

9 बुंडू में मुहर्रम जुलूस अमन, शांति और भाईचारे के...

10 ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले से पहले...


## कार्टून कोना




नार्को-कोऑर्डिनेशन सेंटर (एनसीओआरडी) की 10वीं शीर्ष स्तरीय बैठक में शामिल हुए गृहमंत्री

# नशे के खिलाफ लड़ाई में अगले तीन साल बेहद महत्त्वपूर्ण : शाह




**एजेंसी**
**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई में अगले तीन साल बेहद महत्त्वपूर्ण हैं। सरकार ने नशा मुक्त भारत के लिए रोडमैप तैयार कर लिया है। अगले तीन सालों के लिए हमें नशे से मुक्ति के लिए 'रूथलेस अप्रोच' के साथ आगे बढ़ना होगा। शाह ने राज्यों के पुलिस प्रमुखों और सचिवों के साथ बैठक में सामूहिक और संगठित प्रतिक्रिया तथा आधुनिक खुफिया सूचना आधारित कार्रवाई, प्रौद्योगिकी आधारित रणनीति तथा पूरे नेटवर्क को लक्ष्य बना कर अभियान चलाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नयी दिल्ली में नार्को-कोऑर्डिनेशन सेंटर (एनसीओआरडी) की 10वीं शीर्ष स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में हाइब्रिड मोड में 44 केन्द्रीय मंत्रालयों और विभागों के प्रमुख हितधारकों के साथ-साथ राज्य सरकारों और ड्रग कानून प्रवर्तन एजेंसियों के 108 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इस दौरान गृह मंत्री ने 'मादक पदार्थ नियंत्रण पर विजन डॉक्यूमेंट (2026-2029)' जारी किया। साथ ही, शाह ने एनसीबी वार्षिक रिपोर्ट -2025 जारी की और जम्मू एवं गुवाहाटी में नवनिर्मित एनसीबी आंचलिक कार्यालयों का उद्घाटन किया।

गृह मंत्री ने कहा कि नशे के कारोबार के खिलाफ हमारी लड़ाई समान्य नहीं होनी चाहिए। नार्को अपराधी आज टेक्नोलॉजी से सक्षम हैं। वह नेटवर्क आधारित बन चुके हैं और मल्टी डोमेन अपराध के रूप में भी आज हमारे सामने खड़े हैं। ये सभी चीजें ये लड़ाई को और कठिन बनाती है। इसी संदर्भ में उन्होंने 'रूथलेस अप्रोच' की बात कही।

आगे इस पर स्थिति स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि हमें नशे के व्यापार करनेवालों के प्रति 'रूथलेस एप्रोच' रखना है और ड्रग के शिकार बने लोगों के प्रति संवेदनशील एप्रोच रखना है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### गृह मंत्री ने कहा

- नशे से मुक्ति के लिए 'रूथलेस अप्रोच' के साथ आगे बढ़ना पड़ेगा
- युवा पीढ़ी के भविष्य के लिए नशे के कारोबार के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई
- केन्द्र और राज्य सरकारों को मिल कर चलाना होगा अभियान

### नशे के कारोबार पर सम्पूर्ण विजय जरूरी

**अपने** सम्बोधन में शाह ने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा, अर्थतंत्र सुरक्षा और युवा पीढ़ी के भविष्य के लिए नशे के कारोबार पर सम्पूर्ण विजय जरूरी है। भारत नशे के कारोबार से जुड़े डेथ ट्रायंगल (म्यांमार, थाईलैंड और लाओस) और डेथ क्रिसन (अफगानिस्तान, ईरान और पाकिस्तान) के बीच स्थित है। इसके अलावा ड्रोन आधारित ड्रॉप्स, समुद्री मार्गों से कंटेनराइज कारगो, डार्क नेट, क्रिप्टो पेमेंट और ऑर्डर टू डिलीवरी मॉडल पार्सलों का उपयोग जैसे तरीकों से ड्रग के कारोबारियों के खिलाफ हमारी लड़ाई कठिन हो गयी है।

राज्यपाल बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के 46वें स्थापना दिवस समारोह में हुए शामिल

# बिरसा कृषि विश्वविद्यालय किसानों की आशाओं व ग्रामीण विकास का महत्त्वपूर्ण केन्द्र : राज्यपाल




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची :** झारखंड के राज्यपाल एवं राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि झारखंड के किसानों की आशाओं, आकांक्षाओं और ग्रामीण विकास का महत्त्वपूर्ण केन्द्र है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने अपनी स्थापना के बाद से शिक्षा, अनुसंधान और कृषि प्रसार कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

राज्यपाल शुक्रवार को रांची स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के 46वें स्थापना दिवस समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि कृषि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि किसानों की समस्याओं का समाधान, नवाचार को बढ़ावा देना और कृषि को अधिक लाभकारी बनाना भी है। उन्होंने कहा कि झारखंड अपनी समृद्ध प्राकृतिक सम्पदा, जैव विविधता और जनजातीय परम्पराओं के लिए जाना जाता है। राज्य की बड़ी आबादी आज भी कृषि और उससे जुड़े व्यवसायों पर निर्भर है। ऐसे में कृषि विश्वविद्यालयों की भूमिका और अधिक महत्त्वपूर्ण हो जाती है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### केन्द्र का विदेश से आयात होनेवालीं दवाओं के नियमों में बदलाव का प्रस्ताव

**नयी दिल्ली :** केन्द्र सरकार ने विदेश से आयात होने वाली दवाओं के नियमों में बदलाव का प्रस्ताव रखा है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने ड्रग्स रूल्स, 1945 में संशोधन का मसौदा अधिसूचित करते हुए इस पर आम जनता और सम्बन्धित पक्षों से सुझाव व आपत्तियां मांगी हैं। प्रस्तावित नियमों के अनुसार, अब अधिकांश दवाओं के देश में प्रवेश के समय कम से कम 12 महीने की शेल्फ लाइफ बची होना पर्याप्त होगा। अभी तक यह अनिवार्य है कि दवा की कुल शेल्फ लाइफ का 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सा शेष हो।

## मोहर्रम जुलूस के मद्देनजर रांची के सभी स्कूल आज रहेंगे बन्द




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची :** मोहर्रम पर्व के अवसर पर 27 जून (शनिवार) को रांची जिले के अधिकांश क्षेत्रों में ताजिया और अखाड़ा जुलूस निकाले जायेंगे। जुलूसों के दौरान विभिन्न प्रमुख मार्गों पर यातायात प्रभावित होने और स्कूली बच्चों की आवाजाही में सम्भावित असुविधा को देखते हुए जिला प्रशासन ने जिले के सभी विद्यालयों में एक दिन के अवकाश की घोषणा की है।

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर रांची जिले के सभी सरकारी, गैर-सरकारी, सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालय 27 जून, 2026 को बंद रहेंगे। जिला प्रशासन का कहना है कि यह निर्णय विद्यार्थियों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाये रखने के उद्देश्य से लिया गया है।

हालांकि, जिन विद्यालयों में पूर्व निर्धारित परीक्षाएं आयोजित होनी हैं, उन्हें आवश्यक स्थिति में परीक्षा आयोजित करने की अनुमति दी गयी है। इसके लिए संबंधित विद्यालयों को परीक्षा आयोजित करने से ● शेष पृष्ठ 11 पर

# देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन जींद से दिल्ली रवाना




- ट्रायल के दौरान हाइड्रोजन ट्रेन को हाई स्पीड पर जांचा गया

**एजेंसी**
**जींद :** हरियाणा के जींद रेलवे जंक्शन से हाइड्रोजन ट्रेन को शुक्रवार को हाई-स्पीड ट्रायल के लिए दो डीजल इंजनों के साथ दिल्ली रवाना किया गया। जींद से दिल्ली तक ट्रेन की गति 75 किलोमीटर प्रति घंटा रही। इसके बाद दिल्ली-सोनीपत रेलखंड पर विभिन्न चरणों में ट्रेन का परीक्षण किया गया।

इस दौरान दिल्ली से सोनीपत रूट पर ट्रेन का ट्रायल 85 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से किया गया। वहीं, सोनीपत से दिल्ली जाते समय भी ट्रेन की स्पीड 85 किलोमीटर प्रति घंटा थी। इसके बाद दिल्ली से सोनीपत जाते समय ट्रेन की स्पीड 100 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित रखी गयी। वहीं, सोनीपत से दिल्ली रूट पर 100 किलोमीटर प्रति घंटा की गति निर्धारित रखी गई। दिल्ली से सोनीपत आते समय अंतिम चक्कर 120 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड रखी गयी। इसके बाद ट्रेन सोनीपत से जींद वापस जींद आयेगी। हाई स्पीड ट्रायल की ● शेष पृष्ठ 11 पर

### रिश्वतखोरी के आरोप में बैंक प्रबंधक गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की भद्रौली शाखा बरहन के प्रबंधक को रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान प्रवीण यादव के रूप में हुई है। सीबीआई के अनुसार, इस मामले में 25 जून को एक निजी कम्पनी में कार्यरत एक कर्मचारी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार, बैंक प्रबंधक ने सौर पैनल से सम्बन्धित लगभग 19 ऋण फाइलों के प्रसंस्करण और स्वीकृति के लिए प्रति फाइल 7,000 रुपये की रिश्वत की मांग की थी।

## श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से महासचिव चम्पत राय व सदस्य अनिल मिश्रा का इस्तीफा



**एजेंसी**
**अयोध्या :** रामनगरी अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के दान में कथित चोरी के मामले की जांच के बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय और ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा ने शुक्रवार को अपने-अपने पद से इस्तीफा दे दिया। श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र ने दोनों के इस्तीफे की पुष्टि की है। जांच की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाये रखने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। जानकारी के अनुसार, चम्पत राय और अनिल मिश्रा ने अपने त्यागपत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास को सौंप दिये हैं। दोनों ने ऐसे समय में इस्तीफा दिया है, जब दान में कथित अनियमितताओं की जांच कर रही विशेष जांच दल (एसआईटी) की कार्रवाई तेज हो गयी है। एसआईटी की प्रारम्भिक जांच रिपोर्ट ● शेष पृष्ठ 11 पर

# सत्य, न्याय और साहस की राह दिखाती है कर्बला की कुर्बानी : मोदी

पीएम ने इमाम हुसैन की शहादत को किया नमन



**एजेंसी**
**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनका बलिदान आज भी करोड़ों लोगों को सत्य, न्याय और इंसाफ के मार्ग पर डटे रहने की प्रेरणा देता है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी अपने संदेश में इमाम हुसैन की कुर्बानी को साहस, दृढ़ संकल्प और अटूट विश्वास का प्रतीक बताया। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि हजरत इमाम हुसैन का बलिदान मानवता के लिए एक अमर प्रेरणा है। उन्होंने लिखा कि उनकी शहादत आज भी अनगिनत लोगों को सच्चाई और न्याय के लिए संघर्ष करने की शक्ति प्रदान करती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इमाम हुसैन की कुबार्नी साहस, संकल्प और अटूट आस्था की उस शक्ति की याद दिलाती है, जो अन्याय और अत्याचार के सामने कभी झुकती नहीं। उन्होंने कहा कि उनकी शिक्षाएं और बलिदान आनेवालीं पीढ़ियों को भी प्रेरित करते रहेंगे। हजरत इमाम हुसैन पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब के नवासे तथा हजरत अली और हजरत फातिमा के छोटे पुत्र थे। इस्लाम के इतिहास में उनका स्थान अत्यन्त सम्माननीय माना जाता है। वर्ष 680 ईस्वी (61 हिजरी) में इराक के कर्बला में उन्होंने सत्य, न्याय और इंसानियत की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया।

इमाम हुसैन ने तत्कालीन शासक यजीद की सत्ता को स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद कर्बला के मैदान में उन्होंने अपने परिवार और साथियों के साथ कठिन परिस्थितियों में संघर्ष किया और शहादत स्वीकार की, लेकिन अन्याय के सामने झुके नहीं।

कर्बला की घटना को आज भी अत्याचार और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष के सबसे बड़े प्रतीकों में माना जाता है। इमाम हुसैन की शहादत केवल मुस्लिम समुदाय के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए सत्य, न्याय और इंसानियत की रक्षा का संदेश देती है। उनकी कुबार्नी सदियों बाद भी दुनिया भर के लोगों को अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने, नैतिक मूल्यों की रक्षा करने और सच्चाई के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देती है।

वेनेजुएला भूकम्प : भारत ने बढ़ाया मदद का हाथ

## 'ऑपरेशन अमिस्ताद' के तहत राहत सामग्री लेकर रवाना हुए वायुसेना के दो विमान



**एजेंसी**
**नयी दिल्ली :** वेनेजुएला की राजधानी काराकास में हाल ही में आये विनाशकारी भूकम्प के बाद भारत ने संकट की इस घड़ी में मानवीय सहायता के लिए मदद का हाथ बढ़ाया है। भारतीय वायुसेना के दो विमान 'ऑपरेशन अमिस्ताद' के तहत शुक्रवार को आवश्यक राहत सामग्री और चिकित्सा उपकरण लेकर वेनेजुएला के लिए रवाना हो गये।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि इस मानवीय सहायता अभियान के तहत भारत की ओर से बड़े पैमाने पर चिकित्सा एवं आपदा प्रबंधन से सम्बन्धित उपकरण भेजे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि राहत सामग्री में एक फील्ड हॉस्पिटल यूनिट, 35 टन से अधिक राहत सामग्री तथा दो 'भीष्म क्यूब्स' शामिल हैं, जिनका उपयोग आपदा प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल चिकित्सा सहायता और राहत कार्यों के लिए किया जायेगा। डॉ. जयशंकर ने कहा कि भारत इस कठिन समय ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत लाभुकों के बीच बकरी, बकरा व चूजों का वितरण



**गोला (रामगढ़) :** ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने तथा पशुपालन के माध्यम से उनकी आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अंतर्गत गोला प्रखंड कार्यालय परिसर में लाभुकों के बीच बकरी, बकरा एवं चूजों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. सुधा वर्मा एवं अंचल अधिकारी सीताराम महतो ने लाभुकों को सामग्री वितरित करते हुए कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को स्वरोजगार से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने लाभुकों से पशुओं की समुचित देखभाल कर योजना का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अमित महतो, विधायक प्रतिनिधि सह बेटूल कला पंचायत के जाकिर अख्तर, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी, मनोज कोटवार, विधायक कार्यालय प्रभारी सह कांग्रेस मंडल अध्यक्ष गुलाम सरवर, यूथ कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कौसर रजा, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष लखेश्वर महतो सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं लाभुक उपस्थित थे।

### घर के आंगन से स्प्लेंडर बाइक की चोरी, थाने में शिकायत

**गोला (रामगढ़) :** गोला थाना क्षेत्र के कामता बरवाटांड़ निवासी काशी दांगी के घर से देर रात चोरों ने आंगन में खड़ी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन संख्या JH093-9970) चोरी कर ली। पीड़ित ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह रात में बाइक आंगन में खड़ी कर सो गए थे। सुबह उठने पर बाइक गायब मिली। काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं मिलने पर उन्होंने गोला थाना में लिखित शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले इस तरह घर के आंगन से वाहन चोरी की घटनाएं नहीं होती थीं, लेकिन अब चोरों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वे लोगों के घरों तक पहुंच रहे हैं। बताया जा रहा है कि इसी तरह रामगढ़ डीवीसी चौक स्थित एक किराना दुकान के बाहर खड़ी साइकिल भी चोरी हो गई थी, जिसका सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में बढ़ते अवैध कारोबार और चोरी-छिनतई की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण नहीं होने से अपराधियों के हौसले बढ़ रहे हैं। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने तथा चोरी की घटनाओं पर शीघ्र अंकुश लगाने की मांग की है।

### झामुमो नेता सुशील पाहन के निधन पर कांग्रेस ने जताया शोक

**खूंटी :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के खूंटी जिला सचिव और खूंटी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुशील पाहन के असामयिक निधन पर खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। कांग्रेस नेताओं ने उनके निधन को जिले की राजनीति और सामाजिक जीवन के लिए अपूरणीय क्षति बताया। खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सुशील पाहन जमीन से जुड़े जननेता थे। वे आदिवासी समाज के हक-अधिकारों के लिए हमेशा संघर्षरत रहे। उनके निधन से खूंटी की राजनीति और सामाजिक आंदोलनों को बड़ी क्षति पहुंची है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। वहीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि सुशील पाहन संवाद और जनसेवा में हमेशा अग्रणी रहे। उनका मिलनसार स्वभाव और संघर्षशील व्यक्तित्व युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत था। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी पूरी संवेदना के साथ उनके परिवार के साथ खड़ी है।

### बारलौंग में हुई सड़क दुर्घटना के बाद हरकत में आया जिला प्रशासन

# डीसी व एसपी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** गुरुवार को बारलौंग क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में 8 लोगों की हुई मृत्यु को गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को उपायुक्त ऋतुराज एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) रामगढ़-बोकारो की तकनीकी टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुर्घटना के कारणों का बारीकी से आकलन किया गया तथा भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक सुरक्षा उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई एवं इस संबंध में एनएचएआई को सख्त निर्देश दिए गए। इस दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सड़क सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा दुर्घटना संभावित स्थलों पर तत्काल प्रभाव से आवश्यक सुधारात्मक कार्य किए जाएं। निरीक्षण के दौरान एनएचएआई के तकनीकी टीम द्वारा घटनास्थल का विस्तृत अवलोकन किया गया एवं कई सुधारात्मक उपाय उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखें गए। इस संबंध में उपायुक्त द्वारा एनएचएआई को शॉर्ट टर्म मेजर्स के तहत किए जाने वाले सभी कार्यों को 24 घंटे के भीतर हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया गया। शॉर्ट टर्म मेजर्स के अंतर्गत दुर्घटना संभावित स्थल पर रम्बल स्ट्रिप का निर्माण, आवश्यक चेतावनी एवं दिशा सूचक साइन बोर्ड (साईनेज) लगाने तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था (स्ट्रीट लाइट) सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने से वाहन चालकों को समय रहते सड़क की स्थिति की जानकारी मिलेगी तथा दुर्घटनाओं की संभावना में कमी आएगी। वहीं लॉन्ग टर्म मेजर्स के अंतर्गत सड़क का आवश्यकतानुसार चौड़ीकरण, रिफ्लेक्टर की स्थापना, रोड गार्ड (क्रैश बैरियर) की ऊंचाई बढ़ाने सहित अन्य स्थायी सुरक्षा उपायों को दो सप्ताह के भीतर पूर्ण करने का निर्देश एनएचएआई को दिया गया। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से सभी कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा के सभी पदाधिकारियों एवं पुलिस विभाग को भी दुर्घटना संभावित स्थलों पर नियमित गश्ती, यातायात नियमों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराने तथा आमजन को दुर्घटना संभावित क्षेत्र के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। साथ ही उपायुक्त द्वारा जिला स्तरीय समिति बनाकर जिले के अन्य क्षेत्रों में स्थित सड़कों पर भी ब्लैक स्पॉट्स को चिन्हित करते हुए उनमे किए जाने वाले सुधारात्मक उपायों से संबंधित प्रतिवेदन तैयार कर 1 हफ्ते के अंदर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना एवं लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, जिसके लिए सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय के साथ कार्य किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, अंचल अधिकारी चितरपुर सहित अन्य उपस्थित थे।

## सीयूईटी-2026 में जेवीएम श्यामली के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** जवाहर विद्या मंदिर (जेवीएम) श्यामली के विद्यार्थियों ने सीयूईटी-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय की शैक्षणिक परंपरा को एक बार फिर गौरवान्वित किया है। विभिन्न विषयों में विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय अंक हासिल कर देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश की दिशा में मजबूत दावेदारी पेश की है। जेवीएम की ओर से शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि विद्यालय की छात्रा रिद्धि सिन्हा ने 948 अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया। इसके अलावा आदित्य सिन्हा ने 920, नंदिनी रॉय ने 877, प्रखर कुमार ने 813, सिद्धि सिन्हा ने 810, अभिनव कुमार मिश्रा ने 793, अक्षवर्धन सिंह ने 775, झलक लाल ने 772 और विशाखा ने 744 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बीएन झा ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सीयूईटी-2026 में छात्रों की उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है और उन्हें विश्वास है कि विद्यार्थी देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

## मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव से बचने के लिए छात्राओं को किया गया जागरूक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी :** अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरुपयोग और अवैध तस्करी निरोधक दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) ने शुक्रवार को मुरहू स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं, शिक्षकों और स्थानीय समुदाय को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव, अवैध तस्करी की रोकथाम और संबंधित कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक करना था। यह कार्यक्रम झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा), रांची के निर्देश और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार रसिकेश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधिक सहायता बचाव परामर्शी सहायक निखिल मेहता ने छात्राओं को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों की जानकारी दी। उन्होंने स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस एक्ट), 1985 के प्रमुख प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा पात्र लोगों को उपलब्ध कराई जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी भी दी। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने परिवार व समाज में भी नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाएं। साथ ही, नशा सेवन या मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़ी किसी भी गतिविधि की सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को देने की अपील की। कार्यक्रम में मुरहू प्रखंड के पारा विधिक स्वयंसेवकों (पीएलवी) ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई और जागरूकता अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## रामगढ़ सदर अस्पताल के ओटी का ब्लास्ट हुआ एसी, मरीजों में मची अफरा-तफरी

**रामगढ़ :** रामगढ़ सदर अस्पताल में शॉर्ट सर्किट की वजह से गुरुवार की देर रात आग लग गई। अगलगी की सूचना बाहर आते ही वहां मौजूद मरीजों और उनके परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। लोग अपने मरीजों को बचाने के लिए सदर अस्पताल परिसर से बाहर निकलने लगे। दरअसल सदर अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर में शॉर्ट सर्किट की वजह से एक एसी ब्लास्ट कर गया। साथ ही ऑपरेशन थिएटर में आग और धुआं देखकर अस्पताल परिसर में मौजूद लोग बेचैन हो उठे। आनन-फानन में अस्पताल के कर्मचारियों ने अग्निशमन दल को फोन किया और आग पर काबू पाने की कोशिश की। सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने शुक्रवार को बताया कि ऑपरेशन थिएटर में गर्मी की वजह से लगातार एसी चल रहा था।

### स्वच्छता पखवाड़ा के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन

## जूट बैग वितरण से दिया गया स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त भारत का संदेश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़) :** रजरप्पा क्षेत्र में चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा-2026 के अंतर्गत आज स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में डीएवी पब्लिक स्कूल, रजरप्पा परियोजना के छात्र-छात्राओं द्वारा महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में आकर्षक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। विद्यार्थियों ने अपने प्रभावशाली अभिनय के माध्यम से स्वच्छता अपनाने, सार्वजनिक स्थलों को साफ-सुथरा रखने तथा नागरिकों की सहभागिता के महत्व को रेखांकित किया। नुक्कड़ नाटक ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का प्रेरणादायी संदेश दिया। इस अवसर पर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित करने तथा पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जूट के थैलों का वितरण भी किया गया। स्टाफ अधिकारी (खनन) गौतम नाथ एवं स्टाफ अधिकारी (मानव संसाधन) रामानुज ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करने वाले छात्र-छात्राओं को जूट बैग प्रदान कर उन्हें पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। वहीं, सीएसआर विभाग के कर्मी रितिक द्वारा रजरप्पा क्षेत्र के सभी विभागाध्यक्षों को जूट बैग वितरित किए गए तथा दैनिक जीवन में सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर जूट के थैलों के नियमित उपयोग का आग्रह किया गया। सीएसआर अधिकारी आशीष झा ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों का उद्देश्य केवल स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में व्यवहारगत परिवर्तन लाना भी है। क्षेत्र प्रबंधन ने सभी कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों से स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त वातावरण के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की।

## नाग माता नीलम साध्वी का बेड़ो पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** नाग माता के नाम से प्रसिद्ध गढ़वा जिला के हुसरू गांव की नीलम साध्वी गुरुवार को बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मंदिर पहुंची। इस दौरान नीलम साध्वी ने ऐतिहासिक महादानी बाबा का विशेष पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इधर पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालुओं से बात करते हुए साध्वी ने कहा कि मानव जीवन हम अगर पैदा लिए हैं तो इसका उपयोग सही से करें। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन भोलेनाथ की पूजा अर्चना के साथ जलाभिषेक करना चाहिए। उन्होंने श्रद्धालुओं को पूजा पाठ से होने वाले कई मित्रों का भी श्रवण कराया। इधर नाग माता नीलम साध्वी का महादानी मंदिर पहुंचने पर महादानी सेवा सत्संग समिति के पदाधिकारियों ने साध्वी को फूल माला पहनकर स्वागत किया। मौके पर महादखनी सेवा सत्संग समिति के संरक्षक महावीर गोप, सचिन सह पुजारी मेघनाथ गिरी, बजरंग गोप, राजू सिंह, किशोर साहू समेत कई लोग मौजूद थे।

## एकल अभियान संच भुरकुंडा का आचार्य अभ्यास वर्ग सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** एकल अभियान दक्षिण झारखंड संभाग भाग रांची अंचल रामगढ़ संच भुरकुंडा का आचार्य अभ्यास वर्ग खोपड़िया बाबा धर्मशाला भुरकुंडा बाजार में संपन्न हुआ। जिसमे भुरकुंडा संच से संचालित सभी 23 विद्यालय के आचार्यों थे। इस वर्ग की अध्यक्षता भुरकुंडा संच सक्रिय समिति एवं बजरंग दल के जिला संयोजक किशोर कुमार राम और संचालन सच प्रमुख नागेश्वर महतो के द्वारा किया गया मुख्य रूप से वर्ग को गति देने के लिए रामगढ़ अंचल अभियान प्रमुख अजीत महतो, अंचल गतिविधि प्रमुख खिरेंद्र कुमार, अंचल ब्यास प्रदीप महतो उपस्थित हुए। किशोर कुमार ने अपने संबोधन में कहा की सुदूरवर्ती क्षेत्र में जो एकल विद्यालय चलाया जा रहा है, यह सराहनीय है। आदिवासी क्षेत्रों में, जहां शिक्षा का अभाव है वहां शिक्षा पहुंच सके यह अभियान बच्चों को शिक्षा देने के साथ-साथ संस्कारित और सशक्त बनाने पर केंद्रित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भुरकुंडा संच प्रमुख नागेश्वर महतो, आचार्या निशा कुमारी, प्रिया देवी, सीमा देवी, बिना कुमारी। ममता देवी, मालती देवी, सुनैना देवी, मंजू देवी, कविता देवी, ललिता देवी, नेहा कुमारी, आरती कुमारी, सुषमा देवी, सुरती देवी, ललिता देवी, प्रीति कुमारी, संगीता कुमारी, सरस्वती देवी, ललिता कुमारी, खुशबू कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## सिरका में विभिन्न योजनाओं को लेकर ग्राम सभा की बैठक सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** सिरका पंचायत भवन में ग्राम सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सिरका मुखिया रोशनलाल मुंडा ने किया, मुखिया ने कहा कि हर तरह की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना है। शुक्रवार को ग्राम सभा बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं पर चर्चा की गई। बताया गया कि जितने भी आवास स्वीकृत हुए हैं, वे नियमानुसार जरूरतमंद एवं पात्र लोगों को दिए जाएंगे। जिन लाभुकों का नाम सूची में शामिल है, उन्हें आवास योजना का लाभ अवश्य मिलेगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पंचायत के विकास कार्यों की समीक्षा एवं जनसमस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक माह ग्राम सभा की बैठक आयोजित की जाएगी। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र ग्रामीणों तक पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से पहुंचे। बैठक में उपमुखिया प्रदीप उरांव, पंचायत अध्यक्ष समीम खान, शहनाज खातून, जोगेश्वर महतो, दिनेश्वर महतो, पंचायत सहायक, सिरका के तीनों प्रधान सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### आनंद साईं दरबार का 16वां स्थापना दिवस समारोह भव्य भंडारे के साथ हुआ सम्पन्न

# श्रद्धा के साथ किया गया प्रसाद वितरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़) :** राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साईं दरबार का 16वां स्थापना दिवस समारोह शुक्रवार को भव्य भंडारे के साथ संपन्न हो गया। भंडारे मे जिले के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और साईं बाबा का आशीर्वाद लेने के उपरांत प्रसाद ग्रहण किया। आनंद साईं दरबार के 16वें स्थापना दिवस समारोह के तीसरे दिन भंडारे से पूर्व मंदिर परिसर में पूजन और आरती का आयोजन किया गया। जिसमें पुजारी राजेश कुमार पांडे की देखरेख में यजमान अनूप कुमार सिन्हा, रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू एवं अजीत जायसवाल ने विधि पूर्वक साई बाबा की पूजा अर्चना कर जिले के खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना की। आनंद साईं दरबार के 16वें स्थापना दिवस के तीसरे दिन आयोजित भंडारे का थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे, अरूण कुमार सिन्हा, रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू एवं बलजी ने विधिवत रूप से नारियल फोड़कर और फीता काटकर उद्घाटन किया।

## झामुमो नेता सुशील पाहन का निधन

**खूंटी :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) खूंटी के जिला सचिव तथा खूंटी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुशील पाहन का गुरुवार की देर रात निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। सुशील भारत मुंडा समाज झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष भी थे। सुशील पाहन लंबे समय से सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय रहे। उन्होंने नौकरी से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर खुद को पूरी तरह समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। वर्ष 2019 में उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा के टिकट पर खूंटी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव भी लड़ा था। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों से उनकी तबीयत ठीक नहीं चल रही थी, लेकिन गुरुवार की रात अचानक उनका निधन हो गया।

## किसानों को नैनो उर्वरकों का बताया गया महत्त्व




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** अनगड़ा प्रखंड के सारजमडीह गांव में इफको रांची की ओर से एक दिवसीय किसान सभा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इफको रांची से सोमेन पात्रा (सीनियर फील्ड रिप्रेजेंटिव) सुशील कुमार (जूनियर फील्ड रिप्रेजेंटिव) प्रवल सिंहा (एजीटी) एवं कुलदीप कुमार (एमडीई) सहित कुल 75 किसानों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सभा के दौरान नैनो उर्वरकों के महत्व पर विशेष रूप से चर्चा की गई। सुशील कुमार ने किसानों को आधुनिक नैनो उर्वरकों जैसे नैनो यूरिया, नैनो डीएपी एवं नैनो जिंक के उपयोग, लाभ एवं सही प्रयोग विधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आगामी खरीफ मौसम, विशेषकर धान की खेती में इनके उपयोग पर जोर देते हुए निम्नलिखित महत्वपूर्ण बिंदुओं को साझा किया: धान बीज उपचार - बोआई से पूर्व बीजों को नैनो डीएपी से उपचारित करने की विधि बताई गई। जड़ उपचार- रोपाई के समय पौधों की जड़ों को नैनो डीएपी घोल में उपचारित करने के लाभ समझाए गए। नैनो उर्वरको का छिड़काव- चौड़ी पत्ती वाली फसलों में बेहतर उत्पादन पर ध्यान दें।

# गोला प्रखंड क्षेत्र में यादे हुसैन को लेकर मनाया गया मुहर्रम का पर्व, इस्लामी नारों से गूंज उठा क्षेत्र



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** गोला प्रखंड क्षेत्र के सोसो कलां, मगनपुर, बेटूल कलां, चाड़ी, हुप्पु, बरियातू, साड़म, कुसुमडीह, मुरपा, बंदा, कुजू कलां इत्यादि मुस्लिम बहुल इलाकों में मुहर्रम का त्यौहार यादगारे हुसैन के साथ मनाया गया। इस दौरान पूरा क्षेत्र इस्लामी नारों से गूंजता रहा। निर्धारित कार्यक्रम के तहत मुहर्रम कमिटी के द्वारा ईमाम बाड़ा से फातिया ख्वानी के बाद निर्धारित मार्ग से होते हुए ताज़िए के साथ जुलूस को निकाला गया। जुलूस में बच्चे, बूढ़े, जवान मर्द और औरतें शामिल थे। सभी नौजवान लड़कों के हाथों में पारंपरिक हथियार लाठी, डंडा, तलवार, भाला लिए हुए नारे तकबीर अल्लाहु अकबर, या हसैन या हुसैन आदि कई नारे लगाए गए। अखाड़ों में खिलाड़ियों ने एक से बढ़कर एक सलामी पेश करते हुए शानदार खेल का प्रदर्शन किया। इस तरह क्षेत्र में धार्मिक आस्था और परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिला। इसकी शुरूआत इमामबाड़ा से होकर स्थाई अखाड़े तक पहुंची जहां देर रात तक खिलाड़ी जमे रहे। पैकर भी इमामबाड़ा के चक्कर लगाए रहे। कई जगहों पर अच्छे खेल दिखाने पर पुरस्कार का भी वितरण किया गया। सोसो कलां में सड़कों में आने जाने वाहनों के देख रेख के लिए प्रशासन के द्वारा स्थानीय टोलकर्मियों को बोलेंटियर के रूप में रखा गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाई।वहीं प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा और सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया। मौके पर बीडीओ डॉ. सुधा वर्मा, अंचल निरीक्षक, इंस्पेक्टर पंकज कुमार, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, एएसआई एवं पुलिस बल के जवान के साथ कमिटी के सदर गुलाम सरवर, सोसो कलां मुहर्रम कमिटी के लाइसेंस धारी यहिया जफर, तनवीर आलम, मुखिया लईक आलम आवेश अंसारी, सनोवर अंसारी, महफूज आलम, सगीर अहमद, उल्फत हुसैन, मगनपुर से नुरुल्लाह अंसारी, अकबर अंसारी, आफताब अंसारी, जाकिर अख्तर, सईद अंसारी, सज्जाद अंसारी, अहमद रजा, कौनेन अंसारी, मिकाइल अंसारी, अनिल कुमार सिंह, विजय महतो, राजकुमार दास सहित हजारों के संख्या में लोग शामिल थे।

## भुरकुंडा में आउटसोर्सिंग कम्पनी का चक्का जाम करेगा झारखंडी बेरोजगार संघर्ष मोर्चा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** झारखंडी बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की बैठक शुक्रवार को संजीत राम की अध्यक्षता और राजेंद्र करमाली के संचालन में हुई। जिसमें रोजी-रोजगार के मुद्दे पर आगामी 10 जुलाई को खनन कार्य में लगी बीएलए आउटसोर्सिंग कंपनी का चक्का जाम करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान मोर्चा के लोगों ने सीसीएल भुरकुंडा प्रबंधन और आउटसोर्सिंग कंपनी के खिलाफ जम कर नारेबाजी की। मोर्चा की ओर से किशुन नायक ने कहा कि प्रबंधन स्थानीय लोगों के रोजी-रोजगार पर गंभीर नहीं है। आउटसोर्सिंग कंपनी का काम जारी है और स्थानीय बेरोजगारों के लिए प्रबंधन अबतक निर्णय नहीं ले पा रही है। कहा कि प्रबंधन जल्द से जल्द क्षेत्र के बेरोजगार को आउटसोर्सिंग कंपनी में रोजगार मुहैया नहीं कराती है तो 10 जुलाई से कंपनी का काम काज और ओबी की ट्रांसपोर्टिंग ठप करा दिया जाएगा। बैठक में सुरेश रजवार, मनोज करमाली, गुड्डू कुमार, विक्रम कुमार, प्रकाश दास, जितेंद्र वर्मा, कुणाल कुमार, शंकर करमाली सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक झलक

### केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे लेह



रांची : केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के साथ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ दो दिवसीय दौरे पर लेह पहुंचे। यहां कुशोक बकुला रिमपोछे हवाई अड्डे पर भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। इस दो दिवसीय दौरे में विकसित भारत–वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अंतर्गत फोबरांग का भ्रमण करेंगे 14,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित यह भारत की आखिरी नागरिक गांव है। यहां के स्थानीय नागरिकों से संवाद करेंगे, साथ ही भारतीय सेना के जवानों से मुलाकात कर सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों की समीक्षा करेंगे।

### रिम्स निदेशक को प्रताड़ित कर इस्तीफा देने पर मजबूर किया गया : भाजपा

रांची : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने आरोप लगाया है कि राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के निदेशक डॉ. राजकुमार स्वास्थ्य विभाग में कथित अवैध वसूली की व्यवस्था के सबसे बड़े अवरोध बन गए थे। इसी कारण उन्हें लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया और अंततः इस्तीफा देने के लिए विवश होना पड़ा। महतो ने शुक्रवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में आरोप लगाया कि दलित अधिकारियों का शोषण और उत्पीड़न करना कांग्रेस की पुरानी कार्यशैली रही है। उन्होंने कहा कि डॉ. राजकुमार की नियुक्ति के बाद से ही स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के इशारे पर उन्हें विभिन्न प्रकार की प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ा। यहां तक कि उन्हें पद से हटाने का आदेश भी जारी किया गया, लेकिन उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद वे अपने पद पर बने रहे। महतो का दावा है कि न्यायालय का यह निर्णय स्वास्थ्य मंत्री को स्वीकार नहीं था। भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य मंत्री ने विभाग को कथित रूप से अवैध उगाही का केंद्र बना दिया है। उनके अनुसार विभाग में मनचाहे अधिकारियों की नियुक्ति कर उनसे वसूली कराई जा रही है, जबकि ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ और विशेष रूप से दलित अधिकारियों को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है।

### सीसीएल में श्रम संहिताओं पर प्रशिक्षण शुरू

रांची : सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के मानव संसाधन विकास विभाग की ओर से चार नई श्रम संहिताओं और उनके तहत बनाए गए नियमों पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को एमटीसी, एचआरडी में शुभारंभ हुआ। 26 और 27 जून 2026 तक आयोजित कार्यक्रम में सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों एवं मुख्यालय से 105 प्रतिभागी शामिल हुए। भारत सरकार के पूर्व मुख्य श्रम आयुक्त डॉ ओंकार शर्मा ने विशेषज्ञ संकाय के रूप में प्रशिक्षण सत्र का संचालन किया। मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार ने कहा कि भारत सरकार की ओर से लागू नई श्रम संहिताओं के प्रभावी अनुपालन के लिए सभी संबंधित पक्षों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

वहीं निदेशक (तकनीकी–संचालन) चंद्रशेखर तिवारी ने बदलते औद्योगिक परिवेश में ज्ञानवर्धन और अद्यतन जानकारी की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ ओंकार शर्मा ने श्रम संहिताओं के विभिन्न प्रावधानों, अनुपालन संबंधी आवश्यकताओं और व्यावहारिक क्रियान्वयन पर विस्तृत जानकारी दी। सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए प्रश्न और सुझाव साझा किए। सीसीएल प्रबंधन के अनुसार यह पहल श्रम कानूनों की बेहतर समझ विकसित करने, अनुपालन व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं औद्योगिक संबंधों को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में सीसीएल के निदेशक (तकनीकी–संचालन) चंद्रशेखर तिवारी, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार, महाप्रबंधक (एचआरडी) एमएफ हक सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### झारखंड उच्च न्यायालय ने की नगर निगम में असिस्टेंट लॉ ऑफिसर के पद पर प्रमोशन की मांग वाली अपील खारिज

# समावेशन के बिना पदोन्नति का दावा स्वीकार्य नहीं

फ्रीडम फाइटर संवाददाता




रांची : झारखंड उच्च न्यायालय ने रांची नगर निगम में असिस्टेंट लॉ ऑफिसर पद पर पदोन्नति की मांग से जुड़ी एक महत्त्वपूर्ण अपील को खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि केवल लीगल सेक्शन में लंबे समय तक कार्य करने से कोई कर्मचारी लीगल कैडर का सदस्य नहीं माना जा सकता। अदालत ने कहा कि लीगल कैडर में नियमों के अनुरूप नियुक्ति या समावेशन के बिना पदोन्नति का दावा स्वीकार्य नहीं है। मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने अरुण कुमार की ओर से दायर लेटर्स पेटेंट अपील (एलपीए) को खारिज करते हुए एकल पीठ के पूर्व आदेश को बरकरार रखा। खंडपीठ ने अपने फैसले में कहा कि असिस्टेंट लॉ ऑफिसर का पद लीगल असिस्टेंट का प्रोन्नति पद है। ऐसे में केवल वही कर्मचारी इस पद पर पदोन्नति के पात्र हो सकते हैं, जिनकी नियुक्ति या समावेशन विधिवत लीगल असिस्टेंट के रूप में हुआ हो। अदालत ने कहा कि अपीलकर्ता मूल रूप से सामान्य प्रशासनिक कैडर में नियुक्त थे, इसलिए उन्हें सीधे असिस्टेंट लॉ ऑफिसर के पद पर पदोन्नत करना सेवा नियमों के विपरीत होगा। अदालत ने यह भी कहा कि यदि अपीलकर्ता को लीगल असिस्टेंट मान लिया जाता है, तो उन अभ्यर्थियों के अधिकार प्रभावित होंगे, जिनके लिए सेवा नियमों में लीगल असिस्टेंट का पद प्रत्यक्ष भर्ती के माध्यम से भरे जाने का प्रावधान है। सुनवाई के दौरान अपीलकर्ता की ओर से तर्क दिया गया कि वह वर्षों से नगर निगम के लीगल सेक्शन में कार्यरत हैं। नगर निगम ने भी विभिन्न पत्रों में उन्हें लीगल असिस्टेंट बताते हुए उनकी पदोन्नति का प्रस्ताव सरकार को भेजा था। इसलिए उन्हें लीगल असिस्टेंट मानते हुए असिस्टेंट लॉ ऑफिसर पद पर पदोन्नति दी जानी चाहिए। वहीं, रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता वंदना सिंह ने अदालत में पक्ष रखते हुए कहा कि अपीलकर्ता की मूल नियुक्ति सामान्य प्रशासनिक कैडर में हुई थी और उन्होंने लीगल कैडर में नियमानुसार प्रवेश प्राप्त नहीं किया है।

## दिव्यांग अभ्यर्थी सदानंद कुमार की नियुक्ति की अनुशंसा 12 सप्ताह में करे जेपीएससी : हाई कोर्ट

रांची : झारखंड उच्च न्यायालय ने सातवीं संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा (2021) में दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित पदों को भरने में अनियमितता के मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) को याचिकाकर्ता सदानंद कुमार की नियुक्ति के लिए 12 सप्ताह के भीतर आवश्यक अनुशंसा करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति दीपक रोशन की अदालत ने सदानंद कुमार एवं अन्य दो अभ्यर्थियों की ओर से दायर रिट याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए यह आदेश पारित किया। मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकताओं की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने अदालत को बताया कि सातवीं संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा (2021) में कुल 252 पदों में से सात पद दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए क्षैतिज रूप से आरक्षित थे। इसके बावजूद जेपीएससी ने केवल चार दिव्यांग अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार के लिए बुलाया, जिनमें से तीन का चयन किया गया। शेष चार आरक्षित पदों को अन्य श्रेणी के अभ्यर्थियों से भर दिया गया, जबकि यह दिव्यांग आरक्षण संबंधी कानूनी प्रावधानों के विपरीत था। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को यह भी बताया गया कि राइट्स ऑफ पर्सन्स विद डिसएबिलिटीज एक्ट, 2016 की धारा 33 एवं 36 के अनुसार यदि किसी दिव्यांग उप-श्रेणी में उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होते हैं, तो पहले अन्य दिव्यांग उप-श्रेणियों के बीच पदों का इंटरचेंज किया जाना अनिवार्य है। यदि इसके बाद भी पद रिक्त रह जाते हैं, तो उन्हें अगले भर्ती चक्र के लिए कैरी फॉरवर्ड किया जाना चाहिए।

## महेश नवमी महोत्सव की प्रतियोगिताओं में विजेताओं के नाम हुए घोषित



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : महेश नवमी महोत्सव के पावन अवसर पर श्री माहेश्वरी सभा द्वारा माहेश्वरी परिवार के लिए आयोजित होने वाले कार्यक्रम के विजेताओं के नाम इस प्रकार-फॅमिली हंगामा नाईट मे 08 परिवार ने हसीं मजाक रोमांचक के साथ खेला कार्यक्रम सयोजक ममता डागा, विनीता बिहानी, कविता मंत्री, पूनम राठी, अंकित काबरा, साकेत बिहानी एवं हार्दिक बिहानी ने 1st एक्सपर्ट कंकानी, 2nd साबू सितारे 3rd साबू सेना का नाम घोषित किया। स्थानीय श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर हॉल में फनताक्षरी (अंताक्षरी) प्रतियोगिता का भव्य आयोजन मे समाज की कुल 20 टीमों ने अत्यंत उत्साह और ऊर्जा के साथ हिस्सा लिया। संयोजक मंडल की सदस्य - खुशबू साबू, रेखा महेश्वरी और श्री श्याम बिहानी एवं मुख्य निर्णायक अनिल साबू एवं गोकुल मोहता ने विजेता टीम के नाम घोषित किया

प्रथम विजेता टीमः नीरज-विनिता चितलांगिया

द्वितीय विजेता टीमः पूजा सारदा-पूजा सारदा

तृतीय विजेता टीम : मनीषा बियानी-निकिता सारदा

स्कूटोथन के सयोजक सौरभ साबू एवं प्रतीक साबू ने बताया 50 प्रतिभागी भाग लिए

प्रथम स्कूटी no. 21 उज्जवल साबू & पुलकित मोहता

द्वितीय-स्कूटी no 13 प्रथम शारडा & यश बाहेती

तृतीय स्कूटी no 18 सिद्धार्थ साबू & आकांशा साबू हुए।

सयोजक अंकुर डागा एवं सुरेश सारडा ने बताया सभी विजेताओं का सम्मान और आभार महोत्सव के अंतिम दिन रविवार 28 जून को सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात स्मृति चिन्ह और पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा।

## ईएसआईसी अस्पताल में नशामुक्ति समाज निर्माण करने का लिया संकल्प

रांची : अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग और अवैध तस्करी विरोधी दिवस के अवसर पर ईएसआईसी मॉडल हॉस्पिटल, रांची में शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आमजनों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किए जाने और नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करने के उद्धेश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में झारखंड में नशे के खिलाफ व्यापक मुहिम चलाने का निर्णय लिया गया। नशामुक्त समाज के निर्माण और जनजागरूकता फैलाने का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर एफएमटी विभाग के डॉ अभिषेक कुमार ने कहा कि मादक द्रव्यों का सेवन व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं,

## जुलाई के पहले सप्ताह में फिर सक्रिय होगा मॉनसून, येलो अलर्ट जारी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



रांची : दक्षिणी-पश्चिमी मॉनसून जुलाई के पहले सप्ताह में झारखंड में दोबारा सक्रिय होने की संभावना है। इसके प्रभाव से रांची समेत राज्य के कई जिलों में अच्छी बारिश हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शुक्रवार को बताया कि दो से तीन जुलाई के बीच मॉनसून के सक्रिय होने के संकेत हैं। इसे देखते हुए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पूरे देश में अल नीनो के प्रभाव के कारण मॉनसून अपेक्षाकृत कमजोर रहने की संभावना है। हालांकि झारखंड में जुलाई के पहले सप्ताह में मौसम की गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद है। मॉनसून की स्थिति और आगे के पूर्वानुमान को लेकर मौसम विभाग अगले सप्ताह विस्तृत जानकारी साझा करेगा। अभिषेक आनंद ने कहा कि झारखंड में सामान्यतः सबसे अधिक वर्षा जुलाई और अगस्त के दौरान होती है। राज्य की कृषि और जल संसाधन काफी हद तक इन दो महीनों की बारिश पर निर्भर करते हैं। ऐसे में यदि इस अवधि में सामान्य से कम वर्षा होती है तो इसका असर खेती, जलस्तर और दैनिक जीवन पर पड़ सकता है। इसलिए विभाग लगातार मौसम की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है। इस बीच, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक 27.8 मिलीमीटर बारिश पाकुड़ जिले के पाकुड़िया में दर्ज की गई। वहीं अधिकतम तापमान डाल्टनगंज में 40.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान लातेहार में 23.3 डिग्री सेल्सियस रहा। शुक्रवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहने के कारण गर्मी और उमस ने लोगों को परेशान किया। दोपहर बाद शहर के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हुई, जिससे तापमान में मामूली गिरावट आई और लोगों को गर्मी से राहत मिली।

## इंटरनेशनल मार्शल कराटे खिलाड़ियों ने जीते पांच स्वर्ण सहित आठ पदक




फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल, डोरंडा में आयोजित सीआईएससीई जोनल कराटे चैंपियनशिप में इंटरनेशनल मार्शल आर्ट (आईएमए) एकेडमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य सहित कुल आठ पदक अपने नाम किए। स्कूल की ओर से शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि लोरेटो कॉन्वेंट स्कूल का प्रतिनिधित्व करते हुए मारिया लवलीन खेस, बृष्टि मोनिका केरकेट्टा और शाइनी शिमोना टोप्पो ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि सुनिधि एक्का ने रजत पदक हासिल किया। वहीं बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल, नामकुम की खिलाड़ी मिस्टी कुमारी ने अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। बिशप स्कूल, बहुबाजार के प्रीत सोनी ने स्वर्ण पदक और हुजैफा ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके अलावा बिशप वेस्टकॉट बॉयज स्कूल, नामकुम के आदित राज ने रजत पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष अनिल किस्पोट्टा ने कहा कि खिलाड़ियों को आगामी क्षेत्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए और बेहतर प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे पटना में आयोजित रीजनल प्रतियोगिता में भी बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

## फेस्टिवल की स्मारिका 'चित्रपटल' का हुआ लोकार्पण



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : रांची स्थित सरला बिरला यूनिवर्सिटी (SBU) में चित्रपट झारखंड के तत्वावधान में आयोजित झारखंड फिल्म फेस्टिवल 2026 का शुक्रवार को भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) गोपाल पाठक, डायरेक्टर जनरल, तथा विशिष्ट अतिथि एवं कुलपति प्रो. (डॉ.) जेगनाथन चोकलींगम ने अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर फेस्टिवल की स्मारिका 'चित्रपटल' का भी लोकार्पण किया गया। फेस्टिवल के लिए देशभर से 84 फिल्मों की प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं, जिनमें से 67 फिल्मों का चयन स्क्रीनिंग के लिए किया गया है। तीन दिवसीय इस महोत्सव में चयनित फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें झारखंड की संस्कृति, प्रकृति और स्थानीय प्रतिभाओं की झलक देखने को मिलेगी। मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) गोपाल पाठक ने कहा कि भारतीय सिनेमा ने दादा साहब फाल्के के दौर से लेकर आज के एआई युग तक लंबी यात्रा तय की है। उन्होंने कहा कि झारखंड प्राकृतिक सौंदर्य और प्रतिभा से समृद्ध राज्य है तथा यहां फिल्म निर्माण की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने चुटुपालू घाटी, जोन्हा फॉल, दशम फॉल और पत्रातु डैम जैसे स्थलों को उत्कृष्ट फिल्म शूटिंग लोकेशन बताते हुए कहा कि इन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की आवश्यकता है। उन्होंने सरला बिरला यूनिवर्सिटी में फिल्म मेकिंग सेंटर स्थापित करने का प्रस्ताव रखते हुए कहा कि इससे युवाओं को व्यवस्थित प्रशिक्षण मिलेगा और झारखंड का उभरता फिल्म उद्योग ₹जॉलीवुड₹ नई पहचान बनाएगा। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रबंधन की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया।

## गुरु पूर्णिमा महोत्सव व पूज्य सदानंद महाराज के रांची आगमन की तैयारियों को लेकर ट्रस्ट की बैठक 28 जून को



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार, 28 जून को पूर्वाह्न 11:30 बजे से पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम परिसर में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के वरिष्ठ पदाधिकारियों के सानिध्य में होगी, जिसमें ट्रस्ट के सभी पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण उपस्थित रहेंगे।बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी गुरु पूर्णिमा महोत्सव के भव्य एवं सफल आयोजन की तैयारियों पर विस्तृत विचार-विमर्श करना है। इसके साथ ही 19 जुलाई को पूज्य गुरुजी डॉ. संत शिरोमणि स्वामी सदानंद जी महाराज के रांची आगमन के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाएगी।बैठक में ट्रस्ट के आगामी धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक एवं सेवा कार्यों की भावी योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा होगी। साथ ही सेवा धाम द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनाने के संबंध में भी सुझाव लिए जाएंगे, ताकि समाज एवं मानव सेवा के कार्यों को नई गति प्रदान की जा सके।श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों एवं कार्यकताओं से समय पर उपस्थित होकर अपने बहुमूल्य सुझाव देने तथा आगामी आयोजनों को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाने का आग्रह किया है।

## एक्सआईएसएस और आईईएम कोलकाता ने किया सस्टेनेबल मार्केटिंग डिलीवरिंग वैल्यू पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस), रांची ने इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (आईईएम), कोलकाता के साथ मिलकर शुक्रवार को 'सस्टेनेबल मार्केटिंग डिलीवरिंग वैल्यू (एसएमडीवी 2026)' पर तीन-दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया। इस कॉन्फ्रेंस का विषय 'सस-टेक इनोवेशन और सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स (एसडीजी) के जरिए क्लाइमेट एक्शन से मार्केट इम्पैक्ट तक' था। कॉन्फ्रेंस का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। इसमें भारत और विदेशों से जाने-माने शिक्षाविद, शोधकर्ता, इंडस्ट्री एक्सपर्ट, नीति-निमार्ता और छात्र हाइब्रिड मोड में शामिल हुए, जो तीन दिनों तक सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी, ज़िम्मेदार मार्केटिंग और एसडीजी गोल पर चर्चा करेंगे। सभा को संबोधित करते हुए, एक्सआईएसएस के निदेशक और जनरल चेयर, डॉ जोसफ मारियानुस कुजुर एसजे ने कहा, ₹जलवायु परिवर्तन अब कोई दूर की चिंता नहीं बल्कि एक हकीकत है, जिससे व्यवसायों, संस्थानों और समाज के लिए सस्टेनेबिलिटी जरूरी हो गई है। चुनौती यह है कि इनोवेशन, ज़िम्मेदार लीडरशिप और सस्टेनेबल मार्केटिंग के जरिए क्लाइमेट एक्शन को सार्थक मार्केट इम्पैक्ट में बदला जाए। ग्रीन मार्केटिंग का मतलब सिर्फ.एक 'ग्रीन' इमेज बनाना नहीं, बल्कि एक 'ग्रीन' हकीकत बनाना है। दुनिया को सिर्फ. सस्टेनेबिलिटी पर चर्चा की जरूरत नहीं है, बल्कि रिसर्च, नैतिकता और सबकी भलाई के लिए साझा प्रतिबद्धता से प्रेरित सार्थक कार्रवाई की जरूरत है।

## भाजपा झूठ, अफवाह और चरित्र हनन की राजनीति बंद करे : कांग्रेस

रांची : भारतीय जनता पार्टी द्वारा रिम्स के निदेशक डॉ. राजकुमार के इस्तीफे को लेकर लगाए गए आरोप पूरी तरह निराधार, मनगढ़ंत और राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित हैं। भाजपा के पास जनता के मुद्दों पर बोलने के लिए कुछ नहीं बचा है, इसलिए वह हर प्रशासनिक विषय को राजनीतिक रंग देकर भ्रम फैलाने का असफल प्रयास कर रही है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि भाजपा पहले यह स्पष्ट करें कि उनके गंभीर आरोपों का आधार क्या है? यदि उनके पास किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार, अवैध वसूली या उत्पीड़न के प्रमाण हैं तो उन्हें सार्वजनिक करें या सक्षम जांच एजेंसी को सौंपें। केवल प्रेस कॉन्फ्रेंस कर झूठे आरोप लगाना भाजपा की पुरानी आदत बन चुकी है। कांग्रेस ने कहा कि दलित हितों की बात करने वाली भाजपा को पहले अपने शासनकाल का इतिहास देखना चाहिए। दलित, आदिवासी, पिछड़े और कमजोर वर्गों के अधिकारों पर सबसे अधिक चोट भाजपा सरकारों के दौरान हुई है। आज राजनीतिक लाभ के लिए दलित अधिकारियों का नाम लेकर मगरमच्छ के आंसू बहाना भाजपा का दोहरा चरित्र उजागर करता है।

## गुरु के समागम के बिना देव शास्त्र की बातें समझ ही नहीं आती : श्री सुयश सागर महाराज

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



रांची : दिगम्बर जैन संत आचार्य 108 श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य परमपूज्य 108 श्री सुयश सागर जी महाराज का ओडिशा प्रांत से तिलैया विहार के क्रम में झारखंड की राजधानी रांची आगमन हुआ। प्रातः 6 बजे बिरसा चौक से हरमू रोड, किशोरगंज और भुइयां टोली होते हुए विहार कर वे लगभग 8:30 बजे अपर बाजार जैन मंदिर पहुँचे। मार्ग में अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पाद प्रक्षालन, आरती और पुष्पवर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। मंदिर पहुँचने के बाद आयोजित धर्मसभा में मुनिश्री ने प्रवचन देते हुए कहा कि राँची के श्रद्धालुओं का उत्साह पहले की अपेक्षा और अधिक बढ़ा है। उन्होंने कहा कि निस्वार्थ भाव से साधु सेवा और वैयावृत्ति करने वाले भक्तों के पुण्य से ही संतों का चातुर्मास जैसे दुर्लभ अवसर प्राप्त होते हैं। उन्होंने इसे राँचीवासियों का सौभाग्य बताते हुए कहा कि आगामी चातुर्मास रांची में जन्मे मुनि श्री 108 ज्ञेय सागर जी महाराज का यहीं होना विशेष पुण्य का परिणाम है। मुनिश्री ने कहा कि देव, शास्त्र और गुरु का समागम जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य है तथा गुरु के बिना धर्म का वास्तविक ज्ञान संभव नहीं है। उन्होंने पद्मपुराण के प्रसंगों के माध्यम से भी श्रद्धालुओं को प्रेरक संदेश दिए। कार्यक्रम का संचालन मंत्री जितेन्द्र छाबड़ा ने किया। सभा में पूर्व अध्यक्ष पूरणमल सेठी, छीतरमल गंगवाल, नरेन्द्र पांड्या, संजय छाबड़ा, पदम गोधा, कैलाश बड़जात्या, स्मिता पांड्या सहित अनेक गणमान्यजनों और खूँटी व झुमरीतिलैया से आए श्रद्धालुओं ने श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### डालसा ने मनाया अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध और अवैध तस्करी विरोधी दिवस

# एकजुट होकर करें नशे पर प्रहार : डालसा




फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा, सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश तथा माननीय सदस्य सचिव, झालसा कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा, रांची, अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में डालसा रांची ने रिनपास, सी.आईपी., प्रोबेशन होम, शेल्टर होम समेत बिरसा मुण्डा केंद्रीय कारा तथा किशोर न्याय बोर्ड डुमरदगा समेत अपने सभी लिगल-ऐड-क्लिनिक में अंतराष्ट्रीय नशा निषेध और अवैध तस्करी विरोधी दिवस पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। रिनपास रांची एवं सीआईपी रांची में आयोजित विधिक जागरूकता कार्यक्रम में डिप्टी एलएडीसी राजेष कुमार सिन्हा, डॉ. रूपा घोष, डॉ. सजल-ए-नाग, पीएलवी भारती देवी, शारदा देवी, चालक राजा वर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि आज 26 जून को विश्व स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस डालसा, रांची के द्वारा मनाया जा रहा है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्प्रभावों और अवैध ड्रग्स व्यापार से होने वाले खतरों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने ने नशा से संबंधित कानुनों एवं नशीली दवाओं के दुष्प्रभव के बारे में भी जानकारी दी।

## जागरूकता के माध्यम से एक युद्ध नशे के विरुद्ध : डालसा



रांची : झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा, सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश तथा सदस्य सचिव, झालसा कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा, रांची, अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में डालसा रांची ने रांची रेवले स्टेषन एवं प्रेमाश्रय रांची में 90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत अंतराष्ट्रीय नषा निषेध और अवैध तस्करी विरोधी दिवस पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर डिप्टी एलएडीसी कविता कुमारी खाती, लाईफ सेवर्स एनजीओ के प्रमुख अतुल गेरा, सीआईडी के पिलेन्द्र कुमार, पीएलवी संगीता सिंह, संगीता देवी, रजनी देवी, निशांत निश्चल, प्रदीप नाग समेत अन्य लोग उपस्थित थे। डिप्टी एलएडीसी कविता कुमारी खती ने यात्रियों व उपस्थित लोगों को नशा के दुष्परिणाम तथा बचाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही बचाव है। युवाओं को नशे से बचाना ही विधिक जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य है।

## श्याम प्रभु को खीर चूरमा का किया गया भोग अर्पित



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : श्री श्याम मण्डल, रांची द्वारा अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में खाटू नरेश श्याम बाबा को चांदन द्वादशी के पावन अवसर पर संध्या 6:30 बजे से रात्रि 9 बजे तक श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमा का भोग अर्पित किया गया। आज के भोग के मुख्य यजमान खुशबू-संजय गोयल ने श्याम बाबा को खीर चूरमा का भोग अर्पित किए। सर्व प्रथम मण्डल के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बागला, मंत्री धीरज बंका एवं गोयल परिवार द्वारा गणेश पूजन कर मन्दिर में विराजे वीर बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी पूजन कर विभिन्न प्रकार के फल एवं मिष्ठान अर्पित कर श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमे का भोग अर्पित किया। इस अवसर पर पूरा मन्दिर परिसर हारे के सहारे की जय-लखदातार की जय जयकारों के गूंज उठा। द्वाशी के दिन श्री श्याम प्रभु का प्रिय भोग खीर चूरमा को लेने भक्तगण कतारबद्ध होकर प्राप्त कर रहे थे साथ ही श्री श्याम मण्डल के कार्यकर्ता आए हुए भक्तजनों को शुद्ध पिय जल का वितरण कर रहे थे तथा उनके चरण पादुका को रखने की उत्तम व्यवस्था बना हुआ था। आज के खीर चूरमा का भोग श्री श्याम मन्दिर में ही निर्मित किया गया तथा 550 से ज्यादा भक्तजनों प्रसाद प्राप्त किया। आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विकाश पाड़िया, प्रदीप अग्रवाल, अभिषेक डालमिया, अजय साबू, प्रमोद बगड़िया, महेश सारस्वत, अमित जलान, प्रियांश पोद्दार, ज्योति पोद्दार का सहयोग रहा।

## एक झलक

### अवैध बालू परिवहन पर पुलिस की कार्रवाई, ट्रैक्टर जब्त, प्राथमिकी दर्ज

**चौपारण :** अवैध बालू परिवहन के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत चौपारण पुलिस ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के मालिकाना पुल के समीप अवैध रूप से बालू ले जा रहे एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध बालू कारोबारियों में हड़कंप मच गया। इस संबंध में चौपारण थाना में कांड संख्या 161/26 दिनांक 25 जून 2026 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा ट्रैक्टर के मालिक और अवैध बालू परिवहन में शामिल अन्य लोगों की पहचान कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।
पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध खनन एवं बालू के अवैध परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी।

### धान विक्रय केन्द्र का उद्घाटन

**ईचाक :** प्रखंड के अंतर्गत बरियठ पैक्स ईचाक में धान बिज बिक्री केंद्र का उद्घाटन शुक्रवार को किया गया लिए उदघाटन संयुक्त रूप से वरिष्ठ नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि गोविंद मेहता कृषक मित्र संघ के प्रखंड अध्यक्ष दिगम्बर कुमार मेहता ने किया ' इस अवसर पर बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम ने कहा कि समय पर किसानों का बीज उपलब्ध करवाया गया है ' किसान के प्रति झारखंड सरकार माननीय हेमंत सोरेन उत्थान के लिए बिल्कुल तैयार हैं और मैं मुख्यमंत्री झारखंड सरकार हेमंत सोरेन को मैं धन्यवाद देता हूं। पैक्स अध्यक्ष विकासचंद्र ने कहा है कि किसन जल्द से जल्द बीज अपना अपना ले ले और समय पर अपना खेत में बुवाई करें क्योंकि बीज सीमित मात्रा में है। इस उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से टैक्स अध्यक्ष विकास चंद्र डुमरांव पैक्स अध्यक्ष प्रवीन मेहता, अलोज पैक्स अध्यक्ष कंचन मेहता, रतनपुर पैक्स अध्यक्ष राजेश मेहता, राजबाला मेहता दिनेश मेहता, प्रदीप मेहता, कुंदन मेहता, अंकित कुमार अनिल मेहता रामदिप मेहता हिमांशु कुमार दिनेश मेहता एवं दर्जनों लोग उपस्थित है।

### दारू पुलिस की तत्परता से पशु तस्करी की बड़ी कोशिश नाकाम

**दारू ( हजारीबाग) :** शुक्रवार तड़के दारू थाना क्षेत्र में पशु तस्करी का एक बड़ा मामला सामने आया। जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 3 बजे पशु तस्कर एक लग्जरियस इनोवा वाहन में चार गायों को अमानवीय तरीके से बांधकर ले जा रहे थे। इसी दौरान वाहन का एक पहिया पंचर हो गया, जिससे तस्करों की गाड़ी झुमरा स्थित डिपो चौक पर फंस गई। घटना की सूचना मिलते ही दारू थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस की भनक लगते ही तस्कर वाहन छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। थाना प्रभारी ने मानवता का परिचय देते हुए सबसे पहले रस्सियों से बंधी चारों गायों को सुरक्षित बाहर निकलवाया। बाद में पुलिस ने इनोवा वाहन एवं गायों को अपने कब्जे में ले लिया। दारू पुलिस की त्वरित कार्रवाई से पशु तस्करी की बड़ी कोशिश विफल हो गई। थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा इसमें संलिप्त लोगों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जायेगी।

### ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने की सड़क जाम

**चौपारण :** चौपारण थाना क्षेत्र के जीटी रोड स्थित ग्रामीण बैंक के समीप शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में साइकिल सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान चौपारण के बजरंग टोला निवासी रितलाल साहू के रूप में हुई है, जो सब्जी बाजार में नींबू बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रितलाल साहू साइकिल से अपने गंतव्य की ओर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कुछ देर के लिए इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। घटना की सूचना मिलते ही चौपारण थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे। इस बीच गुस्साए ग्रामीणों ने भागने की कोशिश कर रहे ट्रक को रोक लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने वाहन को जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक के बारे में बताया जा रहा है कि वे चौपारण ब्लॉक मोड़ स्थित सब्जी बाजार में नींबू बेचकर परिवार का पालन-पोषण करते थे।

# मुहर्रम मेले में उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब





**22 गांवों से आये जुलूस के अखाड़ेधारियों ने दिखाये पारम्परिक औजारों से खेल के जौहर**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**कटकमसांडी :** मुहर्रम के दसवीं तारीख को छड़वा मुहर्रम मेले व जुलूस में अकीदतमंदों का जनसैलाब देखा गया। हर साल की भांति इस वर्ष भी करीब 22 गांवों से मेले में जुलूस पहुंच आखाड़ेधारियों ने पारंपरिक औजारों खेल प्रदर्शन कर लोगो को मंत्रमुग्ध किया। मेले में रोमी, खुटरा, पबरा, जैलमा, गदोखर, बलियंद, हेदलाग, गोविंदपुर, भुसुवा, डिंड़, पिचरी, धरहरा, सारूगारू, नवादा, पकरार सहित अन्य गावों का जुलूस गगनचुंबी निशान के साथ शामिल हुआ। मेले में शहीद-ए-करबला इमाम हुसैन के शहादत पर या हुसैन के नारों की सदाएं गूंजती रही। मेले में हजारों की तादाद में महिला पुरूष बड़े, बूढ़े व बच्चे शामिल होकर करबला के दास्तान को याद किया और झूलों का व लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाए। मेले को व्यवस्थित रखने के लिए जिला व पुलिस प्रशासन तथा रैफ के जवान मुस्तैद दिखे। मुहर्रम कमिटी ने भी अपने वोलंटियर रख मेले मे शांति बनाए रखने के लिए अपनी अहम भूमिका निभाई। मेले में बड़ी संख्या में मौजूद हिंदू भाईयों की मौजूदगी ने साम्प्रदायिक सौहार्द का मिसाल पेश की। महिला अकीदतमंदों की मौजेदगी मेले मे पहुंची ताजियो के ईर्द गिर्द देखी गई। दूसरी ओर कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के ढौठवा, आराभुसाई, डांटो, रेबर, झोंझी, उलांज, लखनू, मालीआम, बसंतपुर, बस्ती मे मुहर्रम पर्व जोश व खरोश से मनाया गया। कटकमसांडी चौक पर भव्य मेले का आयोजन किया गया। बता दें कि मुहर्रम के दसवीं को यौम-ए-आशूरा कहा जाता है। इस दिन जगह जगह कुरआन ख्वानी, फातिहा ख्वानी, लंगरख्वानी व जिक्र-ए-करबला का रस्म अदा किया गया। अकीदतमंदों नेथ शहीद-ए-करबला इमाम-ए-हुसन के शहादत पर रोजे रखे। छड़वा मुहर्रम मेले में मौजूद डीसी हेमंत सती, एडिशनल एसपी अमित कुमार, डीएसपी, पुलिस इंस्पेक्टर सपन कुमार मेहता, डीएसओ मुरली यादव, बीडीओ पूजा कुमारी, सीओ अनिल कुमार गुप्ता, बीसीईओ शौकत सरवर, एमओआईसी डा. भूषण राणा आदि अधिकारियों समेत जनप्रतिनिधियो, बुद्धिजीवियो सामाजिक कार्यकर्ताओं को बुके देकर व पगड़ीपोशी कर सम्मानित किया। इस मौके पर ककांग्रेस कै विनोद कुशवाहा, झामुमो के राजा मोहम्मद, एआईएमआईएम के नदीम खान, सरफराज अहमद, मुखिया अशोक राणा, पूर्व मुखिया पन्नु महतो, भाजपा के मनीष ठाकुर, अजय राणा, मनोज मोदी, मुहर्रम कमिटी के अध्यक्ष नौशाद खान, सचिध बाबर अंसारी, मुख्तार अंसारी, अनवारूल हक, जहीर खान सहीत दर्जनो गणमान्य लोगों की शिरकत से मेले की अहमियत मे चार चांद दिखी।

**मेडिकल** कैम्प में एमओआईसी डॉ. भूषण राणा, ठा. वेद प्रकाश पाठक, सीएचऔ ओम प्रकाश, एमटीएस सुरेन्द्र कुमार, एमपीडब्ल्यू सनजय कुमार, ओटी राम प्रकाश ठाकुर प्रतिनियुक्त थे। वहीं मुहर्रम कमिटी के अध्यक्ष नौशाद खान उर्फ डिस्को खान, सचिव मो. कमालुद्दीन, मो. अकमल, नौशाद खान, बाबर अंसारी, इंतफात शेख, मुख्तार अंसारी, अनवारूल हक ओबी साहब इम्तियाज अहमद अब्दुल लतीफ, गूलाम रब्बानी, आदि ने मेले व जुलूस को नियंत्रित करने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### अंतु साव बने फिर सौहार्द की मिसाल

**छड़वा** मुहर्रम मेले में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी तादाद में हिन्दू भाईयों की मौजूदगी व शिरकत से कौमी मिल्लत का अद्भुत व बेमिसाल नजारा दिखाई दिया। इस बार भी कटकमसांडी के जैलमा निवासी अंतु साव ने ताजिया व निशान लेकर मेले में पहुंच साम्प्रदायिक सौहार्द व हिंदू मुस्लिम एकता को एक सूत्र मे पिरोनै का बेमिसाल उदाहरण पेश किया। उन्होने बताया कि मेरे यहां महर्रम मनाने का यह परंपरा पूर्वजों से चली आ रही है।

### संवेदनशील जगहों पर पुलिस व रैफ के जवान रहे तैनात

**सुरक्षात्मक** नजरिये से जुलुस को लेकर पेलावल से मुहर्रम मेले व आसपास के संवेदनशील जगहों पर पुलिस बल व रैफ के जवान तैनात देखे गये। हर चौक चौराहों पर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई। मौके पर जिला प्रशासन सजग रही। दोनो ओर से पेलावल ओपी प्रभारी बिट्टु रजक व कटकमसांडी थानाप्रभारी दल बल के साथ मुस्तैद दिखे। इधर किसी भी संभावित अनहोनी व अप्रिय घटना को लेकर फायर ब्रिगेड को व्यवस्थित किया गया था। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेडिकल कैंप लगाया गया।

## पंचमाधव, बसरिया व शिवपुर में भाईचारे व शांति के साथ सम्पन्न हुआ मुहर्रम पर्व



**बरही :** प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव बसरिया एवं शिवपुर (सलोन) गांव में मोहर्रम का पर्व धार्मिक आस्था, आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर दोनों गांवों में पारंपरिक ताजिया जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ आसपास के क्षेत्रों से भी लोग शामिल हुए। जुलूस के दौरान युवाओं ने पारंपरिक लाठी, तलवार एवं अन्य हैरतअंगेज करतबों का आकर्षक प्रदर्शन किया, जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरे गांव का भ्रमण करने के बाद ताजिया कर्बला पहुंचा, जहां इमामों की अगुवाई में देश-दुनिया में अमन-चैन, क्षेत्र की खुशहाली तथा आपसी भाईचारे की दुआ मांगी गई।
पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन, शांति और सौहार्द का माहौल बना रहा। कार्यक्रम को सफल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में ग्रामीणों और आयोजन समिति के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिसकी उपस्थित लोगों ने सराहना की। इस अवसर पर पंचमाधव में अब्दुल लतीफ मियां, अब्दुल कुदुश, एमडी इबरार, उस्मान अंसारी, अजीज अंसारी, आजाद अंसारी, रिजवान अंसारी, फारुख अंसारी, मारुफ अंसारी एवं सेराज अंसारी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।
वहीं शिवपुर (सलोन) में इमाम मौलाना मो. शहजाद, मो. सरफराज आलम, मो. वासिम, मो. अख्तर अंसारी, मो. ओसामा, मो. फिरोज, बुलबुल, मो. सेराज अंसारी, मो. मनोवार अंसारी, मो. सद्दाम, मो. अहतेशाम, मो. असलम, मो. अकबर अंसारी, मो. शहंशाह, मो. आसिफ रजा, मो. रेहान, मो. मिजान, मो. नईम अंसारी, मो. मुश्ताक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### सांप्रदायिक सौहार्द व आपसी भाईचारगी के साथ ओरिया में मनाया गया मुहर्रम



**सांप्रदायिक** सौहार्द व आपसी भाई-चारगी के साथ मुहर्रम का जुलुस के दौरान सदर प्रखण्ड स्थित ओरिया में दिन शुक्रवार को हिंदू- मुस्लिम एकता का संदेश दिया। जुलुस के दौरान ढोल- ताशे, ताजिया खेल एवं अस्त्र-शस्त्र का जमकर परिचालन एवं प्रदर्शन हुआ। जुलुस में गंगा-जमुना तहजीब भी देखने को मिला। इस दौरान हिंदू भाइयों ने मुस्लमान भाइयों को पगड़ी, माला पहनाकर एवं गले लगाकर मुहर्रम की बधाई व शुभकामनाएं दी तथा एकता का परिचय दिया। हिंदू भाइयों ने स्वागत में कोल ड्रिंक, पानी, बिस्कुट एवं फुल मलादे के साथ अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन रिटायर्ड फुटबॉल क्लब हजारीबाग के सचिव सह समाजसेवी अभय शंकर पासवान एवं धन्यवाद ज्ञापन विनय कुमार यादव ने किया। यह परंपरा मुहर्रम के मौके पर हिन्दू भाईयों द्वारा लगातार 26 वर्षों से अधिक से चलता आ रहा है। इसकी जानकारी समाजसेवी अभय शंकर पासवान ने दी। मौके पर विशेष रूप से गिरिजा राम पासवान, रविचंद्र पासवान, उदय शंकर पासवान, प्रमोद कुमार पासवान, विनय कुमार यादव, अभय शंकर पासवान, विकास कुमार पासवान, हरेंद्र कुमार, विशाल कुमार, अनिल कुमार पासवान, तपेश्वर मुन्ना पासवान, धर्मचंद पासवान, दीपक कुमार, बाबूलाल राम, शैलेश कुमार पासवान, नवीन कुमार, राजेश कुमार, प्रदीप कुमार पासवान, अनिल कुमार पासवान, शशि कुमार के अलावे ओरिया अंजुमन सदर महजीद अंसारी, अंजुमन सेक्रेटरी जलील अंसारी, खलीफा शौकत अली, मोहम्मद मुस्तकीम अंसारी, महबूब आलम, आशिक हुसैन रमजान अली, मोहम्मद इस्लाम, गुलाम जिलानी, मोहम्मद सरफराज, फूल मोहम्मद, मुजफ्फर अली, मोहम्मद समसुल, मोहम्मद यूसुफ सहित कई मुस्लिम भाई उपस्थित रहे।

## मुहर्रम शान्तिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में मना

**विष्णुगढ़ :** प्रखण्ड में मुहर्रम का त्योहार शान्ति पूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में आपसी भाईचारगी के साथ मनाया गया। इस अवसर पर इस्लाम धर्मावलंबियों ने तजिये के साथ जुलूस निकाला। वही जुलूस में पारम्परिक हथियार का खेल करतब दिखाए गए।जुलूस में या हुसैन या अली, नारा ये तकबीर के नारे से पूरा प्रखण्ड गुंजायमान हो गया। मुहर्रम का त्योहार के अवसर पर विष्णुगढ़, चेडरा, मुरगांवों, गोविंदपुर, नवादा, बनासो, चानो, सारुकुदर, खेदाडीह, गाल्होबार, टन्डवा, नरकी, बराई, गैंडा समेत विभिन्न क्षेत्रों में तजिये के साथ जुलूस निकाली गई। मुहर्रम की ऐतिहासिक घटना में जिक्र है कि कर्बला में शहादत 10वीं तारीख, जिसे 'आशूरा' कहा जाता है, बहुत विशेष महत्व रखती है। इसी दिन 61 हिजरी (680 ईस्वी) में इराक के कर्बला के मैदान में पैगंबर हजरत मुहम्मद के नवासे (नाती) हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत हुई थी। इमाम हुसैन ने उस समय के जालिम शासक यजीद की सत्ता के सामने झुकने से इंकार कर दिया था और सच्चाई के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी थी। कर्बला की जंग में यजीद की सेना ने इमाम हुसैन और उनके परिवार को पानी तक नहीं पीने दिया था और भूखे-प्यासे शहीद कर दिया था। इस दर्दनाक घटना की याद में दुनिया भर के मुस्लिम, विशेष रूप से शिया समुदाय, मुहर्रम के पहले 10 दिनों तक शोक मनाते हैं। इस दौरान वे काले कपड़े पहनते हैं, ताजिया निकालते हैं, और इमाम हुसैन की कुर्बानी को याद कर मातम (शोक) करते हैं। आशूरा का महत्व (10वीं मुहर्रम)मुहर्रम की 10वीं तारीख को इस्लाम में बहुत पवित्र माना गया है।



## शांति सौहार्द के बीच मुहर्रम त्योहार सम्पन्न

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र में मुहर्रम का पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में अकीदत के साथ मनाया गया। कोनहरा हाई स्कूल रैनटांड़ मैदान में शुक्रवार की सुबह मुहर्रम की दशमी पर भव्य मेले का आयोजन किया गया। इसमें आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। दशमी के अवसर पर निकाले गए जुलूस में बरकट्ठाडीह, कोनहरा मजार शरीफ, बरकट्ठा, कोनहराखुर्द, कोषमा और बरवां गांव के लोग निशान, ताजिया और गाजे-बाजे के साथ शामिल हुए। विभिन्न अखाड़ों के साथ पहुंचे ताज क्लब, गुलशन क्लब, स्टार क्लब, आजाद क्लब और नूरी क्लब के खिलाड़ियों ने अस्त्र-शस्त्र के साथ हैरतअंगेज प्रदर्शन कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। मौके पर झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सह पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, झामुमो केंद्रीय सदस्य यासीन खान, पूर्व जिप सदस्य प्रतिनिधि कलीम खान, पूर्व मुखिया मोईन असारी समेत कई लोग उपस्थित थे। दशमी के दिन मुस्लिम धर्मावलंबियों ने बड़ी संख्या में कर्बला पहुंचकर चादरपोशी और फातेहा खानी कराई। जुलूस में मौलाना अब्दुल अजीज नूरी, मौलवी मेराज खान, गफ्फार खान, सत्तार खान, जसीम खान, जाहिद खान, मोमिन कांफ्रेंस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल शकूर अंसारी,खलील अंसारी, अमीन अंसारी, बबुनी मियां, नाजा खान, सुल्तान अंसारी, मिन्हाज अहमद, हाजी फहीम खां, जया अहमद, अयान अहमद, समीर खान, इकबाल अंसारी, बबलू खान, अनवर, मो सत्तार, इमरान, कासीम मियां, रोजन, सराज, इस्राफील आलम, जाकिर अंसारी, बबुन मियां, इसराइल अंसारी एजाज अहमद समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## विश्व हिन्दू परिषद-बजरंग दल की बैठक में संगठन विस्तार पर जोर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**बरही :** प्रखंड परिसर स्थित मनोकामेश्वर शिव मंदिर परिसर में शनिवार को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल प्रखंड इकाई की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष निरंजन केसरी ने की, जबकि संचालन प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रांत संगठन मंत्री चितरंजन कुमार, जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंहा, जिला मंत्री अरविंद मेहता, जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता एवं जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार उपस्थित रहे। इस दौरान संगठन के विस्तार, मजबूती और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर नए दायित्वों की घोषणा की गई। बजरंग दल में सोनू केसरवानी एवं संजय केसरी को सहसंयोजक, रोहित कुमार को धर्म प्रसार प्रमुख, अभय कुमार को सह मंत्री, धर्मेंद्र कुमार को सुरक्षा प्रमुख, रवि शंकर साहू को सत्संग प्रमुख तथा शिवम कुमार को विद्यार्थी प्रमुख नियुक्त किया गया। वहीं विश्व हिंदू परिषद की दुर्गा वाहिनी इकाई में पलक कुमारी को प्रखंड संयोजिका, संतुष्टि केसरी को सह संयोजिका, रिया कुमारी को बल संस्कार केंद्र प्रमुख, विशाखा कुमारी को विद्यार्थिनी प्रमुख तथा संध्या ठाकुर को शक्ति साधना केंद्र प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में प्रदीप चंद्रवंशी, मनोज कुमार वर्मा, मुन्ना सोनी, धर्मेंद्र यादव, प्रदीप कुमार कुशवाहा, दिनेश पंडित, धर्मेंद्र कुमार प्रजापति, चंदन केसरी, संजय राणा, विजय कुमार राणा, रमेश कुमार यादव, सागर कुमार, सुरेंद्र यादव, जयप्रकाश प्रजापति, इंद्रदेव गुप्ता, अर्चना ठाकुर, पल्लवी केसरी, रिया कुमारी राणा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : विधायक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**हजारीबाग :** विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपने विधायक जन सेवा कार्यालय में क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी इलाकों से आए नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों को गंभीरतापूर्वक सुना। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग सड़क, बिजली, पेयजल, राजस्व, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा एवं अन्य जनसुविधाओं से संबंधित समस्याओं को लेकर कार्यालय पहुंचे। विधायक प्रदीप प्रसाद ने प्रत्येक मामले का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों से दूरभाष एवं अन्य माध्यमों से संपर्क कर समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि आमजन से जुड़े मामलों का समयबद्ध एवं



संवेदनशीलता के साथ निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि जनता की सेवा ही उनके सार्वजनिक जीवन का मूल उद्देश्य है। जनप्रतिनिधि होने के नाते क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान कर उन्हें न्याय एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आमजन का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है और इसी विश्वास को बनाए रखते हुए वे निरंतर क्षेत्र के विकास, सुशासन एवं जनकल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य करते रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि विधायक जन सेवा कार्यालय आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव खुला है तथा प्रत्येक व्यक्ति की बात पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनी जाएगी। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास एवं जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना उनका संकल्प है। विधायक ने कहा कि जनसेवा ही हमारा संकल्प है, और जनता की हर समस्या का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## झारखंड आन्दोलनकारी सह विष्णुगढ़ प्रखंड के 20 सूत्री अध्यक्ष स्वर्गीय गिरजा साव की तीसरी पुण्यतिथि मनी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ हजारीबाग मार्ग के किनारे स्थित गिरजा नायक पब्लिक स्कूल में जाने माने समाजसेवी, झारखंड आंदोलनकारी सह विष्णुगढ़ प्रखंड के 20 सूत्री अध्यक्ष स्वर्गीय गिरजा साव की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई। उनके चित्र के समक्ष उपस्थित आगंतुकों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। बतौर मुख्यातिथि स्व. टेकलाल बाबू के पौत्र गौरव पटेल ने कहा कि मेरे दादाजी के संघर्ष के साथी रहे पूजनीय स्व. गिरजा साव की आज तीसरी पुण्यतिथि है। झारखंड आंदोलन में मेरे दादाजी के साथ इनकीं भूमिका काफी अहम रही थी। इनके द्वारा दिये गए योगदान को कभी भी भुलाया नही जा सकता। समाज एवं क्षेत्र के प्रति उनका योगदान सदैव स्मरणीय



रहेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से टेकोचांद महतो, गुरु प्रसाद साव, डॉ. योगेंद्र प्रसाद, दिनेश कुमार मंडल, पूर्व जिप सदस्या यशोदा देवी, संजय साव, विजय साव, जमुना प्रसाद, छोटी लाल प्रसाद, अजय साव, महेश साव, भेलवारा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि गंगाधर महतो, मिथिलेश महतो, पवन सिंह, बालेश्वर महतो एवं पवन कुमार सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## बालक-बालिका बंगला मध्य विद्यालय, कुमारधुबी में पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन

■ **प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पानेवाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबन्धकारिणी समिति ने किया सम्मानित**

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**धनबाद/कुमारधुबी :** कुमारधुबी बालक बालिका बंगला मध्य विद्यालय, कुमारधुबी, निरस्सम-3, धनबाद में पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से विद्यालय प्रबन्धकारिणी समिति के सचिव अभिजीत घोष, उपाध्यक्ष डॉ. स्मृतिकाना सिन्हा एवं सदस्यगण अमरेश चक्रवर्ती तथा मधुमिता रात्र चौधरी उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. प्रेमांकुर



मुखर्जी उपस्थित थे। 2025-26में पिछले सत्र विद्यालय के प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पानेवाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबन्धकारिणी समिति की तरफ से ज्यूमेट्री बॉक्स, ज्ञानदानी पुस्तक एवं कलम-पेन्सिल देकर सभी छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विद्यालय प्रबन्धकारिणी समिति के सचिव अभिजीत घोष ने छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को कहा कि विद्यालय एक शिक्षा का मन्दिर है। विद्यालक परिवार के सभी सदस्यों को मिल-जुल कर विद्यालय का विकास करना है और विद्यालय को सफलता के शिखर पर ले जाना है। छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए सचिव ने कहा कि विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं मेरी नजर में समान हैं और सभी छात्र-छात्राओं को कड़ी मेहनत एवं अनुशासन में रह कर अपनी मंजिल प्राप्त करनी चाहिए और विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम रोशन करना चाहिए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रेमांकुर मुखर्जी ने कहा कि इस पारितोषिक विवरण कार्यक्रम शामिल होकर मुझे काफी प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को उज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि विद्यालय को जब-जब आवश्यकता होगी, मैं उपस्थित रहूंगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाध्यापक कन्हैया मिश्रा, शिक्षकगण नारायण चन्द्र माजि, प्रसेनजीत मण्डल, शुभश्री रास, सुभाष कुमार, देबाशरीष चक्रवर्ती, भजन दत्ता, रीता सिन्हा, रत्ना चटर्जी, माता साथी समिति की तनुश्री मुखर्जी, नारायणी नाग, कविता प्रमाणिक, ज्योस्ना नाग, बाल संसद की अध्यक्ष सुम्ती रागिनी कुमारी, पम्मी कुमारी व अन्य बाल सांसद की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक कन्हैया मिश्रा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय प्रबंधकारिणी के सदस्य अमरेश चक्रवर्ती ने किया।

### चुरचू प्रखंड में खेत बचाओ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

## कीटनाशक के स्वास्थ्य व पर्यावरण पर होनेवाले दुष्प्रभाव के बारे में किसानों को बताया

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**चरही :** वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय अंतर्गत केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र,रांची द्वारा हजारीबाग जिला के चुरचू प्रखंड के ग्राम कजरी में खेत बचाओ अभियान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में सी.आई.पी.एम.सी. रांची कार्यालय प्रमुख सह सहायक निदेशक अशोक कुमार ने खेत बचाओ अभियान के संकल्प एवं एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन के महत्व के बारे में बताया। तथा इसके विधि को अपनाने का अनुरोध किया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को व्यवहारिक विधियों, यांत्रिक विधियों जैसे पीला एवं नीला चिपचिपा प्रपंच, फेरो मैन ट्रैप, फल मक्खी जाल, लाइट ट्रैप के उपयोग के बारे में और ट्राईकोडर्मा से बीज उपचार का प्रदर्शन, मित्र एवं शत्रु कीटों की पहचान के बारे मे तथा कीटनाशकों के लेवल, कलर कोड एवं कीटनाशक के सुरक्षित उपयोग, कीटनाशक के स्वास्थ्य एवं



पर्यावरण पे होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में किसानों को बताया। किसानों को सटीक कीट बीमारी पहचान एवं उसके प्रबंधन हेतु एनपीएसएस मोबाइल ऐप की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो ने कार्यक्रम में दिये गए प्रशिक्षण की अनुशंसा की एवं उपस्थित किसानों को सकारात्मक रूप से अपनाने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में पूर्व उप प्रमुख चौलेश्वर महतो, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक नकुल कुमार, सहायक निदेशक अशोक कुमार, संदीप साल्वे सहायक संरक्षण अधिकारी नीतीश कुमार, तकनीकी सहायक नीतीश कुमार, बहेरा पंचायत उप मुखिया शिवचन्द मुर्मू, किसान मित्र मो.तामीर अंसारी, राजेंद्र महतो, सरिता देवी, महेंद्र महतो, गुड़िया कुमारी, मगहिया देवी, देवंती देवी, लक्ष्मी कुमारी, शीला देवी शंकर गंझु हरि देव गंझु, चेतन गंझु, बालेश्वर महतो, छत्रु साह, देवंती देवी इत्यादि महिला पुरुष शामिल हुए।

## हक और इंसाफ के लिए जंग की याद दिलाता है मोहर्रम, नम आंखों से दी गयी शहीदों को श्रद्धांजलि

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**चरही/हजारीबाग :** चरही चुरचू प्रखंड, चरही कोयलांचल क्षेत्रों समेत पूरे देश में मोहर्रम का पर्व अकीदत, शांति और भाईचारे के साथ संपन्न हुआ। 'या हुसैन... या हुसैन' की गूंज के साथ विभिन्न अखाड़ों द्वारा मातमी जुलूस निकाले गए और कर्बला के शहीदों को याद किया गया। इस दौरान युवाओं ने पारंपरिक हथियारों के साथ हैरतअंगेज करतब भी दिखाए। जगह-जगह सामाजिक संगठनों द्वारा पानी और शर्बत का वितरण



कर कौमी एकता की मिसाल पेश की गई।क्या है मोहर्रम और इसका इतिहास? इस्लाम धर्म के नए साल (61 हिजरी ) की शुरूआत मोहर्रम के महीने से होती है। हालांकि, यह महीना खुशी का नहीं, बल्कि गहरे गम और शोक का प्रतीक है। आज से लगभग 1400 साल पहले इराक के कर्बला के मैदान में एक ऐसी जंग हुई थी, जिसने इंसानियत को हक और इंसाफ के लिए मर-मिटना सिखाया। मोहर्रम के केंद्र में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे (नाती) हजरत इमाम हुसैन हैं। वे बेहद रहमदिल, न्यायप्रिय और सच्चाई के मार्ग पर चलने वाले महापुरुष थे। सिद्धांतों के लिए लड़ा गया कर्बला का युद्ध साल 61 हिजरी में कर्बला की ऐतिहासिक और दर्दनाक लड़ाई हुई थी। यह लड़ाई किसी जमीन या दौलत के लिए नहीं, बल्कि सिद्धांतों की लड़ाई थी। यह जंग इमाम हुसैन ने उस वक्त के क्रूर, अत्याचारी और तानाशाह शासक यजीद के खिलाफ लड़ी थी। यजीद चाहता था कि इमाम हुसैन उसके गलत तौर-तरीकों को सही ठहराएं और उसके आगे आत्मसमर्पण कर दें। लेकिन हुसैन ने सर कटाना मंजूर किया, पर एक जालिम के आगे झुकना स्वीकार नहीं किया।

### मोहर्रम शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न, ड्रोन कैमरों से रखी गयी कड़ी निगरानी

**दारू (हजारीबाग) :** दारू थाना क्षेत्र में मोहर्रम का पर्व पूरी शांति, सौहार्द और भाईचारे के वातावरण में संपन्न हुआ। क्षेत्र के कविलासी, बसोबर, जबरा सहित विभिन्न गांवों में अखाड़ा प्रदर्शन एवं मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद रहा। संवेदनशील स्थानों तथा भीड़भाड़ वाले इलाकों पर ड्रोन कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी रखी गई, जिससे हर गतिविधि पर प्रशासन की पैनी नजर बनी रही। थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस बल के साथ-साथ पुलिस मित्रों का भी सराहनीय सहयोग मिला, जिसके



कारण मोहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने क्षेत्रवासियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों की समझदारी, अनुशासन और आपसी भाईचारे ने इस पर्व को यादगार बना दिया। इस दौरान थाना प्रभारी जबरा और पिपचो के जुलूस में भी शामिल हुए। उन्होंने स्थानीय गणमान्य लोगों के साथ पारंपरिक लाठी प्रदर्शन में भाग लेकर लोगों का उत्साहवर्धन किया।

## एक झलक

### सिन्दरी के अस्तित्व की रक्षा के लिए 29 जून को एफसीआई गेट पर होगा विशाल धरना

**सिन्दरी (धनबाद)**: सिन्दरी के अस्तित्व पर मंडरा रहे संकट के खिलाफ स्थानीय लोगों ने निर्णायक संघर्ष का बिगुल फूंक दिया है। एफसीआई प्रबंधन द्वारा टासरा ओबी डंप के लिए डोमगढ़ क्षेत्र की 304 एकड़ भूमि सेल को हस्तांतरित किए जाने तथा मनोहरटांड़ और एसएल-2 आवासों को खाली कराने के लिए पीपी कोर्ट से बेदखली आदेश जारी होने के बाद क्षेत्र में व्यापक असंतोष है। इसी के मद्देनजर गठित सिंदरी बचाओ सामूहिक मोर्चा ने 29 जून को एफसीआई के मुख्य प्रवेश द्वार पर एक दिवसीय विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित करने का निर्णय लिया है। मोर्चा के संयोजक एवं झारखंड पुलिस के सेवानिवृत्त डीएसपी रविंद्र सिंह ने बताया कि आंदोलन को सिंदरी के हर घर का समर्थन मिल रहा है। उन्होंने प्रत्येक परिवार से कम से कम एक सदस्य की भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि यह लड़ाई सिंदरी के भविष्य और अस्तित्व की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आवश्यकता पड़ने पर न्यायालय में भी कानूनी लड़ाई लड़ी जायेगी। मोर्चा ने सोशल मीडिया पर बनाये गये अपने समूह के माध्यम से भी लोगों को जोड़ना शुरू किया है। एक सप्ताह के भीतर इस समूह से 700 से अधिक लोग जुड़ चुके हैं। मोर्चा के मीडिया प्रभारी मनोज मिश्रा, वार्ड 54 के पार्षद नीरज सिंह तथा जन अधिकार मंच के अध्यक्ष रंजीत सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि आंदोलन लगातार जन आंदोलन का स्वरूप ले रहा है और सभी सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों का सहयोग मिल रहा है। मोर्चा ने 21 जुलाई को सिंदरी की आर्थिक नाकेबंदी की भी घोषणा की है, जिसकी तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं।

### बकाया बिल पर शव रोकने का आरोप, जालान अस्पताल में हंगामा

**बाघमारा/धनबाद** : बरटांड़ स्थित जालान अस्पताल में एक मरीज की मौत के बाद शुक्रवार को परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने 50 हजार रुपये का बकाया बिल जमा नहीं होने तक शव देने से इनकार कर दिया। साथ ही उन्होंने इलाज में लापरवाही और गलत मरीज की रिपोर्ट के आधार पर उपचार करने का भी गंभीर आरोप लगाया। जानकारी के अनुसार, गिरिडीह निवासी मिथलेश पासवान 20 जून को सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद जालान अस्पताल में भर्ती हुए थे। परिजनों का कहना है कि इलाज पर करीब चार लाख रुपये खर्च करने के बावजूद मरीज की जान नहीं बच सकी। उनका आरोप है कि अस्पताल की लापरवाही के कारण मरीज की हालत लगातार बिगड़ती गई। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल परिसर में विरोध प्रदर्शन करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वहीं, अस्पताल प्रबंधन ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। अस्पताल के अनुसार मरीज के सिर में गंभीर चोट थी तथा इलाज के दौरान संक्रमण बढ़ जाने से उसकी मौत हुई। प्रबंधन का कहना है कि हंगामे की सूचना पर पुलिस को बुलाया गया और शव पुलिस को सौंप दिया गया। मामले की जांच धनबाद थाना पुलिस कर रही है तथा जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### 24 टीमों के साथ तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ, खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

**धनबाद** : राष्ट्रीय महादलित एकता संघ, केंद्रीय कमेटी धनबाद के तत्वावधान में शुक्रवार को पुलिस लाइन क्लब स्थित जगजीवन नगर मैदान में तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में जिले की कुल 24 टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार को खेला जायेगा। मुख्य अतिथि जनता मजदूर संघ के महामंत्री गुड्डू सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और फुटबॉल को किक मारकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना के साथ अनुशासन एवं टीमवर्क का परिचय देने की अपील की। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को नशामुक्ति, अनुशासन और सकारात्मक सोच की ओर प्रेरित करता है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महादलित एकता संघ के संस्थापक अविनाश हाड़ी, देवा बासफोर, सोनू हाड़ी, बिरजू बासफोर, हिमांशु कुमार सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं सामाजिक समरसता, भाईचारा और प्रतिभाओं को निखारने का सशक्त माध्यम हैं। संगठन ने निर्णय लिया कि क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष इस तरह की फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में संघ के सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।



# धनबाद में शांतिपूर्ण रहा मुहर्रम का जुलूस

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : मोहर्रम के अवसर पर शुक्रवार को धनबाद जिले में आस्था, अनुशासन और सांप्रदायिक सौहार्द का अनुपम उदाहरण देखने को मिला। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक ताजिया एवं अखाड़ा जुलूस पूरी शांति और सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुए। मातमी माहौल में निकले जुलूसों में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद किया। पूरे दिन जिले में कहीं से भी किसी बड़ी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली, जिससे प्रशासन ने राहत की सांस ली। धनबाद शहर, बैंक मोड़, वासेपुर, झरिया, कतरास, सिंदरी, चिरकुंडा, निरसा, बाघमारा, गोविंदपुर, टुंडी, बलियापुर समेत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में ताजिया जुलूस निकाले गए। जुलूस के दौरान अखाड़ों के युवाओं ने पारंपरिक लाठी, तलवार, भाला और अन्य युद्धक कलाओं का आकर्षक प्रदर्शन किया। इन करतबों को देखने के लिए सड़क किनारे बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। मातमी धुनों और धार्मिक नारों के बीच पूरे मार्ग पर श्रद्धा और अनुशासन का वातावरण बना रहा। मोहर्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की थी। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल, दंडाधिकारी तथा त्वरित कार्रवाई दल की तैनाती की गई थी। कई प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के माध्यम से लगातार निगरानी रखी गई। जिले के वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी स्वयं विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे और मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहे। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाये रखने के लिए पूर्व निर्धारित ट्रैफिक प्लान लागू किया गया। प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा, जिसने वाहनों का संचालन नियंत्रित किया और लोगों को वैकल्पिक मार्गों की जानकारी देकर जाम की स्थिति उत्पन्न नहीं होने दी। इसके साथ ही विभिन्न सामाजिक संगठनों, अखाड़ा समितियों और स्थानीय युवाओं ने कई स्थानों पर शर्बत, पेयजल तथा प्राथमिक चिकित्सा शिविर लगाकर सेवा कार्य किया, जिसकी लोगों ने सराहना की। प्रशासन ने मोहर्रम के सफल और शांतिपूर्ण आयोजन के लिए सभी समुदायों, अखाड़ा समितियों, स्वयंसेवकों और आम नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि जनता के सहयोग, आपसी भाईचारे और प्रशासनिक सतर्कता के कारण पर्व पूरी तरह शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। पूरे जिले में शांति और सौहार्द का माहौल बना रहा, जिसने सामाजिक एकता और गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की।

### सिन्दरी में मुहर्रम शालीनता व शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न, ताजिया जुलूस में दिखी पारम्परिक कला

**सिन्दरी (धनबाद)** : सिन्दरी में शुक्रवार को मुहर्रम का पर्व पूरी श्रद्धा, शालीनता और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर जामा मस्जिद तथा सीआरपीएफ मस्जिद, रोहड़ाबांध में अकीदतमंदों ने नमाज अदा की और एक-दूसरे को गले लगाकर मुहर्रम की मुबारकबाद दी। मिल्लते मुहर्रम कमेटी, रांगामाटी की ओर से पारंपरिक ताजिया जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में युवाओं ने पारंपरिक शस्त्रों के साथ आकर्षक करतब और हैरतअंगेज प्रदर्शन कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। ताजिया जुलूस रांगामाटी से शुरू होकर शहरपुरा बाजार, कुंवर सिंह चौक होते हुए सिंदरी थाना पहुंचा, जहां निर्धारित स्थल पर शस्त्र प्रदर्शन किया गया। जुलूस में मो. शाकीन, मो. अकीम, मो. जमालुद्दीन खान, मो. हाकीम, पूर्व पार्षद दिनेश सिंह, संतोष चौधरी समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम के दौरान आपसी सौहार्द और अनुशासन का माहौल बना रहा। शाम ढलने के बाद ताजिया जुलूस पुनः रांगामाटी स्थित कब्रिस्तान पहुंचा, जहां शोकाकुल माहौल में हजरत इमाम हसन और इमाम हुसैन की शहादत की याद में पारंपरिक रस्में अदा की गयी और ताजिया सुपुर्द-ए-खाक किया गया। पूरे आयोजन के दौरान प्रशासन भी सतर्क रहा और कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

### खिलाड़ियों ने दिखाये हैरतअंगेज करतब



**पाथरडीह (धनबाद)** : सुदामडीह थाना क्षेत्र के चासनाला और आसपास के इलाकों में शुक्रवार को मुहर्रम का अखाड़ा पूरी शांति, सौहार्द और पारंपरिक उत्साह के साथ संपन्न हुआ। पर्व के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा और सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। अखाड़ा जुलूस में शामिल युवाओं ने लाठी, तलवार और अन्य पारंपरिक युद्धक कलाओं के आकर्षक एवं हैरतअंगेज करतब प्रस्तुत किए, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मार्ग के दोनों ओर मौजूद रहे। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन और भाईचारे का माहौल देखने को मिला। वहीं चासनाला के के-गेट के समीप समाजसेवी भूटन सिंह की ओर से अखाड़ा दल के खिलाड़ियों और श्रद्धालुओं के लिए पेयजल एवं शरबत की व्यवस्था की गई। भीषण गर्मी के बीच इस सेवा कार्य की लोगों ने सराहना की। कार्यक्रम में अखाड़ा दल के दर्जनों युवक शामिल रहे और सभी ने पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए मुहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया।

### 101 वर्षों सें हिन्दू और मुस्लिम मिल निकालते हैं ताजिया

**धनबाद/झरिया** : झरिया के कोयरीबांध में मुहर्रम केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब की जीवंत मिसाल बन चुका है। करीब 101 वर्षों से यहां हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोग मिलकर मुहर्रम का आयोजन करते आ रहे हैं। ताजिया निर्माण, इमामबाड़े की सजावट, अखाड़ा प्रदर्शन, जुलूस की व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सेवा जैसे हर कार्य में दोनों समुदाय बराबर की भागीदारी निभाते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार वर्ष 1925 से शुरू हुई यह परंपरा आज भी पूरी मजबूती के साथ जारी है। समय के साथ पीढ़ियां बदलती रहीं, लेकिन आपसी विश्वास और सामाजिक समरसता की यह विरासत कभी कमजोर नहीं हुई। मुहर्रम के दौरान पूरा कोयरीबांध क्षेत्र सांप्रदायिक सद्भाव के रंग में रंग जाता है, जहां धर्म से ऊपर उठकर लोग आयोजन को सफल बनाने में जुट जाते हैं। इस परंपरा की सबसे बड़ी पहचान महाबली भीमसेन दल का अखाड़ा है। हिंदू समाज के नेतृत्व में संचालित इस अखाड़े में विभिन्न समुदायों के सदस्य शामिल होकर पारंपरिक युद्धकला और हैरतअंगेज करतब प्रस्तुत करते हैं। समिति के सदस्य अमृत सिंह बताते हैं कि बचपन से ही वे इस आयोजन से जुड़े हैं और उनके लिए मुहर्रम का अखाड़ा उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना रामनवमी का जुलूस। उन्होंने बताया कि अखाड़े के अधिकांश सदस्य दूसरे समुदायों से हैं, जो आपसी भाईचारे की मिसाल है। समिति अध्यक्ष चंदन वर्मा ने बताया कि हर वर्ष अखाड़ा झरिया बाजार से होते हुए ऊपर कुल्ही तक निकलता है, जहां हजारों लोग इसके स्वागत के लिए सड़क किनारे खड़े रहते हैं। वहीं झरिया मुहर्रम कमेटी के सदस्य रऊफ खान ने कहा कि मुहर्रम के दौरान यहां कभी धर्म का भेद महसूस नहीं होता। सभी लोग मिलकर आयोजन को सफल बनाते हैं। ताजिया जुलूस के दौरान पारंपरिक अखाड़ों के प्रदर्शन, ढोल-नगाड़ों की गूंज और 'या हुसैन' के नारों के बीच पूरे मार्ग पर अनुशासन और श्रद्धा का माहौल देखने को मिलता है। विभिन्न स्थानों पर सभी समुदायों के लोग मिलकर शरबत, पानी और अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराते हैं। यही सौहार्द और साझा संस्कृति आज झरिया के कोयरीबांध को जिले में सामाजिक एकता की एक अनूठी पहचान दिला रही है।

### मोहर्रम पर कतरास बाजार में निकला भव्य अखाड़ा जुलूस, युवाओं ने दिखाये पारम्परिक करतब



**बाघमारा (धनबाद)**: मोहर्रम के अवसर पर कतरास बाजार में शुक्रवार को श्रद्धा, अनुशासन और भाईचारे के माहौल में भव्य अखाड़ा जुलूस निकाला गया। जुलूस में छड़ीदारडीह, श्यामडीह, टंडा बस्ती, गांधी चौक और कलाली फाटक की विभिन्न अखाड़ा कमिटियों के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान युवाओं ने पारंपरिक लाठी, तलवार और अन्य युद्धक कलाओं के आकर्षक एवं हैरतअंगेज करतब प्रस्तुत किए, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे। मोहर्रम जुलूस को देखने के लिए कतरास सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग पहुंचे। पूरे मार्ग में शांति और सौहार्द का वातावरण बना रहा। प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिसके कारण आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मोहर्रम के अवसर पर लोगों ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत को श्रद्धापूर्वक याद किया और उनके बताये सत्य, त्याग एवं इंसानियत के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया। अखाड़ा जुलूस के सफल आयोजन ने क्षेत्र में सामाजिक एकता और सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश की।

## एसआईआर के नाम पर फर्जी दस्तावेज बनानेवालों पर होगी सख्त कार्रवाई



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 को लेकर जिला प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने की अपील की है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आदित्य रंजन ने स्पष्ट किया है कि एसआईआर के लिए कोई भी नागरिक फर्जी या अनधिकृत दस्तावेज न बनवाए और न ही ऐसा करने का प्रयास करे। यदि कोई व्यक्ति या गिरोह फर्जी प्रमाण-पत्र तैयार करने अथवा तैयार कराने में संलिप्त पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कानून की संगत धाराओं के तहत त्वरित कार्रवाई की जायेगी। उपायुक्त ने बताया कि राज्य के कई जिलों में फर्जी वेबसाइटों के माध्यम से जन्म प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज तैयार करने वाले गिरोह के सक्रिय होने का मामला सामने आया है। चूंकि एसआईआर के दौरान मतदाताओं को विभिन्न दस्तावेजों की आवश्यकता पड़ सकती है, इसलिए असामाजिक तत्व इसका फायदा उठाने की कोशिश कर सकते हैं। उन्होंने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की कि वे केवल अधिकृत सरकारी माध्यमों से ही आवश्यक दस्तावेज बनवाएं और किसी भी फर्जी वेबसाइट, एजेंट या अनधिकृत व्यक्ति के झांसे में न आएं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ऐसे मामलों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है तथा दोषियों के विरुद्ध तत्काल कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

### निःशुल्क जांच शिविर में 200 से अधिक ग्रामीणों ने करायी जांच

**बाघमारा (धनबाद)** : बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के रघुनाथपुर पंचायत स्थित हरि मंदिर परिसर में शुक्रवार को झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव आकाश प्रमाणिक ने अपने जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए अमृत गंगा हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कराया। शिविर में क्षेत्र के 200 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराकर लाभ उठाया। शिविर में चिकित्सकों की टीम ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। मरीजों को विभिन्न बीमारियों से बचाव, नियमित जांच और संतुलित जीवनशैली अपनाने की भी सलाह दी गई। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में उपयोगी प्रयास बताया और आकाश प्रमाणिक को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आकाश प्रमाणिक ने कहा कि उनका उद्देश्य जन्मदिन को केवल उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि समाज सेवा के अवसर के रूप में मनाना है।

## टाटा नमक के नाम पर नकली कारोबार का भंडाफोड़, दो गोदामों में छापेमारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : धनसार थाना क्षेत्र के भूदा रानी रोड स्थित दो गोदामों में टाटा नमक के नाम पर कथित रूप से नकली पैकेट तैयार कर बाजार में बेचने के कारोबार का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। टाटा कंपनी की शिकायत पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए भारी मात्रा में नमक, पैकिंग सामग्री और सीलिंग मशीन जब्त की है। मामले में कॉपीराइट उल्लंघन समेत विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। शुक्रवार को धनसार थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में थाना प्रभारी मनोहर करमाली ने बताया कि टाटा कंपनी की इन्वेस्टिगेशन एंड सिक्योरिटी (प्रा.) लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने कंपनी के ब्रांड नाम का दुरुपयोग कर नकली नमक तैयार किए जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस टीम ने भूदा रानी रोड स्थित दो गोदामों में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान 278 बोरा नमक, टाटा साल्ट के खाली व भरे पैकेट, 30 बंडल रैपर, 150 खाली बोरे, एक इलेक्ट्रिक सीलिंग मशीन तथा 85 बोरा पतंजलि कंपनी के एक किलो वाले नमक के पैकेट बरामद किए गए। पुलिस ने इस मामले में प्रोफेसर कॉलोनी निवासी शुभम अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। धनसार थाना कांड संख्या 100/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं एवं कॉपीराइट अधिनियम की धारा 63 और 65 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका और नेटवर्क की भी जांच कर रही है।

### धनबाद में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान 1166 वाहनों की जांच; संदिग्धों का सत्यापन

**धनबाद** : जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर गुरुवार की देर शाम तक व्यापक एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने प्रमुख चौक-चौराहों, संवेदनशील स्थानों और मुख्य मार्गों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान कुल 1166 वाहनों की जांच की गई। पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण, बीमा समेत अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया। जिन वाहनों के कागजात अधूरे या नियमों के अनुरूप नहीं पाए गए, उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए चालान काटे गए। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की हिदायत दी गई। अभियान के दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों की भी तलाशी ली तथा उनकी पहचान का सत्यापन किया। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाना, असामाजिक तत्वों पर नजर रखना तथा आम नागरिकों में सुरक्षा का माहौल कायम रखना है। एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार के विशेष जांच अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे।

## झरिया में बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की जयंती पर गूंजा 'वंदे मातरम', छात्राओं की प्रस्तुति ने मोहा मन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद)** : राष्ट्रगीत वंदे मातरम के रचनाकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की जयंती शुक्रवार को झरिया के काली मंदिर परिसर में श्रद्धा, देशभक्ति और सांस्कृतिक उत्साह के साथ मनाई गई। सामाजिक संगठन इंस्टीट्यूशन फॉर नेशनल एमिटी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने बंकिम चंद्र के साहित्यिक योगदान और राष्ट्रप्रेम की भावना को याद करते हुए उनके विचारों को आज भी प्रासंगिक बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों पिनाकी राय, अनूप साव, संजय पंडित तथा छात्राओं ने बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान देशवासियों में राष्ट्रभक्ति का संचार करने वाला प्रेरणास्रोत रहा है। उन्होंने गीत की पंक्तियों 'सुजलाम, सुफलाम, शस्य-श्यामलाम, मलयज-शीतलाम' का उल्लेख करते हुए मातृभूमि के प्रति बंकिम चंद्र की कल्पना और समर्पण को रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन किया। वहीं केंदुआ की छात्राओं नंदनी साव, मुस्कान कुमारी, राधिका कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, दुर्गा कुमारी और नंदिनी कुमारी ने राष्ट्रगीत पर मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों की खूब सराहना बटोरी। इस अवसर पर मौसुमी राय, श्रीराम गोराई सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित लोगों द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रगान जन गण मन गाकर किया गया।

### होरलाडीह परियोजना में अनियमितता का आरोप, सीवीसी से जांच की मांग



**धनबाद** : बीसीसीएल के पीबी क्षेत्र स्थित होरलाडीह परियोजना में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार को लेकर स्थानीय निवासी ने केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) से शिकायत कर उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। शिकायत में परियोजना में कार्यरत एक कर्मचारी पर पद के दुरुपयोग, अनधिकृत रूप से पंप संचालन करने तथा जलापूर्ति व्यवस्था में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया गया है। होरलाडीह कॉलोनी निवासी शशि सिंह द्वारा भेजी गई शिकायत में कहा गया है कि नियमानुसार पंप संचालन केवल अधिकृत पंप ऑपरेटर द्वारा किया जाना चाहिए, लेकिन संबंधित कर्मचारी कथित रूप से नियमों की अनदेखी कर यह कार्य कर रहा है। शिकायत के अनुसार, मुख्य पाइपलाइन से दुकानों और बाहरी लोगों को अवैध जल कनेक्शन दिए जाने के कारण कॉलोनी में पानी का संकट गहरा गया है और स्थानीय लोगों को पर्याप्त जलापूर्ति नहीं मिल रही है। शिकायतकर्ता ने बताया कि 16 जून 2026 को भी परियोजना पदाधिकारी को लिखित शिकायत दी गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि संबंधित कर्मचारी खुलेआम संरक्षण मिलने की बात कहता है। शिकायतकर्ता ने सीवीसी से निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी को पंप संचालन कार्य से हटाने और कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। परियोजना प्रबंधन की ओर से भी इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया जारी नहीं की गई है।

### एसटीपी निर्माण में अनियमितता का आरोप

## ग्रामीणों ने नगर निगम से की शिकायत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : नमामि गंगे योजना के तहत पांडरकनाली दक्षिण पंचायत में निमार्णाधीन 21 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के निर्माण कार्य को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। निर्माण कार्य में कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए पूर्व प्रमुख भानु प्रताप के नेतृत्व में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सहायक नगर आयुक्त से मिल शिकायत पत्र सौंपी। बैठक में पांडरकनाली दक्षिण की मुखिया चमेली देवी, सांसद प्रतिनिधि राजीव महतो, सियालगुदरी के पूर्व मुखिया दीपक चौधरी, सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रशेखर पाठक व हीरा राजा के अलावा निर्माण एजेंसी धनबाद वाटर वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर और उनकी टीम भी मौजूद रही। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी सियालगुदरी-चिरुडीह सड़क को बिना सक्षम अनुमति काटकर लगभग 10 फीट गहरा गड्ढा बना दिया गया है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि सीपीएचईईओ मैनुअल-2012 के अनुसार 21 एमएलडी क्षमता वाले एसटीपी के लिए सड़क से 20 मीटर की दूरी आवश्यक है, लेकिन निर्माण कार्य सड़क से सटाकर किया जा रहा है। इसके अलावा खेतों और तालाबों तक जाने वाली पगडंडियों तथा मनरेगा सड़क को बिना वैकल्पिक व्यवस्था के काट देने, ग्रामीण सड़क पर भारी वाहनों के परिचालन और निर्माण स्थल पर डीपीआर, एनओसी व भूमि संबंधी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने का भी मुद्दा उठाया गया। सहायक नगर आयुक्त ने सभी पक्षों की बातें सुनने के बाद मामले में शीघ्र खुली जनसुनवाई या ग्रामसभा आयोजित कराने का आश्वासन दिया। साथ ही निर्माण एजेंसी को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने, खुले गड्ढों की तत्काल बैरिकेडिंग कराने, चेतावनी बोर्ड लगाने तथा सड़क कटिंग और निर्माण से संबंधित सभी अनुमतियों एवं दस्तावेजों की विभागीय जांच कराने का निर्देश दिया।

# अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध व अवैध तस्करी विरोधी दिवस पर विभिन्न स्थानों पर हुए व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम



''नशे को ना, जिन्दगी को हां''

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के राष्ट्रव्यापी नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को धनबाद जिले में विभिन्न स्थानों पर व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश निकेश कुमार सिन्हा के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रमों में युवाओं से नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन अपनाने का आह्वान किया गया।

मंडल कारा धनबाद में आयोजित कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के सचिव सह अवर न्यायाधीश मयंक तुषार टोपनो ने कहा कि अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराकर उन्हें सम्मानजनक और स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करना है।

वहीं बरवड्डा स्थित आरोग्य भवन नशामुक्ति केंद्र में लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम (एलएडीसीएस) के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को बर्बादी की ओर ले जाता है।

एलएडीसीएस के असिस्टेंट सुमन पाठक ने कहा कि नशे की लत से अनेक परिवार टूट रहे हैं और युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। अभियान के तहत निरसा, तोपचांची, टुंडी और गोविंदपुर प्रखंडों में भी रैली, नुक्कड़ नाटक और विधिक साक्षरता शिविरों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

मयंक तुषार टोपनो ने कहा कि नशे जैसी सामाजिक बुराई को केवल कानून के सहारे समाप्त नहीं किया जा सकता, बल्कि इसके लिए समाज के हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। कार्यक्रम में एलएडीसीएस के चीफ कुमार विमलेंदु, जेलर दिनेश वर्मा, राहुल सिंह, सुकांतो चक्रवर्ती सहित बड़ी संख्या में पैरालीगल वॉलंटियर एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### बीआईटी सिन्दरी में श्रमिकों को दिलायी गयी नशामुक्ति की शपथ



**सिन्दरी (धनबाद)** : नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शुक्रवार को बीआईटी सिंदरी परिसर में निमार्णाधीन भवनों पर कार्यरत श्रमिकों के लिए नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिकों एवं कर्मचारियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना था। अभियान के नोडल पदाधिकारी डॉ. निशिकांत किस्कू के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम का समन्वयन प्रो. प्रशांत रंजन मालवीय ने किया। डॉ. किस्कू ने नशा मुक्त भारत अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नशे की बढ़ती प्रवृत्ति समाज, परिवार और स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। उन्होंने सभी से नशे से दूर रहकर सुरक्षित एवं स्वस्थ जीवन जीने का आह्वान किया। कार्यक्रम में डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. राजेंद्र मुर्मू, डॉ. संग्राम हेंब्रम, डॉ. जितेंद्र नाथ महतो तथा डॉ. नरेश प्रसाद ने नशे के सामाजिक, पारिवारिक और स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों की जानकारी दी तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी की अपील की। अंत में प्रो. प्रशांत रंजन मालवीय ने सभी प्रतिभागियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। वहीं डॉ. किस्कू ने झारखंड सरकार के नशा मुक्ति अभियान की जानकारी देते हुए इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

सम्पादकीय.....

## वर्दी का भय या कानून का विश्वास ?

**लोकतंत्र** की सफलता केवल चुनावों,सरकारों और संवैधानिक संस्थाओं से नहीं मापी जाती, बल्कि इस बात से भी आंकी जाती है कि आम नागरिक स्वयं को कितना सुरक्षित, सम्मानित और स्वतंत्र महसूस करता है। जब कोई नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता या पत्रकार अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए भयमुक्त होकर प्रश्न पूछ सकता है, तभी लोकतंत्र वास्तव में जीवंत माना जाता है। लेकिन जब कानून की रक्षा करने वाली संस्थाओं पर ही भय पैदा करने के आरोप लगने लगें, तब लोकतंत्र के सामने गंभीर प्रश्न खड़े हो जाते हैं। झारखंड राज्य स्थित गोड्डा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लालपुर गाँव में 25 जून 2026 को सामने आई एक कथित घटना ने ऐसे ही अनेक सवालों को जन्म दिया है। आरोप है कि सादे वेश में कुछ पुलिसकर्मी बिना नंबर प्लेट वाले वाहन से गाँव पहुँचे और स्थानीय लोगों से पूछताछ के दौरान पुलिसिया रौब दिखाया। आरोप यह भी है कि एक मान्यता प्राप्त पत्रकार द्वारा अपना परिचय पत्र दिखाने के बावजूद उनके साथ कथित रूप से अभद्र व्यवहार किया गया। यद्यपि इन आरोपों की निष्पक्ष जाँच और पुलिस प्रशासन का पक्ष सामने आना अभी शेष है, फिर भी यह घटनाक्रम लोकतंत्र, पत्रकारिता और पुलिस जवाबदेही पर व्यापक चर्चा की माँग करता है। सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या पत्रकार भीड़ का हिस्सा है? इसका उत्तर स्पष्ट रूप से ह्रनहीं है। पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। वह न सत्ता का प्रतिनिधि होता है और न ही विपक्ष का। उसका दायित्व जनता और शासन के बीच सूचना का सेतु बनना है। संविधान के अनुच्छेद 19(1)(क) के अंतर्गत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का जो अधिकार नागरिकों को प्राप्त है, पत्रकार उसी अधिकार का सामाजिक विस्तार है। उल्लेखनीय है कि इस प्रकरण से जुड़े पत्रकार पिछले लगभग तीन दशकों से देश की राजधानी दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों में सक्रिय पत्रकारिता कर रहे हैं। वे अनेक राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय पत्रकार संगठनों, प्रेस एसोसिएशनों तथा पत्रकार मंचों से जुड़े रहे हैं और जनसरोकार, प्रशासनिक जवाबदेही, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा ग्रामीण भारत से जुड़े विषयों पर लगातार लेखन करते रहे हैं। ऐसे में यदि किसी वरिष्ठ और मान्यता प्राप्त पत्रकार के साथ भी कथित रूप से अभद्र व्यवहार या धमकी जैसी स्थिति उत्पन्न होती है, तो यह प्रश्न केवल एक व्यक्ति की गरिमा का नहीं रह जाता, बल्कि पत्रकारों की कार्य-स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों की सुरक्षा से भी जुड़ जाता है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने अनेक अवसरों पर कहा है कि प्रेस की स्वतंत्रता लोकतंत्र की आत्मा है। यदि पत्रकार भयमुक्त नहीं रहेगा, तो जनता तक सत्य और सूचना का प्रवाह भी बाधित होगा। इसलिए किसी पत्रकार के साथ कथित दुर्व्यवहार केवल एक व्यक्ति का मामला नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिक स्वतंत्रता से जुड़ा विषय बन जाता है। दूसरी ओर यह भी उतना ही सत्य है कि पुलिस किसी भी राज्य की रीढ़ होती है। झारखंड जैसे राज्य में पुलिस की भूमिका और भी चुनौतीपूर्ण है। राज्य लंबे समय तक नक्सलवाद, संगठित अपराध, अवैध खनन, साइबर अपराध तथा सामाजिक तनावों जैसी समस्याओं से जूझता रहा है। हाल के वर्षों में झारखंड पुलिस ने अपराध नियंत्रण और उग्रवाद विरोधी अभियानों में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। अपराधियों की गिरफ्तारी, अवैध हथियारों की बरामदगी और साइबर अपराध के विरुद्ध कार्रवाई पुलिस की महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ रही हैं। गोड्डा जिला भी इससे अछूता नहीं है। जिले में समय-समय पर अवैध हथियारों, आपराधिक गिरोहों, भूमि विवादों तथा संगठित अपराधों के विरुद्ध अभियान चलाए जाते रहे हैं।

# बदलते मौसम का बढ़ता जोखिम

विशेष **डॉ. सत्यवान सौरभ**



बदलते मौसम और जलवायु परिवर्तन के दौर में मानसून से जुड़े खतरे पहले की तुलना में अधिक गंभीर और व्यापक हो गए हैं। यही कारण है कि मौसम संबंधी जोखिम आज केवल वैज्ञानिक अध्ययन का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और मानवीय चिंता का प्रश्न भी बन चुके हैं। वर्तमान समय में यह स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि मौसम की पारंपरिक प्रकृति में परिवर्तन आ रहा है। पहले जहाँ वर्षा अपेक्षाकृत नियमित और संतुलित होती थी, वहीं अब लंबे समय तक सूखा रहने के बाद अचानक अत्यधिक वर्षा होने लगी है। इसी प्रकार गरज-चमक वाले तूफानों और आकाशीय बिजली की घटनाओं में भी वृद्धि देखी जा रही है। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी के बढ़ते तापमान ने वायुमंडल की संरचना और व्यवहार को प्रभावित किया है।

**भारत** में मानसून केवल एक ऋतु नहीं है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था, कृषि, जल-संसाधनों और जनजीवन की धुरी है। सदियों से मानसून को जीवनदायी माना जाता रहा है क्योंकि इसकी वर्षा खेतों को हरियाली देती है, नदियों और जलाशयों को भरती है तथा भीषण गर्मी से राहत प्रदान करती है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में मानसून का स्वरूप तेजी से बदलता दिखाई दे रहा है। अब यह केवल राहत लेकर नहीं आता, बल्कि अपने साथ अनेक प्रकार के जोखिम भी लेकर आता है। कहीं अचानक बादल फटने की घटनाएँ होती हैं, कहीं तेज हवाओं और गरज-चमक वाले तूफानों से जनजीवन प्रभावित होता है, तो कहीं आकाशीय बिजली लोगों की जान ले लेती है। बदलते मौसम और जलवायु परिवर्तन के दौर में मानसून से जुड़े खतरे पहले की तुलना में अधिक गंभीर और व्यापक हो गए हैं। यही कारण है कि मौसम संबंधी जोखिम आज केवल वैज्ञानिक अध्ययन का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और मानवीय चिंता का प्रश्न भी बन चुके हैं। वर्तमान समय में यह स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि मौसम की पारंपरिक प्रकृति में परिवर्तन आ रहा है। पहले जहाँ वर्षा अपेक्षाकृत नियमित और संतुलित होती थी, वहीं अब लंबे समय तक सूखा रहने के बाद अचानक अत्यधिक वर्षा होने लगी है। इसी प्रकार गरज-चमक वाले तूफानों और आकाशीय बिजली की घटनाओं में भी वृद्धि देखी जा रही है। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी के बढ़ते तापमान ने वायुमंडल की संरचना और व्यवहार को प्रभावित किया है। वातावरण में अधिक ऊर्जा और अधिक नमी उपलब्ध होने के कारण मौसमीय घटनाएँ अधिक तीव्र और अनिश्चित हो रही हैं। इसका सीधा असर मानव जीवन, कृषि, बुनियादी ढाँचे और प्राकृतिक संसाधनों पर पड़ रहा है।

आकाशीय बिजली उन प्राकृतिक घटनाओं में से एक है जो हर वर्ष हजारों लोगों को प्रभावित करती है। भारत में बिजली गिरने से होने वाली मौतों की संख्या कई अन्य प्राकृतिक आपदाओं की तुलना में अधिक रहती है। विशेष चिंता का विषय यह है कि अधिकांश पीड़ित ग्रामीण क्षेत्रों से होते हैं, जहाँ बड़ी संख्या में लोग खुले वातावरण में काम करते हैं। किसान, खेतिहर मजदूर, पशुपालक और निर्माण कार्यों से जुड़े श्रमिक मौसम के इन खतरों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। जब अचानक बादल घिरते हैं और गरज-चमक शुरू होती है, तब कई लोग खतरे की गंभीरता को नहीं समझ पाते और खुले स्थानों पर ही बने रहते हैं। परिणामस्वरूप आकाशीय बिजली की चपेट में आकर अनेक लोगों की जान चली जाती है। वैज्ञानिक दृष्टि से देखा जाए तो आकाशीय बिजली का निर्माण वायुमंडल में होने वाली जटिल प्रक्रियाओं का परिणाम है। जब धरातल अत्यधिक गर्म हो जाता है और उसके ऊपर की परतों में अपेक्षाकृत ठंडी हवा मौजूद रहती है, तब गर्म और नम हवा तेजी से ऊपर उठने लगती है। यह प्रक्रिया संवहन कहलाती है। ऊपर उठती हुई हवा ठंडी होकर संघनित होती है और बादलों का निर्माण करती है। यदि वातावरण में पर्याप्त नमी और ऊर्जा मौजूद हो, तो ये बादल विशाल क्यूम्यलोनिम्बस बादलों का रूप ले लेते हैं। इन्हीं बादलों में पानी की बूंदों, बर्फ के कणों और ओलों के बीच होने वाली टक्करों से विद्युत आवेश उत्पन्न होते हैं। जब आवेशों का असंतुलन अत्यधिक बढ़ जाता है, तब बिजली चमकती है और धरती तथा बादलों के बीच विद्युत निर्वहन होता है।

मानसून के दौरान समुद्रों से आने वाली नम हवाएँ भारतीय उपमहाद्वीप के अधिकांश हिस्सों में पहुँचती हैं। ये हवाएँ बड़ी मात्रा में जलवाष्प लेकर आती हैं, जो बादलों के निर्माण और वर्षा के लिए आवश्यक होती है। लेकिन यही नमी जब अत्यधिक गर्म वातावरण से मिलती है, तो शक्तिशाली तूफानों का निर्माण भी कर सकती है। नमी और तापमान का यह संयोजन मौसमीय अस्थिरता को बढ़ाता है। यही कारण है कि मानसून के महीनों में गरज-चमक और बिजली गिरने की घटनाएँ अधिक होती हैं। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि जैसे-जैसे वैश्विक तापमान बढ़ेगा, वैसे-वैसे वायुमंडल अधिक नमी धारण करेगा और इस प्रकार की घटनाओं की संभावना भी बढ़ती जाएगी। जलवायु परिवर्तन इस पूरे परिदृश्य का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। औद्योगीकरण, जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग, वनों की कटाई और अनियंत्रित शहरीकरण ने वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा बढ़ा दी है। इसके परिणामस्वरूप पृथ्वी का औसत तापमान लगातार बढ़ रहा है। तापमान में यह वृद्धि केवल गर्मी बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे मौसम तंत्र को प्रभावित कर रही है। गर्म वातावरण अधिक नमी धारण करता है, जिससे तीव्र वर्षा और गरज-चमक वाले तूफानों की संभावना बढ़ जाती है। यही कारण है कि आज मौसम पहले की तुलना में अधिक अनिश्चित और चरम दिखाई देता है। शहरीकरण भी मौसमीय जोखिमों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बड़े शहरों में कंक्रीट, डामर और भवनों की अधिकता के कारण हीट आइलैंड प्रभाव उत्पन्न होता है।

# आखिर नागरिकता साबित करने के लिए कौन-सा दस्तावेज वैध ?

गौरतलब **सौरभ वार्ष्णेय**



आम नागरिक का सबसे बड़ा सवाल यही है—यदि आधार, वोटर आईडी, पैन कार्ड और यहां तक कि पासपोर्ट भी अंतिम प्रमाण नहीं हैं, तो आखिर भारतीय नागरिकता सिद्ध कैसे होगी? लोकतंत्र में सबसे बड़ी शक्ति नागरिक का विश्वास होता है। यदि नागरिक को अपने ही अधिकारों के प्रमाण को लेकर असमंजस रहे, तो यह स्थिति किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं कही जा सकती।

**भारत** में नागरिकता को लेकर एक बार फिर राष्ट्रीय बहस तेज हो गई है। विदेश मंत्रालय द्वारा यह स्पष्ट किए जाने के बाद कि पासपोर्ट अपने-आप में नागरिकता का अंतिम और निर्णायक प्रमाण नहीं है, विपक्ष ने सरकार पर सवाल उठाए हैं, जबकि सरकार का कहना है कि नागरिकता का निर्धारण केवल किसी एक दस्तावेज से नहीं, बल्कि कानून और उपलब्ध साक्ष्यों के समग्र परीक्षण के आधार पर होता है। यह विवाद केवल कानूनी नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों और नागरिकों के भरोसे से भी जुड़ा है। आम नागरिक का सबसे बड़ा सवाल यही है—यदि आधार, वोटर आईडी, पैन कार्ड और यहां तक कि पासपोर्ट भी अंतिम प्रमाण नहीं हैं, तो आखिर भारतीय नागरिकता सिद्ध कैसे होगी? लोकतंत्र में सबसे बड़ी शक्ति नागरिक का विश्वास होता है। यदि नागरिक को अपने ही अधिकारों के प्रमाण को लेकर असमंजस रहे, तो यह स्थिति किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं कही जा सकती। इसलिए समय की मांग है कि नागरिकता प्रमाणन की प्रक्रिया स्पष्ट, सर्वसुलभ और विवाद-मुक्त बनाई जाए, ताकि किसी भी भारतीय को अपनी नागरिकता साबित करने के प्रश्न पर अनिश्चितता का सामना न करना पड़े।

सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि पहचान और नागरिकता एक जैसी नहीं हैं। आधार कार्ड आपकी पहचान और निवास का प्रमाण है। वोटर आईडी मतदान के अधिकार का प्रमाण है। पैन कार्ड आयकर संबंधी पहचान है। ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाने की अनुमति देता है। पासपोर्ट विदेश यात्रा और अंतरराष्ट्रीय पहचान का दस्तावेज है। लेकिन इनमें से कोई भी दस्तावेज अकेले नागरिकता का अंतिम कानूनी प्रमाण नहीं माना जाता। आखिर नागरिकता कैसे तय होती है? भारत में नागरिकता का आधार नागरिकता अधिनियम, 1955 है। इस कानून के अनुसार नागरिकता प्राप्त करने के प्रमुख आधार हैं—जन्म के आधार पर, वंश के आधार पर, पंजीकरण द्वारा, प्राकृतिककरण द्वारा, किसी क्षेत्र के भारत में विलय के आधार पर। यदि किसी व्यक्ति की नागरिकता पर प्रश्न उठता है तो संबंधित प्राधिकारी उपलब्ध दस्तावेजों, जन्म संबंधी अभिलेखों, माता-पिता की नागरिकता, सरकारी रिकॉर्ड तथा अन्य कानूनी साक्ष्यों का समग्र मूल्यांकन करता है। कोई एक दस्तावेज हर परिस्थिति में निर्णायक नहीं होता।

## आज का इतिहास

- महिलाओं की पहली पत्रिका 1693 में "Ladies' Mercury" लंदन में प्रकाशित हुई।
- कनाडाई संसद ने 1946 में कनाडाई नागरिकता अधिनियम में कनाडाई नागरिकता को परिभाषित किया।
- संयुक्त राष्ट्रसंघ सुरक्षा परिषद् का प्रस्ताव 1950 में अपनाया गया।
- ब्रिटेन की मेडिकल रिसर्च काउंसिल ने 1957 में एक रिपोर्ट जारी की जिसमें बताया गया कि धूम्रपान की वजह से फेफड़ों का कैंसर हो सकता है। ये रिपोर्ट 25 साल के शोध पर आधारित थी।
- जी-8 देश परमाणु हथियार नष्ट करने की रूसी योजना पर 2002 में सहमत।
- संयुक्त राज्य अमेरिका में समलैंगिकता पर 2003 में प्रतिबंध रद्द।
- अमेरिका और यूरोपीय संघ ने 2004 में जी.पी.एस. गैलेलियो के विकास में सहयोग से संबंधित समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- ब्रिटेन ने 2005 में भारत की वीटो रहित स्थायी सदस्यता का समर्थन किया।
- गुयेन मिन्ह ट्रयेट वियतनाम के राष्ट्रपति 2006 में चुने गये।
- जेम्स गार्डन ब्राउन ने 2007 में ब्रिटिश प्रधानमंत्री का पद सम्भाला। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर ने महारानी एलिजाबेथ को अपना त्याग पत्र सौंपा।
- भारत व पाकिस्तान ने 2008 में ईरान से आने वाली गैस पाइप लाइन परियोजना को चालू करने के लिए आ रही रुकावटों को हल किया।
- पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के सहअध्यक्ष आसिफ अली 2008 में जरदारी छह दिवसीय विदेश यात्रा के पहले चरण में तुर्की रवाना हुए।
- भारत के फि ल्म इतिहास में अपना एक खास मुकाम रखनेवाले सत्यजित राय की तस्वीर को संयुक्त राष्ट्र ने 2015 में अपने मुख्यालय में प्रदर्शित करने का फैसला किया।
- राष्ट्रगीत के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय का जन्म 1838 में हुआ।
- जर्मनी के मशहूर गर्भविज्ञानी हैंस स्पेमैन का जन्म 1869 में हुआ था।
- तमिल भाषा के साहित्यकार अकिलन का जन्म 1922 में हुआ।

## किसने क्या कहा



नशे से मुक्ति के लिए 'रूथलेस अप्रोच' के साथ आगे बढ़ना पड़ेगा

**अमित शाह**
गृहमंत्री



कृषि और किसानों की समृद्धि से होकर जाता है विकसित भारत का मार्ग

**शिवराज सिंह चौहान**
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री

## अंकजाल - 8311

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 26 | 14 | 12 | ■ | 32 | 29 | 15 | 19 | ■ |
| 19 | 9 | | 7 | ■ | 5 | | 4 | | 23 |
| 14 | | 7 | | ■ | | 7 | | 3 | 23 |
| 10 | 8 | | ■ | | 4 | | 6 | | 22 |
| 38 | | 2 | | 7 | | 9 | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 6 | | 3 | | 4 | | 31 |
| 20 | | 5 | | 3 | | ■ | | 8 | 16 |
| 23 | 5 | | 6 | | ■ | | 8 | | 21 |
| 21 | | 5 | | 7 | ■ | 3 | | 7 | 12 |
| ■ | 10 | 18 | 29 | 31 | ■ | 9 | 22 | 27 | ■ |

### अंकजाल 8310 का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 15 | 19 | 24 | 33 | ■ | 8 | 22 | 20 | ■ |
| 23 | 7 | 5 | 3 | 8 | ■ | 5 | 4 | 9 | 18 |
| 22 | 2 | 7 | 5 | 8 | ■ | 3 | 4 | 2 | 9 |
| 32 | 6 | 7 | 9 | 3 | 7 | ■ | 5 | 7 | 12 |
| ■ | ■ | ■ | 2 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 | 33 |
| 32 | 3 | 8 | 5 | 6 | 7 | 3 | ■ | ■ | ■ |
| 7 | 2 | 5 | ■ | 3 | 4 | 7 | 8 | 8 | 30 |
| 19 | 5 | 8 | 6 | ■ | 6 | 8 | 7 | 3 | 24 |
| 18 | 5 | 6 | 7 | ■ | 3 | 2 | 7 | 2 | 14 |
| ■ | 15 | 27 | 13 | ■ | 34 | 28 | 22 | 13 | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## क्रोध का जवाब क्रोध नहीं

**एक** बार एक ब्राह्मण ने महात्मा बुद्ध को अपने घर आकर, भोजन करने का निमंत्रण दिया। जब बुद्ध वहां पहुंचे तो उन्होंने पाया कि ब्राह्मण ने उन्हें किसी अन्य मकसद से वहां बुलाया था। ब्राह्मण उनकी निंदा करने लगा और उन्हें अपशब्द कहने लगा। बुद्ध ब्राह्मण के वचनों के वार चुपचाप सहते रहे। अंत में बुद्ध ने कहा,हे ब्राह्मण जी, क्या आपके घर में मेहमान आते रहते हैं? हां, आते हैं। ब्राह्मण ने उत्तर दिया। बुद्ध ने पूछा,जब मेहमान आते हैं तो आप उनके लिए क्या भोजन बनाते हैं? ब्राह्मण ने उत्तर दिया,हम एक बड़े भोज की तैयारी करते हैं। बुद्ध ने पूछा, अगर वे नहीं आते तो आप क्या करते हैं? ब्राह्मण बोला, हम भोज स्वयं खा लेते हैं। बुद्ध बोले,अच्छा, तुमने मुझे भोजन पर बुलाया पर तुमने मेरा स्वागत कठोर वचनों और आलोचना से किया। लगता है कि जो भोज तुम मुझे परोसने वाले थे, वह इसी का है। मैं तुम्हारे द्वारा परोसे भोजन को नहीं खाना चाहता। कृपया इसे वापस ले लो और स्वयं खाओ। बुद्ध ने महसूस किया कि जो भोज उन्हें दिया गया था, वह खाद्य पदार्थों का नहीं, बल्कि गालियों का था। उन्होंने वापस मुड़कर ब्राह्मण का तिरस्कार करने और उसे अपशब्द कहने के बजाय उसके प्रोध को स्वीकार नहीं किया। बल्कि वे उस स्थान से चले गए। इस प्रकार, प्रोध उसी के साथ रहा जो उसे प्रकट कर रहा था।

## सुविचार

शाश्वत शांति की प्राप्ति के लिए शांति की इच्छा नहीं, बल्कि आवश्यक है इच्छाओं की शांति।
**स्वामी ज्ञानानंद**

मनुष्य का सच्चा जीवन साथी विद्या ही है, जिसके कारण वह विद्वान कहलाता है।
**स्वामी दयानन्द**

## राशिफल

**मेष** कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**तुला** लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**वृष** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**मिथुन** व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें।

**धनु** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

**कर्क** अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**मकर** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**सिंह** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कुंभ** आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**कन्या** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मीन** बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

# क्या भारतीय महिलाओं की पहचान सोनम मुस्कान और सिया बनेंगी ?



**मनोज कुमार अग्रवाल**

**करीब** दो साल पहले हनीमून ट्रिप पर अपने पति राजा रघुवंशी को अपने प्रेमी के साथ मिल कर मौत के घाट उतारने वाली सोनम की तर्ज पर ही अब पुणे की एक युवती ने अपने आशिक के साथ मिलकर अपने अरबपति बिजनेसमैन मंगेतर को पहाड़ी से धक्का देकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने घटना के पांच दिन बाद मामले की सघन जांच कर युवती सिया गोयल और उसके आशिक प्रेमी चेतन बाबूलाल चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। यह वारदात समाज में पनप रहे लव अफेयर्स और प्रेमी को पाने के लिए हिंसा की ओर प्रवृत होती युवा पीढ़ी का अनावरण करती है वहीं दूसरी ओर इश्क के जुनून में बेगुनाह मंगेतर और पति के कत्ल से भी गुरेज नहीं करने वाली कथित एलीट एजुकेटेड बिंदास लड़कियों के व्यवहार में हो रहे बर्बरता भरे हिंसक व्यवहार का भी खुलासा करती है।

सावधान यदि आप किसी लड़की के रंगरूप आकर्षक शरीर सौष्ठव भोले चेहरे को देख कर अपना जीवन साथी बना रहे हैं तो पहले उसके बीते और वर्तमान दिनचर्या की ढंग से पड़ताल कर लें अन्यथा इंदौर के राजा रघुवंशी और पुणे के केतन अग्रवाल की तरह अपनी मंगेतर सिया या सोनम के हाथों जान गंवा सकते हैं। पहले ये सब फिल्मी परदे या ओटीटी चैनल पर देखने को मिलता था लेकिन अब आए दिन कथित माडर्न लिबरल गर्ल्स से लेकर अनपढ़ गंवार समझी जाने वाली ग्रामीण युवतियां भी अपने प्रेमियों के हाथों पति का नृशंस कत्ल करा कर फर्जी कहानियां गढ़ कर मगरमच्छी आंसू बहा देती है। बाद में पुलिस इन वारदातों का अनावरण कर ऐसा सच सामने लाती है कि कलेजा कांप जाता है।

महाराष्ट्र के पुणे से एक ऐसा सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने हर किसी को झकझोर कर रख दिया है। पुणे के एक नामी रियल एस्टेट कंपनी के डायरेक्टर केतन विशाल अग्रवाल के हत्या के मामले में अब जैसे-जैसे खुलासे सामने आ रहे हैं, वैसे-वैसे ये मामला और बड़ा और भयावह बनता जा रहा हैशुरूआत से बात करें तो केतन की मौत लोहगढ़ किले की खाई में गिरने से हुई और इसे पहले महज एक हादसा समझा जा रहा था, लेकिन अब जब सच सामने आया तब यह हत्या का मामला बन गया है। मामले में पुलिस ने केतन की मंगेतर सिया गोयल और उसके प्रेमी चेतन बाबूलाल चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही दोनों आरोपियों को सात दिन की पुलिस हिरासत भेजा गया है। बता दें कि केतन और सिया की सगाई इसी साल फरवरी में हुई थी और नवंबर में राजस्थान के एक महल में उनकी शाही शादी होने वाली थी। दोनों 6 जून को प्री-वेडिंग फोटोशूट के लिए इंडोनेशिया के बाली जाने वाले थे।खबरों के मुताबिक दोनों परिवारों ने राजस्थान में शादी के लिए 17 करोड़ रुपये में एक महल बुक किया था और मेहमानों को लाने-ले जाने के लिए दो प्राइवेट प्लेन का भी इंतजाम किया गया था।

बाली जाने के लिए जब वे मुंबई एयरपोर्ट पहुंचे, तो बाकी सबके पासपोर्ट सुरक्षित थे, लेकिन सिर्फ केतन का पासपोर्ट गायब था। यह सिया गोयल की जानबूझकर साजिश थी ताकि पासपोर्ट न होने के कारण केतन बाली नहीं जा सका और उसे एयरपोर्ट से वापस लौटना पड़ा। पिता का आरोप है कि यह पूरी तरह सोची-समझी साजिश थी ताकि ट्रिप कैंसिल हो जाए। जानकारी के अनुसार बाली ट्रिप कैंसिल होने के बाद सिया ने एक नया प्लान बनाया।

# वेनेजुएला का भूकम्प : मानवीय त्रासदी और आपदा तैयारी की वैश्विक चेतावनी

गौरतलब **डॉ. प्रियंका सौरभ**



मलबे में दबे लोगों की पुकार, अपने परिजनों को खोजते परिवार, अस्पतालों में उपचार की प्रतीक्षा करते घायल, राहत शिविरों में अस्थायी जीवन और भय के साये में बीतती रातें यह बताती हैं कि आपदा का वास्तविक दर्द आँकड़ों से कहीं अधिक गहरा होता है। वेनेजुएला पहले से ही आर्थिक चुनौतियों, संसाधनों की कमी और प्रशासनिक दबावों का सामना कर रहा है।

**प्रकृति** जब अपना रौद्र रूप दिखाती है, तब वह मनुष्य की तकनीकी उपलब्धियों, आर्थिक प्रगति और प्रशासनिक दावों की वास्तविक परीक्षा लेती है। वेनेजुएला में आए शक्तिशाली भूकंप ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया कि कुछ ही क्षणों में वर्षों की मेहनत, सपने और सुरक्षित जीवन का भ्रम मलबे में बदल सकता है। धरती के कुछ सेकंड के कंपन ने न केवल इमारतों को गिराया, बल्कि हजारों परिवारों की उम्मीदों, आजीविका और भविष्य को भी गहरे संकट में डाल दिया।

भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाएँ केवल भू-गर्भीय घटनाएं नहीं होतीं; वे किसी राष्ट्र की तैयारी, शासन-व्यवस्था, सामाजिक संरचना और मानवीय संवेदनशीलता की भी परीक्षा होती हैं। मलबे में दबे लोगों की पुकार, अपने परिजनों को खोजते परिवार, अस्पतालों में उपचार की प्रतीक्षा करते घायल, राहत शिविरों में अस्थायी जीवन और भय के साये में बीतती रातें यह बताती हैं कि आपदा का वास्तविक दर्द आँकड़ों से कहीं अधिक गहरा होता है। वेनेजुएला पहले से ही आर्थिक चुनौतियों, संसाधनों की कमी और प्रशासनिक दबावों का सामना कर रहा है। ऐसे समय में आई यह प्राकृतिक आपदा केवल भौतिक विनाश तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं, संचार व्यवस्था, परिवहन, बिजली, पेयजल और राहत प्रणाली पर भी अतिरिक्त बोझ डालती है। यही कारण है कि किसी भी आपदा का प्रभाव उस समाज में अधिक व्यापक होता है, जहाँ बुनियादी ढाँचा पहले से ही कमजोर हो।

सबसे बड़ी विडंबना यह है कि आपदाएं सभी लोगों को समान रूप से प्रभावित नहीं करतीं। सुरक्षित और मजबूत भवनों में रहने वाले लोग अपेक्षाकृत कम नुकसान झेलते हैं, जबकि कमजोर निर्माण, अनियोजित बस्तियाँ और सीमित संसाधनों वाले परिवार सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। गरीब, श्रमिक, महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और दिव्यांग नागरिक आपदा की सबसे बड़ी कीमत चुकाते हैं। इसलिए प्राकृतिक आपदा धीरे-धीरे सामाजिक और आर्थिक असमानता का भी चेहरा बन जाती है। यहीं से शहरी नियोजन का महत्व सामने आता है। यदि शहरों का विकास वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप हो, भवनों का निर्माण भूकंप-रोधी तकनीक से किया जाए, खुले सुरक्षित स्थान उपलब्ध हों, आपातकालीन निकासी मार्ग विकसित किए जाएँ और अस्पतालों को आपदा-तैयार बनाया जाए, तो जान-माल की हानि को काफी हद तक कम किया जा सकता है। दुर्भाग्य से अनेक देशों में भवन निर्माण नियमों की अनदेखी, अवैध निर्माण और कमजोर निगरानी ऐसी त्रासदियों को और भयावह बना देते हैं। भूकंप के बाद के शुरूआती 72 घंटे सबसे महत्वपूर्ण माने जाते हैं। यही वह समय होता है जब मलबे में दबे लोगों को जीवित निकालने की संभावना सबसे अधिक रहती है। इसलिए राहत एवं बचाव कार्यों की गति, समन्वय और दक्षता ही अनेक लोगों के जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर तय करती है।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक** : नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)** : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# अकीदत और अमन के साथ निकला मुहर्रम का जुलूस

## एक झलक

### अस्पताल में इलाज के दौरान अज्ञात व्यक्ति की मौत

**मेदिनीनगर :** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक अज्ञात व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गयी। मालूम हो कि 22 जून को शहर थाना क्षेत्र के साहित्य समाज चौक के पास यह व्यक्ति सड़क पर घायल अवस्था में पड़ा हुआ था जिसे राहगीरों ने इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां कुछ दिन इलाज चलने के बाद शुक्रवार की सुबह उसकी मौत हो गई। वहीं मौत की सूचना मिलने पर अस्पताल पुलिस चौकी के पुलिस पदाधिकारी और पुलिस जवान विकास कुमार अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर शव को 72 घंटे के लिए पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया है ताकि अज्ञात व्यक्ति के परिजनों का पता चल सके l72 घंटे के अंदर यदि परिजनों का पता नहीं चला तो पुलिस के द्वारा कानूनी प्रक्रिया के बाद इसका दाह संस्कार कर दिया जाएगा।पुलिस ने आम जनों से आग्रह किया है की यदि कोई भी व्यक्ति इस अज्ञात व्यक्ति को पहचानते हैं तो इसके परिजनों को सूचना देने का कष्ट करें।

### निर्माणाधीन खेल स्टेडियम से जनरेटर चोरी

**लातेहार :** सदर प्रखंड के भुसूर स्थित निर्माणाधीन खेल स्टेडियम से 5 केवीए का जनरेटर चोरी होने का मामला सामने आया है। इस सम्बन्ध में बालाजी बिल्डर कम्पनी के सुपरवाइजर अखिलेश कुमार सिंह ने लातेहार थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के अनुसार, स्टेडियम निर्माण कार्य के दौरान बिजली आपूर्ति के लिए परिसर में 5 केवीए का जनरेटर रखा गया था। शुक्रवार सुबह गार्ड अवध किशोर यादव ने सूचना दी कि शौचालय के पास रखा जनरेटर गायब है। सूचना मिलने पर कंपनी के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आसपास खोजबीन की, लेकिन जनरेटर का कोई सुराग नहीं मिला। घटनास्थल पर जनरेटर को घसीट कर ले जाने के निशान नदी की ओर पाये गये हैं। आशंका जतायी जा रही है कि चोरी की घटना 25 जून की देर रात हुई। सुपरवाइजर ने आवेदन में उल्लेख किया है कि इससे पहले भी निर्माण स्थल पर छोटी-मोटी चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

### घरेलू विवाद में पति ने की पत्नी की हत्या

**गोड्डा :** गोड्डा जिले के राजाभीठा थाना क्षेत्र के अमरपुर गांव में घरेलू विवाद के बाद एक पति ने अपनी पत्नी की कथित रूप से गला दबाकर हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना गुरुवार देर रात की बतायी जा रही है। मृतका की पहचान होपनमय चौड़े के रूप में की गयी है, जबकि आरोपित पति मनु हांसदा को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मनु हांसदा नशे का आदी बताया जा रहा है और अक्सर पत्नी के साथ मारपीट करता था। बताया जाता है कि घटना की रात आरोपित नशे की हालत में घर पहुंचा और पत्नी के साथ विवाद करने लगा। इसी दौरान उसने कथित रूप से धोती से गला दबा कर पत्नी की हत्या कर दी। शोर-शराबा सुन कर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने पर गोड्डा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आकाश भारद्वाज और राजाभीठा थाना प्रभारी योगेश यादव दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।



प्रशासन की चौकस निगरानी में निकला ताजिया

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ में शुक्रवार को मोहर्रम का पर्व पूरे सम्मान, अकीदत और शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। इमाम हुसैन की शहादत की याद में ताजिया जुलूस निकाला गया, जिसमें मुस्लिम समुदाय के सैकड़ों लोग शामिल हुए। जुलूस के दौरान या हुसैन की सदाएं गूंजती रहीं और लोगों ने गमगीन माहौल में इमाम हुसैन को श्रद्धांजलि अर्पित की। ताजिया जुलूस निर्धारित मार्गों से होकर गुजरा। विभिन्न स्थानों पर लोगों ने जुलूस का स्वागत किया तथा शर्बत और पेयजल की व्यवस्था की गयी। युवाओं ने पारंपरिक करतब भी प्रस्तुत किये, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग सड़क किनारे मौजूद रहे। पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। जुलूस के दौरान प्रशासनिक अधिकारी लगातार निगरानी करते रहे। सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर की गयी थी। अधिकारियों ने जुलूस के पूरे मार्ग का निरीक्षण किया और व्यवस्था पर नजर बनाये रखी। प्रशासन की चौकसी और स्थानीय लोगों के सहयोग से मोहर्रम का जुलूस बिना किसी अप्रिय घटना के सम्पन्न हुआ। आयोजन के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे की मिसाल देखने को मिली। विभिन्न समुदायों के लोगों ने एक-दूसरे का सहयोग करते हुए शांति और सद्भाव का संदेश दिया। जुलूस के सकुशल सम्पन्न होने पर प्रशासन ने स्थानीय नागरिकों, आयोजन समिति तथा सभी समुदायों के लोगों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। पूरे आयोजन के दौरान क्षेत्र में शांति, अनुशासन और आपसी सौहार्द का माहौल बना रहा।

### मुहर्रम पर इफ्तेखार अहमद ने दी मुबारकबाद, कहा

## इमाम हुसैन की शहादत जुल्म के खिलाफ इंसाफ की मिसाल



**महुआडांड़ (लातेहार) :** मोहर्रम के मौके पर झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि इफ्तेखार अहमद ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत को नमन करते हुए राज्यवासियों को पर्व की मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि कर्बला की कुर्बानी केवल एक धर्म की नहीं, बल्कि पूरी इंसानियत के लिए सत्य, न्याय और बलिदान का संदेश है। इफ्तेखार अहमद ने अपने संदेश में कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने यजीद के जुल्म के आगे झुकने से इनकार किया और अपने 72 साथियों के साथ कर्बला के मैदान में शहादत दी। उनका बलिदान हर दौर में अन्याय और अत्याचार के खिलाफ डटकर खड़े होने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन का संदेश था कि हक और इंसाफ के लिए जान देना स्वीकार है, लेकिन जालिम के सामने सिर झुकाना नहीं। उन्होंने कहा कि मोहर्रम का महीना सब्र, कुर्बानी, भाईचारे और इंसानियत का संदेश देता है। इमाम हुसैन की शहादत के सदके झारखंड में हमेशा अमन, खुशहाली और गंगा-जमुनी तहजीब कायम रहे, यही दुआ है। कांग्रेस नेता ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे इमाम हुसैन के जीवन और चरित्र से प्रेरणा लें। मजलूम का साथ देना, अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना और समाज से नफरत को खत्म करना ही असली हुसैनियत है।

## डंडई में सौहार्द और उत्साह के साथ मनाया गया मुहर्रम, आकर्षक ताजिया मिलनी ने मोहा मन



**डंडई (गढ़वा) :** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को मोहर्रम का पर्व श्रद्धा, उत्साह और आपसी भाईचारे के माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय द्वारा एक से बढ़कर एक आकर्षक एवं रंग-बिरंगे ताजियों का निर्माण किया गया। क्षेत्र के विभिन्न गांवों से निकाले गए ताजियों को डंडई स्थित मिलनी स्थल पर एक-दूसरे से मिलाया गया, जिसने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। ताजिया मिलनी को लेकर मिलनी स्थल पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। पर्व को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहे। थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी दल-बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते रहे, जबकि प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ कार्यक्रम का जायजा लिया। मोहर्रम के अवसर पर लगे मेले में भी ग्रामीणों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। लोग अपने परिवार और बच्चों के साथ मेले में पहुंचे तथा विभिन्न प्रकार की घरेलू एवं मनोरंजन संबंधी वस्तुओं की खरीदारी की। इस अवसर पर झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने कहा कि मोहर्रम मुस्लिम समाज का प्रमुख पर्व है, जिसे लेकर लोगों में विशेष उत्साह और उमंग रहती है। उन्होंने कहा कि विभिन्न गांवों में बनाए गए ताजियों का डंडई के मिलनी स्थल पर मिलान कराया जाना आपसी भाईचारे, प्रेम और सामाजिक एकता का प्रतीक है। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष तेज बहादुर सिंह ने कहा कि डंडई प्रखंड में सभी धर्मों के त्योहार आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाए जाते हैं। चाहे हिंदू समाज का पर्व हो या मुस्लिम समाज का, सभी लोग मिल-जुलकर पूरे सम्मान और पवित्रता के साथ त्योहार मनाते हैं। उन्होंने कहा कि मोहर्रम के अवसर पर ताजिया मिलनी का आयोजन सामाजिक समरसता और एकता का संदेश देता है। मौके पर बीडीओ देवलाल करमाली, सीओ जयशंकर पाठक, नकछेदीकांत राम, राजेश मेहता, अशोक प्रसाद, मिथिलेश प्रसाद, मोहम्मद हनीफ शेख, आफताब आलम, अकलीम अंसारी, यासीन अंसारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मुहर्रम पर मनिका में निकला ताजिया युवाओं ने दिखाये हैरतअंगेज करतब



**मनिका (लातेहार) :** इमाम हसन और इमाम हुसैन की याद में मनाए जाने वाले मोहर्रम के अवसर पर शुक्रवार को मनिका प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में ताजिया निकाला गया। नामुदाग, बांडी मस्जिद, भटकों और बांडी गांव से आकर्षक सजावट व रंग-बिरंगे ताजियों के साथ जुलूस निकला। बांडी और नामुदाग के ताजिए मनिका हाई स्कूल खेल मैदान पहुंचे, जहां दोनों गांवों के ताजियों का पारंपरिक मिलन कराया गया ।इस दौरान बांडी गांव के मस्जिद टोला का ताजिया लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। जुलूस में शामिल मुस्लिम समुदाय के लोग हाथों में झंडे लिए या अली और या हुसैन के नारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे ।हाई स्कूल मैदान पहुंचने के बाद युवाओं ने पारंपरिक लाठी खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने विभिन्न हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों का खूब मनोरंजन किया। मैदान में बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने करतबों की सराहना की। जानकारी के अनुसार मनिका प्रखंड क्षेत्र में कुल 34 मोहर्रम इमामबाड़ा कमेटियां हैं। सभी कमेटियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में आकर्षक ताजिए तैयार किए और जुलूस निकालकर मोहर्रम मनाया।

## ताजियों के साथ निकला मुहर्रम का जुलूस, सौहार्द व शांति का दिया संदेश



**मेदिनीनगर :** सतबरवा थाना अंतर्गत पोलपोल, सरजा, सोनपुरवा व आसपास के क्षेत्रो में मुहर्रम के अवसर पर शुक्रवार को शहादत और गम का पर्व पारंपरिक श्रद्धा एवं अनुशासन के साथ मनाया गया. विभिन्न मुस्लिम कमेटियों की ओर से ताजियों के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। विभिन्न गांवों से दर्जनों छोटे-बड़े ताजिए शामिल हुए। जिसका मिलान पोलपोल में किया गया। साथ ही जगह- जगह गोल लगा कर लाठी, तलवारबाजी आदि शस्त्र चालन का प्रदर्शन किया गया। जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। इस मौके पर शिक्षक व मुखिया पति भरदुल कुमार सिंह ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने सत्य और इंसाफ की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। उनके जीवन से सत्य, शांति और भाईचारे का संदेश मिलता है। वहीं, पलामू जिला कांग्रेस कमिटी के महासचिव विवेकानंद त्रिपाठी ने कहा कि मुहर्रम का पर्व हमे यह संदेश देता है कि जान भले ही चली जाय लेकिन अन्याय अधर्म के रास्ते पर कभी नही चलना चाहिए। मौके पर सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल थे।

## शहर से लेकर गांव तक निकाला गया मुहर्रम पहलाम का जुलूस



**मेदिनीनगर :** इमाम हुसैन की शहादत की याद में पहलाम का जुलूस निकाला गया। मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के नेतृत्व में शहर के विभिन्न मोहल्लों से ताजिया, निशान और अखाड़ों के साथ जुलूस निकलकर देर रात अपने-अपने क्षेत्र के कर्बला मैदान में पहलाम कर संपन्न होगा। जुलूस का प्रारंभ पहाड़ी मोहल्ला स्थित कर्बला मैदान से हुआ, जो मुस्लिम मोहल्ला, शाह मोहल्ला, कुंड मोहल्ला होते हुए कनीराम चौक पहुंचा। नावाटोली और राइन मोहल्ला से भी जुलूस निकला, जो सद्दीक मंजिल चौक, तिकोनिया होते हुए बाजार क्षेत्र में अन्य जुलूसों के साथ मिलान करता हुआ राहत नगर, हुसैन नगर, कसाव मुहल्ला, शास्त्री नगर, माली मोहल्ला, धोबी मुहल्ला, सतार सेठ चौक, पंचमुहान होते हुए छहमुहान पहुंचा। छहमुहान पर गोल जमा कर युवाओं ने पारंपरिक हथियारों के करतब दिखाए, जिसे देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। इसके बाद जुलूस जिला स्कूल चौक, सेवा सदन रोड, गिरिवर स्कूल होकर कोयल नदी पुल पर पहुंचा, जहां शाहपुर के अखाड़े से मिलन हुआ। पुनः जुलूस शिवाला रोड, आढ़त रोड, कन्नीराम चौक होते हुए अपने-अपने क्षेत्र के कर्बला मैदान पहुंचा। पूरे मार्ग में या हुसैन या अली के गूंजते नारों और मातमी गीतों ने माहौल को गमगीन बनाए रखा। इस अवसर पर शहर के चौक-चौराहों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों से मातमी गीत बजाए जा रहा था। नौजवान कमेटी (सब्जी बाजार)तारा सितारा हुसैन कमेटी, हेडेक एंड टेंशन कमेटी, आलमदार कमेटी, नूरे हुसैन कमेटी, इब्ने अली हुसैन कमेटी, मन्नत ए हुसैन कमेटी, नवजवान हुसैनिया कमेटी बैरिया, न्यू मिल्लत ए आजाद कमेटी सुदना, शहादत ए हुसैन कमेटी, शाने हुसैन कमेटी, इस्लामिया कमेटी सिंगरा सहित अनेक कमेटियों द्वारा आकर्षक ताजिया निकाला गया ।वही पुलिस प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक प्रबंध किए थे ।वही जगह-जगह स्टॉल लगाकर खिचड़ा, खीर, पानी, शरबत आदि का वितरण किया गया। छहमुहान पर तंजीमुल अंसार समिति द्वारा पगड़ी पोसी कर कई लोगों को सम्मानित भी किया गया। मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के जेनरल खलीफा जीशान खान, पूर्व जनरल महताब आलम उर्फ पिंटू,मुस्तफा कमाल, मुन्ना खान, मोहम्मद नेयाज अहमद, सन्नु सिद्दीकी, मासूम अंसारी, सोनू खान, तालिब खान, आसिफ रयान उर्फ मोनू, सैफ खान, जाफर महबूब सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मुहर्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट, डीसी-एसपी ने संवेदनशील क्षेत्रों का किया निरीक्षण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**लातेहार :** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां की गयी हैं और संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में उपायुक्त संदीप कुमार और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय के साथ-साथ कई ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर विधि-व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन क्षेत्र, शहर के संवेदनशील स्थानों तथा जुलूस मार्गों का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों और पुलिसकर्मियों से सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली तथा पर्व के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना से निपटने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। अधिकारियों ने कहा कि मुहर्रम के दौरान शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाये रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिला प्रशासन के निर्देश पर पूरे जिले में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गयी है, जबकि विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंडाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। इसके अलावा प्रमुख चौक-चौराहों और जुलूस मार्गों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है ताकि पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके ।जानकारी के अनुसार, जिला मुख्यालय में मुहर्रम का जुलूस 27 जून को निकाला जाएगा। वहीं रेलवे स्टेशन क्षेत्र तथा जिले के कई ग्रामीण इलाकों में मुहर्रम की दसवीं के अवसर पर 26 जून को ही ताजिया जुलूस निकाले जा रहे हैं। इसे देखते हुए प्रशासन ने सभी संबंधित क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी को और मजबूत कर दिया है। जिला प्रशासन ने आम लोगों से भी आपसी भाईचारा बनाए रखने तथा किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील की है। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी दिनेश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज तिवारी, अंचल अधिकारी नंदकुमार राम, थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा सहित कई प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

### विधायक अनंत प्रताप देव के प्रयास से सरईया गांव में लगा नया ट्रांसफार्मर

## बिजली बहाल होने पर ग्रामीणों में खुशी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**भवनाथपुर :** प्रखंड के पंडरिया पंचायत अंतर्गत चपरी पंचायत के हरिजन टोला, सरईया गांव में कई दिनों से जले ट्रांसफार्मर के कारण बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई थी। भीषण गर्मी के बीच बिजली नहीं रहने से ग्रामीणों को पेयजल, घरेलू कार्य, बच्चों की पढ़ाई तथा दैनिक जीवन से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीण लगातार नए ट्रांसफार्मर की मांग कर रहे थे। इसी बीच क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव के प्रयास से गांव के लिए नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। समाजसेवी सह पूर्व मुखिया प्रत्याशी दीपू गुप्ता एवं अनिल गुप्ता की पहल पर बिजली विभाग ने नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर उसे चालू कर दिया, जिससे पूरे गांव में पुनः विद्युत आपूर्ति बहाल हो गई। बिजली आने के बाद ग्रामीणों में खुशी का माहौल है और लोगों ने राहत की सांस ली। समाजसेवी सह पूर्व मुखिया प्रत्याशी दीपू गुप्ता ने कहा कि ग्रामीणों की समस्या उनकी अपनी समस्या है। उन्होंने बताया कि जैसे ही ट्रांसफार्मर जलने की सूचना मिली, तत्काल विधायक अनंत प्रताप देव को इसकी जानकारी दी गई। विधायक ने गंभीरता दिखाते हुए संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर शीघ्र नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया, जिसके कारण गांव में बिजली बहाल हो सकी। उन्होंने कहा कि जनता की मूलभूत सुविधाओं के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे और क्षेत्र की हर समस्या के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे। ग्रामीणों ने विधायक अनंत प्रताप देव, दीपू गुप्ता और अनिल गुप्ता के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

## महुआडांड़ में कई जलमीनार बंद, पेयजल संकट गहराया, ग्रामीणों ने की मरम्मत की मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ प्रखंड की सोहर पंचायत में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। पंचायत के विभिन्न गांवों में लाखों रुपये की लागत से लगाये गये कई जलमीनार महीनों से खराब पड़े हैं। जलमीनारों से जुड़े नलों में पानी की आपूर्ति पूरी तरह बंद है, जिससे ग्रामीणों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जलमीनारों की मोटर खराब हो चुकी है। लंबे समय से मरम्मत नहीं होने के कारण पूरी योजना बेकार साबित हो रही है। जलापूर्ति ठप रहने से लोगों को पीने के पानी के लिए चापाकलों और दूर-दराज स्थित कुओं पर निर्भर रहना पड़ रहा है। कई जगहों पर सुबह से ही पानी भरने के लिए लोगों की भीड़ लग जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि पेयजल संकट का असर बच्चों की पढ़ाई पर भी पड़ रहा है। पानी लाने में काफी समय लगने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वहीं, मवेशियों के लिए भी पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिससे पशुपालकों की चिंता बढ़ गई है ।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि खराब पड़े जलमीनारों की समय पर मरम्मत कर दी जाए तो पंचायत के अधिकांश घरों तक नियमित रूप से पानी पहुंच सकता है।

## महुआडांड़ के सोहर में आज गूंजेंगी शहनाइयां

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



दर्जनों आदिवासी जोड़ों का होगा दहेज मुक्त सामूहिक विवाह

प्रेरणा परमार्थ आश्रम की पहल, कहा...पैसे के अभाव में किसी गरीब बेटी की शादी नहीं रुकेगी

**महुआडांड़ :** महुआडांड़ प्रखंड के सोहर गांव में 27 जून को प्रेरणा परमार्थ आश्रम के तत्वावधान में दहेज मुक्त सामूहिक विवाह का आयोजन होगा। इस आयोजन में दर्जनों आदिवासी युवक-युवतियां पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह बंधन में बंधेंगे। कार्यक्रम को लेकर आश्रम परिसर में तैयारियां अंतिम चरण में हैं।आश्रम की ओर से बताया गया कि इस सामूहिक विवाह का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर आदिवासी परिवारों की मदद करना, दहेज प्रथा के खिलाफ समाज को जागरूक करना और आदिवासी संस्कृति व परंपराओं को संरक्षित रखना है। विवाह पूरी तरह आदिवासी रीति-रिवाजों के अनुसार मांदर की थाप, मंत्रोच्चार और लोक नृत्य के बीच संपन्न कराया जायेगा। आश्रम के संचालक ने कहा कि पैसे के अभाव में किसी भी गरीब आदिवासी बेटी की शादी नहीं रुकेगी। उन्होंने कहा कि आश्रम परिवार हर वर्ष ऐसे सामूहिक विवाह का आयोजन कर जरूरतमंद परिवारों की जिम्मेदारी निभाता रहेगा। विवाह समारोह में आश्रम के सदस्यों, स्थानीय समाजसेवियों और दानदाताओं के सहयोग से नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी का जरूरी सामान, वस्त्र और अन्य उपयोगी उपहार भी दिए जाएंगे। आयोजन के लिए मंडप सजाने, भोजन व्यवस्था और सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दर्जनों जोड़ों का पंजीकरण भी पूरा हो चुका है।आश्रम ने लोगों से विवाह समारोह में फिजूलखर्ची और दहेज जैसी कुरीतियों से दूर रहने तथा सादगीपूर्ण विवाह को अपनाने की अपील की है। आश्रम का मानना है कि इस पहल से गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ कम होगा और बेटियों को सम्मानपूर्वक नया जीवन शुरू करने का अवसर मिलेगा।

## नशे के खिलाफ एसएसबी ने चलाया जागरूकता अभियान, शहर में निकाली रैली

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**लातेहार :** नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध कारोबार के खिलाफ सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 21वीं बटालियन ने शुक्रवार को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। अभियान का नेतृत्व कार्यवाहक कमांडेंट विनय कुमार ओझा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत डालडा फैक्ट्री स्थित बटालियन मुख्यालय में अधिकारियों और जवानों के सामूहिक शपथ ग्रहण से हुई। सभी ने नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करने और नशामुक्त समाज बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया ।इसके बाद मुख्यालय से जनजागरूकता रैली निकाली गई। रैली रेलवे स्टेशन क्षेत्र, नवरंग चौक समेत शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान जवानों ने नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए लोगों को जागरूक किया। रैली में लगाये गये नारों के माध्यम से युवाओं से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज को नशामुक्त बनाने की अपील की गयी। अभियान में स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और नशे के खिलाफ चल रही मुहिम का समर्थन किया। उन्होंने समाज से इस बुराई को खत्म करने में सहयोग देने का भरोसा जताया।

शिक्षा बचाओ, कोडरमा बचाओ

## छात्रों-नौजवानों के भविष्य की रक्षा को लेकर जनजागरण अभियान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



■ छात्रों और युवाओं के भविष्य से जुड़े इस महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर सरकार को जनभावनाओं की अनदेखी नहीं करनी चाहिए : ग्रामीण

**डोमचांच :** जेजे कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति, कोडरमा के उपाध्यक्ष वीरेंद्र कराटे के नेतृत्व में समिति के अध्यक्ष महेश भारती, सचिव देवेंद्र कुमार एवं सह सचिव मो. अली शाद ने संयुक्त रूप से "शिक्षा बचाओ, कोडरमा बचाओ, छात्रों-नौजवानों का भविष्य बचाओ" अभियान के तहत डोमचांच के इंटर कॉलेज, बैद्यनाथ प्रसाद स्नेही कॉलेज ऑफ एजुकेशन एवं विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक जनजागरण कार्यक्रम चलाया। अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं आम नागरिकों सहित डोमचांच नगर पंचायत अध्यक्ष उमेश वर्मा एवं प्रमुख सतनारायण यादव एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर जिले के सभी प्रकार के डिग्री कॉलेजों को विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग से हटाकर सर जेसी बोस विश्वविद्यालय, गिरिडीह से संबद्ध करने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने इस निर्णय के प्रति गहरा आक्रोश व्यक्त किया। जनजागरण अभियान में लोगों ने कहा कि हजारीबाग की अपेक्षा गिरिडीह की दूरी अधिक होने से छात्रों पर आर्थिक एवं समय संबंधी अतिरिक्त बोझ पड़ेगा, जिससे गरीब एवं ग्रामीण पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों को सबसे अधिक परेशानी होगी। अभिभावकों ने भी इस निर्णय को छात्रों के हितों के विपरीत बताते हुए पुनर्विचार की मांग की। अभियान के दौरान उपस्थित लोगों ने सरकार एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कोडरमा के छात्रों और युवाओं के भविष्य से जुड़े इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर जनभावनाओं की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। संघर्ष समिति के नेताओं ने कहा कि यदि छात्रों के हित में निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। उन्होंने कोडरमा जिले के सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, सामाजिक संगठनों एवं जागरूक नागरिकों से इस जनहित के आंदोलन में आगे आने की अपील की। मौके पर सचिव देवेंद्र कुमार ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम जारी रहेगा जिसकी व्यापक तैयारी एवं आगे की रणनीति बनाने हेतु शनिवार को झुमरी तिलैया में समिति की कोर कमिटी की बैठक रखी गई है जिसमें विस्तार से चर्चा होगी।

## एनजीटी की रोक बेअसर, लातेहार में धड़ल्ले से हो रही बालू की ढुलाई



**लातेहार :** जिले में अवैध बालू खनन और ढुलाई पर रोक लगाने के लिए राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देश फिलहाल बेअसर साबित हो रहे हैं। प्रतिबंध के बावजूद प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टरों से बालू की ढुलाई खुलेआम की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह कारोबार रोजाना सुबह करीब तीन बजे से शुरू होकर सुबह नौ बजे तक चलता है। बताया जाता है कि जिले की विभिन्न नदियों और घाटों से ट्रैक्टरों के जरिए बालू निकाली जाती है। सुबह के समय एक के बाद एक ट्रैक्टर बालू लेकर मुख्य सड़कों से गुजरते हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। इससे प्रशासनिक निगरानी और कार्रवाई पर भी सवाल उठ रहे हैं ।ग्रामीणों का कहना है कि प्रतिबंध के बावजूद अवैध ढुलाई करने वालों के हौसले बुलंद हैं। उनका आरोप है कि लंबे समय से यह कारोबार जारी है, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं होने के कारण बालू माफिया बेखौफ होकर नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। इससे सरकार को राजस्व का नुकसान होने के साथ-साथ नदियों के पर्यावरण पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से अवैध बालू खनन और ढुलाई पर सख्ती से रोक लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो नदियों का प्राकृतिक स्वरूप प्रभावित होगा और पर्यावरणीय संतुलन पर भी इसका असर पड़ेगा। लोगों ने प्रशासन से नियमित जांच अभियान चलाने, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा एनजीटी के आदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है, ताकि अवैध बालू कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

## विकलांग की पत्नी से मारपीट, तीन उंगलियां टूटीं; छह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**डंडई (गढ़वा) :** प्रखंड मुख्यालय के डंडई गांव में एक विकलांग व्यक्ति की पत्नी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना 24 जून की सुबह की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, दोनों पैरों से दिव्यांग ध्रुव लाल की पत्नी सरिता देवी (45) कोईरी टोला स्थित शिव मंदिर के पास फूल तोड़ने गई थीं। इसी दौरान गांव के कुछ लोगों ने उनके साथ कथित रूप से मारपीट की, जिससे उनके दाहिने पैर की तीन उंगलियां फ्रैक्चर हो गईं। घटना के बाद पीड़िता ने राजन पटवा, उनकी पत्नी पूनम देवी समेत छह लोगों के खिलाफ डंडई थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जल्द ही सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पीड़िता के पति ध्रुव लाल ने बताया कि कुछ दिन पहले भी दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था, जिसे पंचायत के माध्यम से सुलझा लिया गया था। उनका आरोप है कि पुरानी रंजिश के कारण उनकी पत्नी पर हमला किया गया।

## एक झलक

### वज्रपात की चपेट में आने से युवक की मौत

**गुमला :** रायडीह थाना क्षेत्र के रमजा गांव में शुक्रवार दोपहर वज्रपात की चपेट में आने से 20 वर्षीय दीपक सिंह की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, दीपक दोपहर करीब 2:30 बजे रमजा बाजार गया था। इसी दौरान तेज आंधी और बारिश के साथ वज्रपात हुआ, जिसकी चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। स्थानीय लोगों और परिजनों ने उसे तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। शाम करीब 5 बजे सदर अस्पताल गुमला पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जायेगा।

### करैत सांप के डंसने से 50 वर्षीय व्यक्ति की हालत गम्भीर

**गुमला :** बसिया थाना क्षेत्र के बोंगालोया गांव में शुक्रवार दोपहर जहरीले करैत सांप के डसने से 50 वर्षीय भाकु झोरा गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, वह घर में सो रहे थे, तभी छिपे करैत सांप ने उनके हाथ में डस लिया। दर्द से तड़पने पर परिजन मौके पर पहुंचे और 108 एंबुलेंस को सूचना दी, लेकिन सेवा उपलब्ध नहीं होने पर ऑटो से उन्हें सदर अस्पताल गुमला पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने तत्काल इलाज शुरू किया और उनकी स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। घटना के बाद ग्रामीणों ने बेहतर एम्बुलेंस और स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग की है।

### अनियंत्रित होकर गिरी बाइक युवक गम्भीर रूप से घायल

**गुमला :** गुमला थाना क्षेत्र के अरमई बेहरा टोली निवासी 35 वर्षीय अनमोल बेक शुक्रवार शाम सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, वह शाम करीब 5:30 बजे किसी कार्य से बाइक से गुमला आ रहे थे। पुगू बेहराटोली के समीप उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गयी। हादसे में उनके चेहरे और पैर में गम्भीर चोटें आयीं। स्थानीय लोगों ने तत्काल उन्हें सदर अस्पताल गुमला पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद इलाज शुरू किया। फिलहाल उनकी स्थिति पर डॉक्टरों की लगातार निगरानी रखी जा रही है। दुर्घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा।

### तालाब में डूबने से बारह वर्षीय बालक की मौत

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के अलपीटो गांव में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में तालाब में डूबने से बारह वर्षीय बालक की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, अलपीटो निवासी बारह वर्षीय गणेश रविदास स्थानीय तालाब में अन्य बच्चों के साथ नहाने गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथ मौजूद बच्चों के शोर मचाने पर ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद उसे तालाब से बाहर निकाला। हालांकि तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक गणेश रविदास पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि भीखन रविदास का भतीजा बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही विष्णुगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ मना मुहर्रम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सतगावां :** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को मुहर्रम की दशमी के अवसर पर हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मुस्लिम समुदाय द्वारा मुहर्रम का पर्व श्रद्धा, आस्था एवं भाईचारे के साथ मनाया गया। इस दौरान प्रखंड के विभिन्न अखाड़ों से ताजिया जुलूस निकाले गए, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। प्रखंड के बासोडीह, मोदीडीह, शिवपुर, माधोपुर, सेलारी, डेबोडीह, अंगार, दोनैया, जगनीडीह, खुट्टा, रजघटी, बजनियां, राजाबर समेत अन्य क्षेत्रों से पारंपरिक ताजिया जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान युवाओं ने लाठी, तलवार, फरसा सहित अन्य पारंपरिक हथियारों के साथ आकर्षक करतब और



हैरतअंगेज प्रदर्शन कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। बासोडीह जामा इमामबाड़ा से निकला ताजिया जुलूस मुख्य मार्ग होते हुए बासोडीह बाजार एवं बस स्टैंड तक पहुंचा। इसके बाद जुलूस रामडीह और नौवाचक होते हुए देर शाम करबला पहुंचा, जहां धार्मिक परंपरा के अनुसार ताजिया सुपुर्द-ए-खाक (दफन) किया गया। पूरे जुलूस के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा ₹या अली₹, ₹या हुसैन₹ तथा 'नारा-ए-तकबीर' के उद्घोष से माहौल गूंजता रहा। मुहर्रम के अवसर पर विभिन्न समुदायों के लोगों ने भी आपसी सौहार्द का परिचय देते हुए एक-दूसरे का सहयोग किया। पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी थी। थाना प्रभारी बब्लू कुमार सिंह पुलिस बल के साथ लगातार विभिन्न क्षेत्रों में गश्त करते रहे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि धनंजय यादव, मुखिया प्रतिनिधि विनोद यादव, मुखिया प्रतिनिधि शंकर यादव, नईम उद्दीन, नौशाद आलम सहित कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रशासन की सतर्कता एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से पूरे प्रखंड में मुहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और भाईचारे के वातावरण में संपन्न हुआ।

## राजद ने मुहर्रम जुलूस के लिए लगाया सद्भावना शिविर




हजारों लोगों के बीच पानी और जूस का किया वितरण, दिया सामाजिक सौहार्द का संदेश

**झुमरीतिलैया :** स्थानीय झंडा चौक के समीप राष्ट्रीय जनता दल (राजद) परिवार की ओर से मुहर्रम जुलूस में शामिल अकीदतमंदों और आम लोगों के लिए एक भव्य 'सद्भावना शिविर' का आयोजन किया गया। राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव के आह्वान पर आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा बढ़ाना और सामाजिक सौहार्द स्थापित करना था। राजद जिलाध्यक्ष महेन्द्र यादव के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर के माध्यम से मुहर्रम की झांकी और जुलूस में शामिल हजारों लोगों के बीच शीतल जल और लीची जूस का वितरण किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए राजद कार्यकर्ताओं द्वारा की गयी इस व्यवस्था की स्थानीय लोगों और जुलूस में शामिल लोगों ने काफी सराहना की। इस अवसर पर राजद नेताओं ने कर्बला के शहीदों को नमन करते हुए कहा की पैगम्बर हजरत हुसैन और उनके 72 जांबाज योद्धाओं के सर्वोच्च बलिदान को इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा। कर्बला के मैदान में इबादत, सत्य और त्याग की जो ऐतिहासिक गाथा लिखी गई, वह हम सभी को हर दौर में अन्याय और अधर्म के विरुद्ध मजबूती से लड़ने की प्रेरणा देती है। नेताओं ने आगे जोर देते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनता दल हमेशा से आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द की राजनीति में विश्वास रखता है। समाज की एकता और अखंडता को किसी भी कीमत पर टूटने नहीं दिया जाएगा। राजद सद्भावना के विचारों को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने और अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाने के लिए सर्वधर्म समाज के साथ हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर चलेगी।

## सांसद सेवा कार्यालय में दिनभर जनता के बीच रहे सांसद मनीष जायसवाल

# हजारों लोगों की सुनीं समस्याएं, कई मामलों का मौके पर समाधान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** जनसरोकारों को प्राथमिकता देते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल शुक्रवार को हजारीबाग शहर स्थित अपने सांसद सेवा कार्यालय में पूरे दिन जनता के बीच मौजूद रहे। सुबह से लेकर देर शाम तक उन्होंने लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से पहुंचे सैकड़ों लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान की दिशा में त्वरित पहल की। जनसुनवाई के दौरान सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेंशन, राजस्व सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं लोगों ने सांसद के समक्ष रखीं। कई मामलों



का समाधान तत्काल कराया गया, जबकि अन्य मामलों में सांसद मनीष जायसवाल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से दूरभाष पर संपर्क कर आवश्यक निर्देश दिए तथा शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। सांसद सेवा कार्यालय में पूरे दिन लोगों का तांता लगा रहा। सांसद मनीष जायसवाल ने बिना किसी औपचारिकता के एक-एक फरियादी की बात गंभीरता से सुनी और हर समस्या के समाधान के लिए सकारात्मक पहल की। जनसुनवाई के दौरान आए लोगों ने भी अपनी बात सीधे सांसद तक पहुंचने और त्वरित पहल किए जाने पर संतोष व्यक्त किया। इस मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ मुझे अपना प्रतिनिधि चुना है, उस विश्वास पर खरा उतरना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। लोकसभा क्षेत्र का कोई भी नागरिक अपनी समस्या को लेकर निराश न लौटे, यही मेरा प्रयास रहता है। जनसेवा केवल दायित्व नहीं, बल्कि मेरा संकल्प है। संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर हर समस्या के समाधान के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। देर शाम तक सांसद सेवा कार्यालय में जनसुनवाई का सिलसिला जारी रहा और सांसद लगातार लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में पहल करते रहे।

## हरिणा में 'लायंस संकल्प प्ले स्कूल' का शुभारम्भ

# गुणवत्तापूर्ण प्रारम्भिक शिक्षा पर जोर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** हरिणा में बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को 'लायंस संकल्प प्ले स्कूल' का शुभारंभ किया गया। विद्यालय की स्थापना लायंस क्लब बाघमारा सेंटेनीयल के उपाध्यक्ष-1 लायन गोपाल सिंह की पहल पर की गई है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो के पुत्र निशांत कुमार, एमजेएफ लायन मदन मोहन तथा क्लब अध्यक्ष लायन शशीकांत शरण ने संयुक्त रूप से फीता काटकर विद्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि निशांत कुमार को क्लब की ओर से शॉल एवं बुके देकर सम्मानित




किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए एमजेएफ लायन मदन मोहन ने कहा कि शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य करना समय की आवश्यकता है। वहीं, निशांत कुमार ने लायंस क्लब द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। क्लब अध्यक्ष लायन शशीकांत शरण ने सामाजिक कार्यों में सक्रिय योगदान देने वाले सदस्यों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में विशेष सहयोग के लिए एमजेएफ लायन मदन मोहन एवं लायन शशीकांत शरण को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विक्की रवानी, दीपक प्रसाद, शंकर नापित, संतोष कुमार वर्णवाल, लक्ष्मण रवानी, बिनोद कुमार मिश्रा, सावित्री पाल, राजीव रंजन, प्राचार्य संगीता देवी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## मुहर्रम पर्व को लेकर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने शहर का भ्रमण कर विधि-व्यवस्था का लिया जायजा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मोहर्रम पर्व के अवसर पर जिले में विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने हेतु जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत एवं पुलिस अधीक्षक श्री कपील चौधरी ने शुक्रवार को मेदिनीनगर शहर का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान दोनों पदाधिकारी शहर थाना परिसर पहुंचे, जहां मोहर्रम इंतजामिया कमेटी एवं रामनवमी समिति के सदस्यों द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर दोनों पदाधिकारियों ने समिति के प्रतिनिधियों से बातचीत कर अबतक शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया तथा आगे भी सामाजिक समरसता बनाए रखने की अपील की। इसके पश्चात उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने शहर के विभिन्न चौक-चौराहों एवं संवेदनशील स्थलों का भ्रमण कर सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने तैनात दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए पूरी सतर्कता एवं समन्वय के साथ कार्य करने को कहा। भ्रमण के दौरान दोनों पदाधिकारियों ने जिला नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) पहुंचकर पूरे जिले में संचालित मोहर्रम जुलूसों एवं अन्य गतिविधियों की मॉनिटरिंग भी की।

## कोडरमा में भाजपा की आपातकाल संगोष्ठी

# लोकतंत्र सेनानियों को किया नमन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया :** भारतीय जनता पार्टी, जिला कोडरमा के तत्वावधान में विवेक विला, झुमरी तिलैया में आपातकाल की 51 वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा कोडरमा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने की, जबकि संचालन कार्यक्रम संयोजक सुभाष मोदी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जयप्रकाश नारायण की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं जयप्रकाश अमर रहें के नारों के साथ किया गया। देशभर में भाजपा द्वारा 25 जून को आपातकाल की वर्षगांठ पर लोकतंत्र रक्षा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और आपातकाल के विरुद्ध आंदोलन में मिसा लगाकर जेल में बंद किए गए नेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कोडरमा विधायक नीरा यादव ने कहा कि 25 जून 1975 का दिन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय था। उस दौर में संविधान की मूल भावना पर प्रहार किया गया, नागरिकों के मौलिक अधिकार छीन लिए गए, विपक्षी नेताओं और लोकतंत्र की आवाज उठाने वालों को जेलों में डाल दिया गया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले सभी लोकतंत्र सेनानियों का योगदान सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। विशिष्ट अतिथि मिसा में बंद आंदोलनकारी भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश सिंह ने कहा कि आपातकाल की विभीषिका को नई पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक है, ताकि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के प्रति समाज सदैव सजग रहे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र जनता की सबसे बड़ी शक्ति है और इसकी रक्षा प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि आपातकाल केवल एक राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों पर किया गया सबसे बड़ा हमला था।

## पुटकी थाना पुलिस ने लौटाये खोये मोबाइल मालिकों के चेहरों पर लौटी मुस्कान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद/पुटकी :** पुटकी थाना पुलिस ने आम लोगों के खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंपकर ईमानदार और त्वरित पुलिस कार्रवाई का परिचय दिया। थाना क्षेत्र में खोए मोबाइलों को केयर पोर्टल की सहायता से ट्रेस कर बरामद किया गया और संबंधित लोगों को विधिवत सत्यापन के बाद वापस सौंप दिया गया। मोबाइल वापस मिलने वालों में केंदुआ निवासी मुकेश पांडे, मुनीडीह कारीटांड़ निवासी हरिपदो महतो तथा नवाडीह निवासी सोनू कुमार शामिल हैं। अपना खोया मोबाइल वापस पाकर सभी ने खुशी जताई और पुटकी थाना प्रभारी वाकर हुसैन का आभार व्यक्त करते हुए पुलिस की तत्परता की सराहना की। थाना प्रभारी ने लोगों से अपील की कि मोबाइल खोने या चोरी होने की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें और केयर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते मोबाइल को ट्रेस कर बरामद किया जा सके। इस अवसर पर धर्मराज कुमार, बिकाश कुमार, अभय कुमार सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# सीसीएल अधिकारियों को जान मारने की धमकी, दफ्तर में घुसने का आरोप

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चरही :** सीसीएल हजारीबागक्षेत्र में अधिकारियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। गुरुवार को निरीक्षण के दौरान कुछ लोगों द्वारा अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार, धमकी और बाद में महाप्रबंधक (जीएम) कार्यालय में जबरन प्रवेश करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद अधिकारियों और कर्मचारियों में चिंता का माहौल बना हुआ हैजानकारी के अनुसार, सीसीएल के तकनीकी एवं वित्तीय निदेशक हजारीबाग क्षेत्र की विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण कर रहे थे। उनके साथ हजारीबाग क्षेत्र के महाप्रबंधक, क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक, क्षेत्रीय विक्रय पदाधिकारी तथा सुरक्षा कर्मियों की टीम भी मौजूद थी। कोतरे-बसंतपुर परियोजना के निरीक्षण के बाद टीम चैनपुर रेलवे साइडिंग की ओर जा रही थी। इसी दौरान एनआर रेलवे साइडिंग क्षेत्र में निरीक्षण के क्रम में कुछ लोगों ने कथित तौर पर अधिकारियों को रोककर गाली-गलौज और धक्का मुक्की की। आरोप है कि सुरक्षा कर्मियों के साथ भी हाथापाई की गई घटना के वाद अधिकारियों और कर्मचारियों में चिंता का माहौल है।

## प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग

**एनआर** साइडिंग पर निरीक्षण कर निर्देश देते हुए सीसीएल के तकनीकी निदेशक व अन्य। और भविष्य में साइडिंग क्षेत्र में आने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई। सीसीएल प्रबंधन की ओर से इस संबंध में वेस्ट बोकारो थाना और बरकाकाना रेलवे पुलिस को लिखित शिकायत दिए जाने की बात कही गई है। शिकायत में अधिकारियों को जान से मारने की धमकी मिलने का भी उल्लेख किया गया है। सीसीएल सूत्रों के अनुसार, निरीक्षण टीम के लौटने के बाद महाप्रबंधक के मोबाइल पर एक धमकी भरा फोन कॉल भी आया। वहीं आरोप है कि दोपहर में एक वाहन से कुछ लोग चरही स्थित महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में पहुंच गए और सुरक्षा कर्मियों से अभद्र व्यवहार करते हुए जीएम के बारे में पूछताछ की। घटना के बाद सीसीएल अधिकारियों और कर्मचारियों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। प्रबंधन ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई तथा अधिकारियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। वहीं, पुलिस को भी घटना की सूचना दे दी गयी है।

## चैनपुर के छिछवानी में अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापेमारी

# 50 किलो जावा महुआ किया नष्ट

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चैनपुर :** क्षेत्र में अवैध नशा और शराब के खिलाफ चैनपुर पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में चैनपुर थाना प्रभारी अरविंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल ने छिछवानी ग्राम में छापामारी अभियान चलाया। इस



दौरान पुलिस ने अवैध रूप से महुआ शराब की चुलाई कर रहे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की।थाना क्षेत्र के छिछवानी गांव में गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने मौके से करीब 50 किलोग्राम जावा महुआ बरामद किया, जिसे तत्काल मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। पुलिस की इस अचानक हुई कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया। इस छापामारी अभियान में थाना प्रभारी अरविंद कुमार के साथ चैनपुर थाना के कई जवान मुख्य रूप से शामिल थे। कार्रवाई के बाद थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने स्थानीय ग्रामीणों और शराब निर्माण में संलिप्त लोगों को सख्त हिदायत दी कि वे तत्काल प्रभाव से शराब बनाना और बेचना बंद करें। उन्होंने लोगों को समझाते हुए कहा अवैध महुआ शराब बेचने का काला धंधा छोड़ें और सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाकर सम्मानजनक तरीके से अपनी जीविका चलाएं।थाना प्रभारी ने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि क्षेत्र में अवैध नशे के खिलाफ पुलिस का यह छापामारी अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और कानून का उल्लंघन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# बीएसएल में बेस्ट इम्प्लाई ऑफ द मंथ अवॉर्ड का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** बीएसएल में मई 2026 के लिए बेस्ट इम्प्लाई ऑफ द मंथ अवॉर्ड का आयोजन किया गया जिसमें आठ कर्मचारी पुरस्कृत किये गए। कर्मचारियों को उनके कार्य में विशिष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। इस समारोह में बीएसएल के वरीय अधिकारियों सहित सम्बंधित विभागों के विभागाध्यक्ष एवं अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। उपस्थित वरीय अधिकारियों ने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस सफलता में कर्मचारियों के साथ- साथ




उनके परिवार का भी बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने आह्वान किया कि कर्मचारी दैनिक कार्यों के साथ-साथ नित नई चुनौतियों को स्वीकार करें और नवाचार के माध्यम से उनका समाधान खोजें ताकि संयंत्र के विकास की गति निरंतर बनी रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने चयनित कर्मचारियों को उनके कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं विशिष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों तथा उनके परिजनों ने भी अपने अनुभव वीडियो क्लिप के दवारा साझा किये और कंपनी के प्रति इस पुरस्कार के लिए चुने जाने पर प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। यह पुरस्कार योजना बोकारो इस्पात संयंत्र की अपने मानव संसाधन को प्रोत्साहित करने और कार्य-संस्कृति में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस प्रकार के आयोजनों से न केवल कर्मचारियों का मनोबल बढ़ता है, बल्कि यह उत्पादकता, सुरक्षा मानकों में सुधार और संगठनात्मक लक्ष्यों की प्राप्ति के प्रति सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना को भी सुदृढ़ करता है।

## बीएसएल की मोबाइल मेडिकल यूनिट ने किया जांच शिविर का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** बीएसएल के सीएसआर के तहत संचालित बोकारो इस्पात संजीवनी - मोबाइल मेडिकल यूनिट टाउनशिप के आस-पास के सीमावर्ती गांवों में ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं नियमित रूप से उपलब्ध करा रही है। इस पहल के तहत, चिकित्सकों और पैरामेडिक्स की टीम से लैस मोबाइल मेडिकल यूनिट हर महीने लगभग 45 सीमावर्ती गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को मुफ्त प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कर रही है। इस क्रम में टांड बालीडीह में 43 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, झोपड़ो एवं नरकरा में क्रमशः 29 एवं 06 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ तथा कुण्डौरी एवं महेशपुर गांवों में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में कुल 46 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गयी। इसी प्रकार शिबूटांड़ एवं मोहनपुर गांवों में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में क्रमशः 24 एवं 16 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और परसाडीह एवं कनारी गांवों में क्रमशः 35 एवं 10 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविरों के दौरान मरीजों की ईसीजी सहित विभिन्न पैथोलॉजिकल परीक्षण किए गए। इसके अलावा आवश्यकता अनुसार मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श एवं दवाएं उपलब्ध कराई गई तथा टीबी से प्रभावित मरीजों को एंटी-टीबी किट वितरित की गयी।

## एक झलक

### अंतरराष्ट्रीय मद्य निषेध दिवस पर नुक्कड़ नाटक से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

**सहरसा** : मादक व नशीली पदार्थों के दुरुपयोग एवं अवैध व्यापार के विरुद्ध मनाए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय मद्यनिषेध दिवस के अवसर पर शुक्रवार को उत्पाद एवं मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। जिला प्रशासन एवं मध निषेध विभाग के संयुक्त अभियान के तहत जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, भेड़धरी चौक एवं बैजनाथपुर में कलाकारों ने प्रभावशाली प्रस्तुतियां देकर नशा मुक्त समाज का संदेश दिया। नुक्कड़ नाटक में गीत, संगीत एवं अभिनय के माध्यम से यह दशार्या गया कि नशे की लत किस प्रकार व्यक्ति, परिवार एवं समाज को बबार्दी की ओर ले जाती है। कलाकारों ने युवाओं को विशेष रूप से नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया. कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जुटे एवं नशा मुक्ति के संदेश को सराहा।

### सीवान जंक्शन पर तत्काल टिकटों की कालाबाजारी करनेवाले तीन दलाल गिरफ्तार

**सीवान** : रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पोस्ट सीवान और अपराध आसूचना शाखा (सीआईबी) छपरा की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को सीवान जंक्शन के आरक्षण हॉल में कार्रवाई करते हुए तत्काल टिकटों की कालाबाजारी करने वाले तीन कथित टिकट दलालों को गिरफ्तार किया। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, वाराणसी के निर्देश पर एसी तत्काल टिकट बुकिंग के दौरान यह कार्रवाई की गई। आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की पहचान शाह आलम, मोहम्मद अरमान और मुन्ना आलम के रूप में हुई है। इनके पास से तीन तत्काल आरक्षित एसी टिकट, सादा आरक्षण मांग पत्र, दो मोबाइल फोन तथा नकदी बरामद की गई है। बरामद तत्काल टिकटों की कीमत 25,100 रुपये है, जबकि जब्त सामग्री का कुल मूल्य 35,591 रुपये आंका गया है। उन्होंने बताया कि जांच में यह सामने आया है कि आरोपित रेलवे आरक्षण काउंटर से तत्काल एवं सामान्य टिकट निकलवाकर जरूरतमंद यात्रियों को टिकट के निर्धारित मूल्य से 200 से 300 रुपये प्रति यात्री अधिक लेकर बेचते थे। यह कार्य रेलवे अधिनियम का उल्लंघन है। आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि इस मामले में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट सीवान में रेल अधिनियम की धारा 143 के तहत मुकदमा संख्या 373/26 दर्ज कर लिया गया है। आरोपितों से पूछताछ की जा रही है तथा उनके आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। सुभाष यादव ने कहा कि रेलवे टिकटों की कालाबाजारी रोकने के लिए आरपीएफ का विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने यात्रियों से अपील की कि वे केवल अधिकृत रेलवे काउंटर अथवा अधिकृत ऑनलाइन माध्यमों से ही टिकट खरीदें और टिकट दलालों से दूरी बनाए रखें।

### जदयू के वरिष्ठ नेता सुड्डू साईं राज्य परिषद सदस्य मनोनीत

**भागलपुर** : जनता दल (यू.) के वरिष्ठ नेता सुड्डू साईं को पार्टी के राज्य परिषद सदस्य के रूप में मनोनीत किए जाने पर जदयू जिला संगठन में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर जदयू के जिला प्रवक्ता शैलेन्द्र तोमर ने शुक्रवार को उनके आवास पर पहुंचकर अंगवस्त्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया तथा राज्य परिषद सदस्य मनोनीत होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। शैलेन्द्र तोमर ने कहा कि सुड्डू साईं के संगठनात्मक अनुभव, समर्पण और कार्यशैली का लाभ पार्टी को राज्य स्तर पर भी मिलेगा तथा उनके मनोनयन से कार्यकर्ताओं का मनोबल और अधिक मजबूत होगा। वहीं, सुड्डू साईं ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

### बुंडू में मुहर्रम जुलूस अमन, शांति और भाईचारे के साथ सम्पन्न, अतिथियों का किया गया सम्मान

# हक व बहादुरी का प्रतीक है मुहर्रम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बुंडू** : बुंडू में अंजुमन इस्लामिया मुहर्रम कमेटी, बुंडू द्वारा आयोजित मुहर्रम जुलूस अमन, शांति एवं भाईचारे के माहौल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बुंडू नगर पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र उरांव एवं विशिष्ट अतिथि अली अल अराफात उपस्थित रहे। कमेटी की ओर से दोनों अतिथियों का माला, पगड़ी एवं बैच लगाकर सम्मानित



किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य संरक्षक अब्बू शहीद अंसारी, जमशेदपुर आलम, सलीम एराकी, कुर्बान अंसारी सहित अन्य लोगों की अहम भूमिका रही। अंजुमन इस्लामिया मुहर्रम कमेटी, बुंडू के सदर साहेब शहीद अंसारी, नायब सदर इमरान अंसारी, सचिव मुख्तार अंसारी, उप सचिव सोनू अंसारी, कोषाध्यक्ष शहबाज अंसारी, अयान अंसारी, उप कोषाध्यक्ष मोकीम अंसारी, सलमान हैदर ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जबकि यूसुफ अंसारी, सदाब सईद अंसारी, साहिल आलम, कासिद अंसारी, सिरजिल अंसारी, नसीम अंसारी, इरफान अंसारी, आरिफ सईद अंसारी एवं रियान अंसारी की सक्रिय भागीदारी रही।

## सुपौल में 29 नये पीडीएस डीलरों को मिला लाइसेंस, डीएम ने पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

एजेंसी

**सुपौल** : जिले की जनवितरण प्रणाली (पीडीएस) को अधिक सुदृढ़ और प्रभावी बनाने की दिशा में प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल की है। समाहरणालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी सावन कुमार और अपर समाहर्ता सच्चिदानंद सुमन ने 29 नवनियुक्त जनवितरण प्रणाली विक्रेताओं को अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) प्रदान किया।नवनियुक्त डीलरों में वीरपुर अनुमंडल के 14 और सुपौल अनुमंडल के 15 विक्रेता शामिल हैं। इस अवसर पर अधिकारियों ने सभी नवचयनित विक्रेताओं को नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं देते हुए ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने कहा कि 29 नए पीडीएस विक्रेताओं के जुड़ने से जिले की जनवितरण प्रणाली को मजबूती मिलेगी। इससे लाभुकों तक खाद्यान्न वितरण की प्रक्रिया में तेजी आएगी और लोगों को योजनाओं का लाभ अधिक सुगमता से मिल सकेगा। जिलाधिकारी सावन कुमार ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी पीडीएस विक्रेता सरकारी नियमों और निर्धारित मानकों का अक्षरशः पालन करें। उन्होंने वितरण प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता, जवाबदेही और ईमानदारी बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। डीएम ने कहा कि जनवितरण प्रणाली सरकार की एक महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजना है, जिसका उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद परिवारों तक समय पर खाद्यान्न पहुंचाना है। उन्होंने दोहराया कि किसी भी पात्र लाभुक को उसके अधिकार से वंचित नहीं किया जाना चाहिए और सभी डीलर यह सुनिश्चित करें कि खाद्यान्न वितरण निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से हो।

## सद्गुरु जग्गी वासुदेव पटना तीन दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे, सीएम सम्राट ने किया स्वागत

एजेंसी

**पटना** : आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु जग्गी वासुदेव शुक्रवार शाम तीन दिवसीय बिहार दौरे पर पटना पहुंचे। राजधानी पहुंचने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री आवास में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सद्गुरु का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया और मुलाकात को आत्मीय, प्रेरणादायी तथा सार्थक बताया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बैठक के दौरान बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ-साथ जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि सद्गुरु के विचार समाज में सकारात्मक परिवर्तन, नैतिक मूल्यों के संवर्धन और जनजागरण के लिए प्रेरणास्रोत हैं।



मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि ऐसे संवाद समाज के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बैठक के दौरान बिहार में ईशा फाउंडेशन की ओर से संचालित सामाजिक, पर्यावरणीय और जनहित से जुड़े कार्यों की भी समीक्षा की गई। साथ ही राज्य में भविष्य में संचालित की जाने वाली विभिन्न परियोजनाओं पर विचार-विमर्श हुआ। पर्यावरण संरक्षण, जल एवं प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन, आध्यात्मिक जागरूकता, जनभागीदारी तथा नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने के विषय पर भी चर्चा की गई। सद्गुरु जग्गी वासुदेव का यह बिहार का पहला प्रमुख सार्वजनिक दौरा है, जो 26 जून से 28 जून तक चलेगा। इस दौरान वह राज्य सरकार के प्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों, शिक्षाविदों, युवाओं तथा ईशा फाउंडेशन के स्वयंसेवकों के साथ संवाद करेंगे। इसके अलावा आध्यात्मिक जीवन, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सहभागिता जैसे विषयों पर भी अपने विचार साझा करेंगे। दौरे का मुख्य आकर्षण 27 जून की शाम आयोजित होने वाला 'एन इवनिंग विद सद्गुरु' कार्यक्रम होगा। राजधानी के बापू सभागार में शाम 6:30 बजे से आयोजित होने वाले इस सार्वजनिक सत्संग में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम के लिए पूर्व पंजीकरण अनिवार्य किया गया है और आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## सोनाहातू-राहे क्षेत्र में जियो नेटवर्क की बदहाल स्थिति पर जेसीएम ने जतायी गहरी चिंता, सुधार की मांग की

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बुंडू** : अनुमंडल अन्तर्गत सोनाहातू एवं राहे प्रखंड के सैकड़ों गांवों में लंबे समय से जियो नेटवर्क की गंभीर समस्या बनी हुई है। इस संबंध में झारखंड छात्र मोर्चा, रांची जिला के पूर्व उपाध्यक्ष राजु कुमार ने रिलायंस जियो इंफोकॉम लिमिटेड के प्रबंधक से मिलकर अविलंब समाधान की मांग की साथ ही लिखित आवेदन भी दिया है। राजु कुमार ने अपने आवेदन में कहा कि क्षेत्र के अधिकांश गांवों में जियो नेटवर्क अत्यंत कमजोर है, जबकि कई स्थानों पर नेटवर्क पूरी तरह अनुपलब्ध है। इसके कारण आम लोगों को मोबाइल से बातचीत, इंटरनेट सेवा तथा आवश्यक डिजिटल कार्यों में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों को नेटवर्क प्राप्त करने के लिए गांव से बाहर अथवा ऊंचे स्थानों पर जाना पड़ता है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है।राजु कुमार ने कहा कि नेटवर्क की खराब स्थिति के कारण विद्यार्थियों की ऑनलाइन पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं के आवेदन, सरकारी योजनाओं का लाभ, बैंकिंग सेवाएं तथा पंचायत स्तर के डिजिटल कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहे हैं। इतना ही नहीं, आपातकालीन परिस्थितियों में 108 एम्बुलेंस, 100/112 पुलिस सहायता जैसी आवश्यक सेवाओं से संपर्क करने में भी लोगों को परेशानी होती है, जिससे आम नागरिकों की सुरक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।उन्होंने बताया कि सोनाहातू एवं राहे क्षेत्र में लगभग 80 प्रतिशत से अधिक लोग जियो सिम का उपयोग करते हैं, लेकिन इसके बावजूद नेटवर्क की दयनीय स्थिति के कारण हजारों उपभोक्ता प्रतिदिन परेशान हो रहे हैं। यह केवल तकनीकी समस्या नहीं, बल्कि जनसुविधा और जनहित से जुड़ा अत्यंत गंभीर विषय है। आवेदन के माध्यम से मांग की गई है कि प्रभावित गांवों का तत्काल तकनीकी सर्वेक्षण कर अतिरिक्त मोबाइल टावर एवं आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था की जाए, ताकि लोगों को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण नेटवर्क सुविधा उपलब्ध हो सके।

## अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने के लिए प्रतिनिधि मुम्बई रवाना

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बुंडू/रांची** : अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय अधिवेशन 28-29 जून 2026 मुम्बई के लिए झारखंड राज्य किसान सभा के महासचिव सुफल महतो एवं अध्यक्ष-असिम सरकार मुंबई रेलमार्ग से रवाना हो गए। अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय अधिवेशन में मुख्य रूप से किसान विरोधी कानूनों, किसान विरोधी भारत - अमेरिका व्यापार समझौता, एमएसपी में कटौती, बिज और बिजली विधेयक, पैट्रोलियम, गैस, यूरिया खाद, बीज, मुल्य वृद्धि, जबरन जमीन अधिग्रहण, हाथियों का आतंक सहित किसान मुद्दों पर देशव्यापी आंदोलन की रूप रेखा के लिए मुख्य रूप से चर्चा होगी। किसान आन्दोलन के पश्चात तीनों कृषि कानून रद्द करते हुए 10 दिसम्बर 2021 को मोदी सरकार एवं किसान आन्दोलन के साथ लिखित समझौता, जिसमें तीन माह के अन्दर किसानो के फसलों के लिए एम् एस पी की कानूनी गारंटी अभी तक लागू नहीं होने तथा किसानो के धान सहित कृषि उपजों की ओने पोने दामों में खरीद के खिलाफ आन्दोलन पर भी चर्चा होगी। अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय अधिवेशन में देश भर के सभी राज्यों के किसान नेता उपस्थित थे।

## कांके के भामाशाह नगर में पेट्रो वर्ल्ड शॉप का उद्घाटन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : भामाशाह नगर में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नई दुकान 'पेट्रो वर्ल्ड' का भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध समाजसेवी हरिनाथ साहू ने फीता काटकर प्रतिष्ठान का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि हरिनाथ साहू ने कहा, कांके जैसे तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्र में इस तरह के विश्वस्तरीय और गुणवत्तापूर्ण प्रतिष्ठान का खुलना बेहद सराहनीय है। इससे पेट्रोलपंप के संचालकों, कर्मियों को स्थानीय अपनी जरूरतों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें एक ही छत के नीचे बेहतरीन उत्पाद व सेवाएं मिल सकेंगी। मुझे पूरा विश्वास है कि यह दुकान अपनी बेहतर सर्विस और विश्वसनीयता के बल पर बहुत जल्द क्षेत्र में अपनी एक खास पहचान बनाएगी। प्रतिष्ठान के संचालक दीपक गुप्ता ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने दुकान की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पेट्रो वर्ल्ड में ग्राहकों की सुविधाओं और उनकी जरूरतों का विशेष ध्यान रखा गया है। यहाँ उचित मूल्य पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद हमेशा उपलब्ध रहेंगे और ग्राहकों को एक सुखद शॉपिंग अनुभव मिलेगा। इस उद्घाटन समारोह के अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, स्थानीय व्यवसायी और भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## बाइक अनियंत्रित होकर लगभग 100 फीट गहरी खाई में गिरी, पति-पत्नी की मौत



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बुढ़मू** : बुढ़मू प्रखंड के ठाकुरगांव-थाना क्षेत्र के बगदा घाटी में शुक्रवार को एक हृदयविदारक घटना हुई। घाटी में एक पल्सर बाइक अनियंत्रित होकर लगभग 100 फीट गहरी खाई में गिर गई। इस घटना में बाइक सवार पति पत्नी की मौत घटनास्थल में ही हो गई। वहीं दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार बुढ़मू थाना क्षेत्र के बाड़े गांव निवासी नारायण सिंह अपनी पत्नी प्रिया कुमारी दोनों बच्चों को लेकर अपने ससुराल पतरातू थाना क्षेत्र के साकुल गांव अपनी बीमार सास को देखने जा रहे थे। इसी बीच बगदा घाटी में उक्त घटना हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से मृतक दंपति के शवों को खाई से निकालकर पोस्टमार्टम हेतु रिम्स भेज दिया। वहीं दोनों घायल बच्चों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। विधायक कांके सुरेश कुमार बैठा ने उपाउक्त रांची को अनुरोध कर विशेष टीम गठित कर रात में ही पोस्ट मार्टम कराया गया .इस दौरान विधायक प्रतिनिधि शमीम बड़ेहार एवं रिम्स प्रतिनिधि बिनोद कुमार सिंह मौजूद थे।

# टोल बचाने की जल्दबाजी बनी काल

■ निर्माणाधीन भारतमाला सड़क पर फिर हुआ भीषण हादसा, दो घायल



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गोला (रामगढ़)** : टोल टैक्स बचाने की कोशिश एक बार फिर जान पर बन आई। भारतमाला परियोजना के तहत निर्माणाधीन सोसो खुर्द धमनाटांड़ के निकट सड़क पर गुरुवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में दो लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि धनबाद-बोकारो से खरीदी गई पुरानी होंडा कार को लेकर चालक खूंटी जा रहा था। निमार्णाधीन सड़क पर गड्ढों, अधूरे निर्माण और पर्याप्त संकेतकों के अभाव में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और उछलकर पुल के पिलर में जा लटकी। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए। तेज रफ्तार के कारण कार सवार दो लोग बाहर जा गिरे, जिससे उनकी जान बाल-बाल बच गई। हादसे में खूंटी जिला के अलौंडी निवासी 24 वर्षीय रंजीत बड़ाईक के कमर में गंभीर चोट लगी, जबकि खूंटी के मुरहू निवासी 23 वर्षीय सोहेल अंसारी घायल हो गए। सभी घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में इलाज करने के पश्चात बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। इधर गोला-मुरी मार्ग स्थित डभातू बीएम सेवा सदन के समीप भी एक ट्रक चालक ने स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गोला में भर्ती कराया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि टोल टैक्स बचाने के लिए लगातार वाहन चालक निमार्णाधीन भारतमाला सड़क का उपयोग कर रहे हैं। जानकारी होने के बावजूद लोग जोखिम उठा रहे हैं, जिसका परिणाम बार-बार गंभीर दुर्घटनाओं के रूप में सामने आ रहा है। लोगों ने प्रशासन और परिवहन विभाग से निमार्णाधीन सड़क पर प्रभावी बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेतक एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों पर रोक लगाई जा सके।

# बिहार में एक साथ 90 अंचलाधिकारी का हुआ स्थानांतरण

एजेंसी

**पटना** : बिहार सरकार ने राजस्व प्रशासन में बड़ा फेरबदल करते हुए शुक्रवार को राज्य के 90 अंचलाधिकारियों (सीओ) का एक साथ तबादला कर दिया। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार यह स्थानांतरण विभागीय वार्षिक तबादला नीति के तहत किया गया है। स्थानांतरित किए गए अधिकारियों में पूजा कुमारी, संजीव कुमार, सतेन्द्र कुमार, राकेश शर्मा, राजेश कुमार, कुमार शिवम, श्रीनिवाश कुमार सिंह, शम्मी कुमार, कुमारी सरिता रानी, अंकुर राय और सुभाग्य सहित कई अधिकारी शामिल हैं। इसी प्रकार सुमधुनिता कुमारी, सुनील कुमार, आदर्श गौतम, रंजीत कुमार, रंजन कुमार बैठा, अजय कुमार रंजन, सुमन सौरभ, सतीश कुमार गुप्ता, डेजी सिंह, सुसलोनी करण, संजीव कुमार, मनोरंजन शुक्ला, उमा कुमारी, आशीष कुमार, अभिनव राज, अजीत कुमार, राकेश आनंद और पूनम भारती का भी स्थानांतरण किया गया है। अधिसूचना के अनुसार, विवेक कुमार, निरंजन सुमन, विकेश कुमार, हिन्दुजा भारती श्री, मो. अमीर हुसैन, सदानन्द कुमार, विशाल अग्रवाल, गोपाल कुमार, लखेन्द्र कुमार, सुप्रीति कुमारी, पुष्कल कुमार, गौतम कुमार, धीरज कुमार, कुमारी रूपम शर्मा, मणिकांत कुमार, विनीत व्यास, चंदन चौधरी, कौशल कुमार और प्रभाष कुमार का भी तबादला किया गया है। इसके अलावा अंशु कुमार, दिलीप कुमार, रवि कुमार, आदित्य शंकर, मो. जमशेद, अभिषेक आनंद, संतोष कुमार, विवेक कुमार सिंह, सुप्रिया आयार्णी, रवि शेखर, सर्वेश कुमार सिन्हा, गीता कुमारी, अविनाश कुमार, आशीष आनंद, उदयन सिंह, पुनम दीक्षित और मनीष कुमार सहित अन्य अंचलाधिकारियों को भी नई तैनाती दी गई है। इससे पहले विभाग ने 60 अंचलाधिकारियों का तबादला किया था। शुक्रवार को जारी सूची के बाद जून माह में स्थानांतरित अंचलाधिकारियों की कुल संख्या लगभग 150 हो गई है। माना जा रहा है कि इस प्रशासनिक फेरबदल का उद्देश्य राजस्व एवं भूमि प्रबंधन व्यवस्था को अधिक प्रभावी और सुचारु बनाना है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल में विभागीय स्तर पर जून माह में वार्षिक तबादलों की व्यवस्था लागू की गई थी। यह परंपरा अब भी जारी है। इसी क्रम में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने जून माह की समाप्ति से पहले बड़े पैमाने पर स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी की है।

# अमृत 2.0 योजना के तहत बननेवाले पार्क का विरोध

एजेंसी

**भागलपुर** : भागलपुर के टीएनबी कॉलेजिएट के मैदान पर अमृत 2.0 योजना के तहत पार्क के निर्माण का विरोध होना शुरू हो गया है। स्थानीय लोग इसका विरोध प्रदर्शन और सोशल मीडिया के माध्यम से कर रहे हैं। टीएनबी कॉलेजिएट मैदान सिर्फ एक खाली जमीन का टुकड़ा नहीं, बल्कि इस क्षेत्र के सैकड़ों बच्चों के सपनों, उनकी खेल प्रतिभा और एक स्वस्थ भविष्य का मजबूत आधार है। आज इसी मैदान को बचाने और बच्चों के खेल के अधिकार को सुरक्षित रखने के लिए स्थानीय लोगों और बच्चों ने एक सुर में आवाज बुलंद



की है। वार्ड संख्या 19 के अंतर्गत 'अमृत 2.0 योजना' के तहत इस ऐतिहासिक मैदान परिसर में एक पार्क निर्माण का प्रस्ताव है, जिसका स्थानीय स्तर पर विरोध शुरू हो गया है। भारी संख्या में स्थानीय लोगों और बच्चों ने मैदान परिसर में एकत्रित होकर इस निर्माण कार्य के खिलाफ अपना शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराया। विरोध प्रदर्शन में शामिल लोगों का स्पष्ट रूप से मानना है कि इस पूरे क्षेत्र में बच्चों के खेलने, दौड़ने और अन्य शारीरिक व खेल गतिविधियों के लिए यह एकमात्र खुला मैदान बचा है। आज के डिजिटल दौर में, जहाँ बच्चे मैदानों से दूर हो रहे हैं, ऐसे में इस एकमात्र खेल मैदान को पार्क के रूप में तब्दील कर इसके दायरे को सीमित करना बच्चों के हितों के साथ सरासर नाइंसाफी होगी। पार्क बनने से कंक्रीट का ढांचा बढ़ेगा और बच्चों के दौड़ने-खेलने की खुली जगह खत्म हो जाएगी। प्रदर्शनकारियों ने साफ किया कि वे शहर के सौंदर्यीकरण या विकास कार्य के खिलाफ नहीं हैं। लोगों ने नगर निगम प्रशासन और संबंधित उच्च अधिकारियों से बेहद संवेदनशील अपील की है कि पार्क निर्माण के लिए किसी अन्य उपयुक्त स्थान या खाली जमीन का चयन किया जाए। इस ऐतिहासिक और उपयोगी मैदान को पूरी तरह से खेल मैदान के रूप में ही सुरक्षित रखा जाए ताकि यहाँ की खेल प्रतिभाएं निखरती रहें। मैदान को बचाने की यह मुहिम अब सड़कों से लेकर सोशल मीडिया पर भी तेज हो गई है। स्थानीय युवाओं और लोगों ने डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर हैशटैग के साथ इस अभियान को जन-आंदोलन बनाने की शुरूआत कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बच्चों का मैदान बचेगा, तभी उनका स्वास्थ्य और भविष्य संवर पाएगा। अब देखना यह है कि जनभावनाओं को देखते हुए नगर निगम और प्रशासन इस फैसले पर क्या पुनर्विचार करता है।

## अंतरराष्ट्रीय नशा विमुक्ति दिवस पर भीमनगर में जागरूकता अभियान

एजेंसी

**सुपौल** : अंतरराष्ट्रीय नशा विमुक्ति दिवस के अवसर पर भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा स्थित भीमनगर में बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस (बीएसएपी) की 12वीं और 15वीं बटालियन द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। शुक्रवार सुबह प्रभातफेरी और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया।नशा मुक्ति जागरूकता प्रभातफेरी की शुरूआत बीएसएपी बटालियन मुख्यालय से हुई। प्रभातफेरी भीमनगर पुरानी चौक, कस्टम कार्यालय, थाना मार्ग और नया बाजार होते हुए सहरसा चौक तक पहुंची। इस दौरान जवानों ने नशा विरोधी नारे लगाते हुए लोगों से नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की। अभियान के दौरान स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर रुचि दिखाई और नशामुक्त समाज के संकल्प का समर्थन किया।सहरसा चौक पर बीएसएपी की महिला जवानों ने प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक में नशे की लत से होने वाले सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों को जीवंत तरीके से दशार्या गया। महिला जवानों ने संदेश दिया कि नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है।

# ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम 32 में बनायी जगह



फीफा विश्व कप 2026



**एजेंसी**

**सैन फ्रांसिस्को :** फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप डी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को पैराग्वे के खिलाफ 0-0 से ड्रॉ खेलकर अंतिम 32 में अपनी जगह पक्की कर ली। इस परिणाम के साथ ऑस्ट्रेलिया ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहा, जबकि पैराग्वे को अब अगले दौर में पहुंचने के लिए अन्य मुकाबलों के नतीजों का इंतजार करना होगा। सैन फ्रांसिस्को बे एरिया स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में शुरूआत से ही ऑस्ट्रेलिया ने आक्रामक खेल दिखाया। कोच टोनी पोपोविच ने शुरूआती एकादश में छह बदलाव किए और नेस्टोरी इरानकुंडा तथा क्रिस्टियन वोल्पाटो को मौका दिया। मैच के शुरूआती मिनटों में जैक्सन इरविन के पास गोल करने का अच्छा अवसर था, लेकिन पैराग्वे के गोलकीपर ऑरलैंडो गिल ने शानदार बचाव किया। इसके बाद भी जॉर्डन बॉस और वोल्पाटो ने कई हमले किए, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई टीम गोल नहीं कर सकी। दूसरे हाफ में पैराग्वे ने वापसी की कोशिश की। कोच गुस्तावो अल्फारो ने मौरिसियो को मैदान पर उतारा, जबकि जूलियो एनसिसो ने लगातार ऑस्ट्रेलियाई रक्षा पंक्ति पर दबाव बनाया। हालांकि 82वें मिनट में एनसिसो का शॉट गोलपोस्ट के बाहर चला गया। मैच के अंतिम मिनटों में दोनों टीमों ने जीत के लिए प्रयास किए। 89वें मिनट में जॉर्डन बॉस का तेज शॉट मामूली अंतर से गोलपोस्ट के बाहर निकल गया। वहीं मौरिसियो के अंतिम प्रयास को ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर ने आसानी से रोक लिया। इस ड्रॉ के साथ ऑस्ट्रेलिया सात अंकों के साथ ग्रुप डी में दूसरे स्थान पर रहते हुए नॉकआउट चरण में पहुंच गया। अब उसका मुकाबला ग्रुप जी की उपविजेता टीम से होगा। दूसरी ओर, चार अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा पैराग्वे अब सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान वाली टीमों में शामिल होने की उम्मीद लगाए बैठा है।

## तुर्किये ने अतिरिक्त समय में गोल कर अमेरिका को 3-2 से हराया



**लॉस एंजिलिस :** फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप डी के औपचारिक मुकाबले में शुक्रवार को तुर्किये ने अतिरिक्त समय में किए गए निर्णायक गोल की बदौलत सह-मेजबान अमेरिका को 3-2 से हरा दिया। पहले ही ग्रुप विजेता बनकर अंतिम 32 में पहुंच चुका अमेरिका अपनी लगातार तीसरी जीत की तलाश में था, जबकि टूर्नामेंट से बाहर हो चुका तुर्किये सम्मान बचाने के इरादे से मैदान में उतरा। अमेरिका ने मुकाबले की शानदार शुरूआत की। तीसरे मिनट में ऑस्टन ट्रस्टी ने गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। यह विश्व कप में अमेरिका के लिए दूसरा सबसे तेज गोल भी रहा। हालांकि तुर्किये ने जल्द ही वापसी की। 10वें मिनट में स्टार खिलाड़ी अर्दा गुलर ने शानदार फिनिश करते हुए विश्व कप का अपना पहला गोल दागकर स्कोर 1-1 कर दिया। इसके बाद 31वें मिनट में एरेन एलमाली के शानदार मूव पर बारिस अल्पर यिलमाज ने गोल कर तुर्किये को 2-1 की बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ की शुरूआत में अमेरिका ने बराबरी हासिल कर ली। 49वें मिनट में सेबास्टियन बेरहॉल्टर ने दमदार शॉट लगाकर स्कोर 2-2 कर दिया। इसके बाद अमेरिका के स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियन पुलिसिक को मैदान पर उतारा गया, जिन्होंने वापसी के बाद कई अच्छे आक्रमण किए, लेकिन गोल करने में सफल नहीं हो सके।

## ब्राजील का अंतिम 32 में जापान से होगा सामना



**नयी दिल्ली :** फीफा विश्व कप 2026 के अंतिम 32 का एक और मुकाबला तय हो गया है। पांच बार की विश्व चैंपियन ब्राजील अब नॉकआउट चरण में जापान से भिड़ेगा। यह मुकाबला 29 जून को अमेरिका के ह्यूस्टन स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसकी शुरूआत भारतीय समयानुसार रात 10:30 बजे होगी। जापान ने ग्रुप एफ के अपने अंतिम मुकाबले में स्वीडन के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेलकर चार अंक हासिल किए और नीदरलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रहते हुए अंतिम 32 में जगह बनाई। दूसरी ओर, ब्राजील ने ग्रुप सी में दो जीत और एक ड्रॉ के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर नॉकआउट चरण में प्रवेश किया। ब्राजील के ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहने वाला मोरक्को अब अंतिम 32 में नीदरलैंड का सामना करेगा। ब्राजील और जापान के बीच पिछली भिड़ंत अक्टूबर 2025 में एक अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में हुई थी, जिसमें जापान ने 3-2 से जीत दर्ज कर इतिहास रचा था। यह 14 मुकाबलों में ब्राजील के खिलाफ जापान की पहली जीत थी। हालांकि विश्व कप के इतिहास में दोनों टीमों की अब तक केवल एक बार टक्कर हुई है। वर्ष 2006 के विश्व कप में ब्राजील ने जापान को 4-1 से हराया था। अब लगभग दो दशक बाद दोनों टीमें फिर विश्व कप के मंच पर आमने-सामने होंगी, जहां जापान पिछली जीत का आत्मविश्वास लेकर उतरेगा, जबकि ब्राजील अपने शानदार रिकॉर्ड को कायम रखने की कोशिश करेगा।

## एक झलक

### अब मुम्बई की प्रतिभाओं को निखारेंगे संदीप पाटिल

**मुम्बई :** पूर्व क्रिकेट ओर चयन समिति के अध्यक्ष रहे संदीप पाटिल अब उभरती हुई क्रिकेट प्रतिभाओं को निखारेंगे। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने पाटिल को आगामी 2026-27 घरेलू सीजन के लिए सीनियर और आयु वर्ग की पुरुष टीमों का मेंटर बनाया है। एमसीए को उम्मीद है कि पाटिल के लंबे अनुभवों का लाभ उभरती हुई प्रतिभाओं को मिलेगा। जिससे एक बार फिर मुंबई की टीम अपना पुराना गौरव हासिल करेगी। मुम्बई ने भारतीय क्रिकेट को सुनील गावस्कर से लेकर सचिन तेंदुलकर तक कई सितारे दिये हैं पर पिछले कुछ साल से यहां से कोई भी असाधारण प्रतिभा सामने नहीं आयी है। जिससे देखते हुए एमसीए ने पाटित का अब मेंटर की जिम्मेदारी दी है। एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने पाटिल अब मुंबई क्रिकेट के विभिन्न स्तरों पर खिलाड़ियों के साथ मिलकर काम करेंगे और घरेलू सत्र की तैयारियों में एक निर्णायक भूमिका निभाएंगे। मुंबई क्रिकेट का भारतीय क्रिकेट को प्रतिभाशाली खिलाड़ी देने का एक गौरवशाली इतिहास रहा है और एसोसिएशन को पूरा भरोसा है कि पाटिल जैसे अनुभवी दिग्गज की उपस्थिति से युवा खिलाड़ियों के विकास को एक नई गति मिलेगी, जिससे भविष्य में बेहतर खिलाड़ी मिलेंगे। इस पूर्व क्रिकेटर का मुंबई क्रिकेट प्रशासन से औपचारिक जुड़ाव 2016 में समाप्त हुआ था। इससे पहले, वह साल 2012 से 2016 तक भारतीय टीम की चयन समिति के अध्यक्ष रहे थे।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले से पहले सुधारनी होगी फील्डिंग : हरमनप्रीत कौर



**एजेंसी**

**लंदन :** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने बांग्लादेश के खिलाफ विश्वकप मैच में जीत पर खुशी जतायी है पर कहा कि मुकाबले के दौरान टीम की फिल्डिंग अच्छी नहीं रही, जिसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले अगले मैच से पहले ठीक करना होगा। हरमनप्रीत ने माना है कि फील्डिंग में आई कमजोरी एक बड़ी चिंता का विषय है। भारतीय टीम ने बांग्लादेश के मुकाबले में 137 रनों का लक्ष्य दिया था जिसके जवाब में बांग्लादेश की टीम निर्धारित ओवरों में आठ विकेट पर 136 रन ही बना पायी। इस बड़ी जीत से भारतीय टीम को नेट रन रेट बेहतर हुआ है। मैच के बाद हरमनप्रीत ने कहा, मुझे लगता है कि यह एक अच्छी जीत है। हम इसी की तलाश में थे। अच्छी बात यह है कि हमने मैच को जल्दी समाप्ता करने के बारे में सोचा था, और भले ही इसमें थोड़ा समय लगा, फिर भी मुझे लगता है कि हमने मैच को दो-तीन ओवर रहते ही समाप्त कर दिया। इसलिए मुझे लगता है कि यह हमारे लिए एक अच्छी बात है। भारतीय कप्तान ने अपनी टीम के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त किया कि वे लक्ष्य को अपेक्षित समय सीमा के भीतर हासिल करने में सफल रहे।

## अभी मेरा लक्ष्य विश्व कप जीतना : श्री चरणी



**एजेंसी**

**लंदन :** आईसीसी टी20 विश्वकप क्रिकेट में शानदार गेंदबाजी कर रही भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्पिनर श्री चरणी ने कहा है कि उनका लक्ष्य अभी विश्वकप जीतना है। श्री चरणी ने कहा है कि आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में नंबर 1 गेंदबाज बनने से उन्हें खुशी हुई है पर अभी उनका ध्यान इस उपलब्धि पर नहीं है। इस स्पिनर ने कहा कि व्यक्तिगत रैंकिंग अभी उनकी प्राथमिकता नहीं है, इसकी जगह पर उनका पूरा ध्यान अभी आईसीसी महिला टी20 विश्व कप पर लगा हुआ है। हाल ही में वह टूर्नामेंट के एक ही संस्करण में भारतीय टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज भी बनी हैं। चरणी ने बांग्लादेश के खिलाफ ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की थी। उन्होंने शोर्ना अख्तर को आउट करके टूर्नामेंट में अपना 11वां विकेट लिया। इसके साथ ही उन्होंने पूनम यादव के 2020 संस्करण में बनाए गए 10 विकेट के भारतीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। नंबर 1 टी20आई गेंदबाज बनने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए चरणी ने कहा, अभी मेरा पूरा ध्यान विश्व कप पर लगा हुआ है। हम टूर्नामेंट के बीच में हैं, और मेरे लिए इसमें जीत ही मायने रखती है। मैं नंबर एक टी20क गेंदबाज बनने या किसी व्यक्तिगत रैंकिंग के बारे में नहीं सोच रही हूं। उन्होंने आगे कहा, ये चीजें अच्छी तो हैं, लेकिन फिलहाल मेरी प्राथमिकता नहीं हैं। मैं बस अपनी गेंदबाजी पर ध्यान देना देते हुए टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहती हूं।

## पावर-हिटिंग और कौशल विकास के लिए पाकिस्तानी क्रिकेटरों को अमेरिका भेजेंगे : हेसन



**एजेंसी**

**लाहौर :** पाकिस्तान की सीमित ओवरों की क्रिकेट टीम के मुख्य कोच माइक हेसन ने कहा है कि पाकिस्तान बोर्ड (पीसीबी) खिलाड़ियों को पावर-हिटिंग और समग्र कौशल विकास के लिए अमेरिका भेजने पर विचार कर रहा है। हेसन के अनुसार ये पहल उभरते हुए क्रिकेटरों को नये माहौल में प्रशिक्षित कर उनकी फिटनेस और खेल को बेहतर बनाने पर केंद्रित है। साथ ही कहा कि यह पाकिस्तान क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। हैसन के अनुसार इसे पाक क्रिकेट में बड़े बदलाव का प्रयास भी माना जा सकता है। हेसन ने बताया है कि बोर्ड इस मामले में बातचीत कर रहा है। कोच के अनुसारी कई महीनों तक चलने वाली इस पहल का मकसद न सिर्फ.खिलाड़ियों की अनजान माहौल में पावर-हिटिंग क्षमता को बेहतर बनाना है, बल्कि उन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की फि टनेस पर भी काम करना है जिनका करियर चोटों की वजह से प्रभावित हुआ है। हेसन ने कहा कि हम कुछ खिलाड़ियों को अमेरिका भेज रहे हैं। वहां पावर-हिटिंग की अच्छी विशेषज्ञता मौजूद है और हम कुछ विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। हमारे पास कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जो लंबे समय से चोटों से जूझ रहे हैं, और हम उन्हें पावर-हिटिंग के अलग-अलग तरीकों और सीखने के एक नए माहौल से परिचित कराना चाहते हैं, ताकि वे एक ही जगह पर चार महीने बिताकर कुछ नए और ताजा विचार सीख सकें हेसन ने इस बात पर भी जोर दिया कि यह प्रोग्राम सिर्फ.एक मकसद के लिए नहीं, बल्कि कई मकसदों के लिए है।



हेमबर्ग में डब्ल्यू टीए टेनिस मुकाबले में जापान की नओमी ओसाका शॉट खेलती हुई।

## दक्षिण अफ्रीका ने नीदरलैंड को 88 रन से हराया



**एजेंसी**

**ब्रिस्टल :** ताजमिन ब्रिट्स के शानदार पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक और गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 के ग्रुप ए मुकाबले में भारतीय समयानुसार शुक्रवार को नीदरलैंड को 88 रन से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ने सेमीफाइनल की उम्मीदें मजबूत करते हुए चार मैचों में छह अंक हासिल कर लिए और अंक तालिका में भारत के बराबर पहुंच गया। हालांकि बेहतर नेट रन रेट के कारण भारत अभी भी दूसरे स्थान पर बना हुआ है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने निर्धारित 20 ओवर में एक विकेट पर 208 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। सलामी बल्लेबाज ताजमिन ब्रिट्स ने नाबाद 114 रन की विस्फोटक पारी खेली, जबकि कप्तान लॉरा वोल्वाड्र्ट ने 45 और एनेरी डर्कसन ने मात्र 16 गेंदों में 37 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। ब्रिट्स और वोल्वाड्र्ट ने पहले विकेट के लिए 121 रन की साझेदारी की। 209 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीदरलैंड ने तेज शुरूआत की और पावरप्ले में बिना विकेट खोए 50 रन बना लिए। फीबे मोल्केनबोअर ने 41 और सान्या खुराना ने 36 रन बनाए, लेकिन इसके बाद पूरी टीम लड़खड़ा गई। दक्षिण अफ्रीका की गेंदबाजी के सामने नीदरलैंड की पारी 20 ओवर में आठ विकेट पर 120 रन तक ही सिमट गई। अयाबोंगा खाका ने तीन विकेट लिए, जबकि क्लोई ट्रायन ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। इस जीत के बाद ग्रुप ए से दूसरे सेमीफाइनलिस्ट की लड़ाई और भी रोमांचक हो गई है। इंग्लैंड पहले ही अंतिम चार में जगह बना चुका है। दक्षिण अफ्रीका अपने अंतिम लीग मुकाबले में 28 जून को बांग्लादेश से भिड़ेगा, जबकि उसी दिन भारत का मुकाबला मजबूत ऑस्ट्रेलियाई टीम से होगा, जो सेमीफाइनल की

आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप

## 24 पदकों के साथ भारत रहा शीर्ष पर, एनआरएआई ने जतायी खुशी



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप 2026 में भारतीय निशानेबाजों के शानदार प्रदर्शन पर खुशी जताई है। जर्मनी के सुहल में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारत ने 7 स्वर्ण, 8 रजत और 9 कांस्य सहित कुल 24 पदक जीतकर पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया। लगातार दूसरी बार भारत ने इस विश्व चैंपियनशिप में शीर्ष स्थान पर कब्जा जमाया है। भारत के अभियान की शुरूआत सेजल कांबले ने 10 मीटर एयर पिस्टल जूनियर महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर की। इसी स्पर्धा में हिमांशी ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके बाद सेजल कांबले, वंशिका चौधरी और नव्या बिश्नोई की टीम ने टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारत की बढ़त मजबूत की। 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल जूनियर पुरुष वर्ग में समीर ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि रोहित कन्यन ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन जूनियर पुरुष स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। महिला वर्ग की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में प्राची गायकवाड़ ने रजत पदक जीता। इसके अलावा भारत ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन जूनियर पुरुष टीम और 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल जूनियर पुरुष टीम स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किए। 10 मीटर एयर राइफल जूनियर महिला वर्ग में अन्वी राठौड़ ने कांस्य पदक जीता, जबकि प्रीतम केंद्रे ने जूनियर पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारत ने 25 मीटर पिस्टल जूनियर महिला टीम और जूनियर पुरुष टीम स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीते। 10 मीटर एयर पिस्टल जूनियर पुरुष वर्ग में शिवा नरवाल ने रजत और युग प्रताप सिंह राठौर ने कांस्य पदक हासिल किया। शिवा नरवाल ने संदीप बिश्नोई और चिराग शर्मा के साथ टीम स्पर्धा में रजत पदक भी जीता। इसके बाद शिवा नरवाल और वंशिका चौधरी की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में भी रजत पदक दिलाया। चैंपियनशिप के अंतिम चरण में भारत ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा। अभिनव देशवाल ने 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल जूनियर पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि शांभवी श्रवण क्षीरसागर और अभिनव शॉ ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल जूनियर पुरुष टीम ने रजत पदक जीता। महिला वर्ग की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में शौर्या दिलीप भारणे ने रजत और रिया दुग्गल ने कांस्य पदक हासिल किया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन राज चंद्रा ने 50 मीटर पिस्टल जूनियर पुरुष वर्ग में कांस्य पदक जीता, जबकि योगेश कुमार, प्रतीक और अभिनव चौधरी की टीम ने रजत पदक अपने नाम किया। महिला वर्ग की 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में ऐश्वर्या रविचंद्र बालेहोसुर ने रजत पदक जीतकर भारत की पदक संख्या 24 तक पहुंचाई और टीम को पदक तालिका में शीर्ष स्थान दिलाया। एनआरएआई अध्यक्ष कालिकेश नारायण सिंह देव ने कहा कि लगातार दूसरी बार विश्व चैंपियनशिप में पदक तालिका में शीर्ष पर रहना भारतीय निशानेबाजी के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है।

## विम्बलडन में जैनिक सिनर करेंगे ऐतिहासिक शुरुआत



**एजेंसी**

**लंदन :** अगले सप्ताह 29 जून को शुरू हो रही विंबलडन टेनिकस चैंपियनशिप में इटली के टेनिस स्टार जैनिक सिनर अपना पहला मैच खेलते ही एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम करेंगे। विंबलडन में सेंटर कोर्ट पर पहला मैच खेलना टेनिस के सबसे बड़े सम्मानों में से एक माना जाता है और मौजूदा चैम्पियन होने के कारण इस बार सिनर को ये सम्मान मिलेगा। वह ये सम्मान हासिल करने वाले इटली के पहले खिलाड़ी बन जाएंगे। उन्होंने पिछले साल एकल खिताब जीतकर यह अधिकार हासिल किया है कि वह आगामी 2026 चैंपियनशिप की शुरूआत करेंगे। सिनर ने इस ऐतिहासिक अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, मेरे लिए सेंटर कोर्ट पर खेल की शुरूआत करना रोमांचक पल होगा। यहाँ का माहौल अनोखा है, दुनिया भर के टेनिस कोर्ट पर मिलने वाले किसी भी अनुभव से बिल्कुल अलग। मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि एक दिन मैं चैंपियनशिप के पहले मैच के लिए उस लॉन और उस स्टेडियम में कदम रखूंगा। यह सम्मान सिनर की करियर की एक और बड़ी उपलब्धि है, जो उन्हें इटालियन टेनिस इतिहास में एक विशेष स्थान दिलाती है। सिनर की ही तरह पोलैंड की महिला खिलाड़ी इगा स्वियातेक भी अपनी करियर की सबसे यादगार जीतों में से एक वाली जगह पर लौटेंगी और दूसरे दिन खेल की शुरूआत करेंगी। स्वियातेक के संयम और अटूट लगन की बदौलत ही वह पिछले साल वीनस रोजवॉटर डिश जीतने वाली पहली पोलिश खिलाड़ी बनीं। स्वियातेक अपनी इस बड़ी उपलब्धि को याद करते हुए कहती हैं, ट्रॉफी उठाना शब्दों से परे का अनुभव था, क्योंकि ग्रास कोर्ट के हिसाब से अपने खेल को ढालना एक लंबी प्रक्रिया रही है। मैंने अपने फुटवर्क को बेहतर बनाने, कोर्ट पर अपनी पोज़िशन को लेकर ज्यादा आक्रामक होने और गेंद को जल्दी हिट करने के लिए अपनी सहज समझ पर भरोसा करने पर ध्यान दिया।

## अभी विश्वकप पर ही मेरा ध्यान, संन्यास सहित अन्य बातों पर विचार नहीं कर रहा : मेसी



**एजेंसी**

**डलास :** फीफा विश्वकप में अपने शानदार प्रदर्शन से नये रिकार्ड बना रहे। अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी का कहना है कि अभी उनका ध्यान विश्वकप में अपनी टीम को जीत दिलाने पर है। इसलिए कब वह सन्यास लेंगे ओर 2030 विश्वकप खेलेंले या नहीं जैसे सवाल अभी नहीं करने चाहिये। मेसी की उम्र 39 साल की हो गयी है जिससे प्रशंसकों के मन में इस प्रकार के सवाल आते रहते हैं। वहीं मेसी का कहना है कि वह कब तक खेलने ये फिटनेस के साथ ही इसपर निर्भर करेगा कि उनका शरीर आने वाले समय में कैसा रहता है। इसलिए अभी से भविष्य में क्या होगा वह नहीं कह सकते। अपने खेलने को लेकर भी वह अभी से कोई भी वादा नहीं कर सकते। इसकी जगह पर उनका पूरा ध्यान अभी वर्तमान पर और चल रहे टूर्नामेंट में अपनी टीम को सफल बनाने में मदद करने पर है। इस स्टार खिलाड़ी ने कहा है कि मेसी ने साफ किया कि फि लहाल उनके मन में रिटायरमेंट का कोई विचार नहीं है। मेसी ने कहा कि हां मैं कुछ समय और खेलता रहूंगा, जब तक मैं योगदान दे सकता हूं।

## एफआईएच प्रो लीग : शूटआउट में इंग्लैंड ने भारत को हराया



**एजेंसी**

**लंदन :** एफआईएच प्रो लीग 2026 के यूरोपीय दौरे में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को गुरुवार को मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ कड़े मुकाबले में शूटआउट में 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। निर्धारित समय तक मुकाबला 2-2 से बराबरी पर रहा, लेकिन शूटआउट में इंग्लैंड ने बोनस अंक अपने नाम कर लिया। भारत के लिए दिलप्रीत सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10वें और 58वें मिनट में दो गोल दागे। वहीं इंग्लैंड की ओर से डेविड गुडफील्ड ने 29वें मिनट और निकोलस बंडुराक ने 56वें मिनट में गोल किए। मुकाबले की शुरूआत भारत ने आक्रामक अंदाज में की। 10वें मिनट में मनदीप सिंह के शानदार पास पर दिलप्रीत सिंह ने डाइव लगाकर गेंद को गोल में पहुंचाते हुए भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। दूसरे क्वार्टर में भारत बढ़त दोगुनी करने के करीब पहुंचा, लेकिन इंग्लैंड के रक्षक थॉमस सोर्सबी ने गोल लाइन पर शानदार बचाव किया। इसके बाद 29वें मिनट में डेविड गुडफील्ड ने फील्ड गोल कर इंग्लैंड को 1-1 की बराबरी दिला दी। तीसरे क्वार्टर में दोनों टीमों को कई मौके मिले, लेकिन मजबूत रक्षण के चलते कोई भी गोल नहीं हो सका। चौथे और अंतिम क्वार्टर में इंग्लैंड ने लगातार दबाव बनाए रखा और 56वें मिनट में निकोलस बंडुराक ने पेनाल्टी कॉर्नर पर गोल कर टीम को 2-1 से आगे कर दिया। हालांकि भारत ने हार नहीं मानी और दो मिनट बाद सुमित के शानदार मूव पर दिलप्रीत सिंह ने जोरदार शॉट लगाकर मुकाबला 2-2 से बराबर कर दिया। शूटआउट में इंग्लैंड ने बेहतरीन प्रदर्शन किया।

## एक झलक

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 96.3 करोड़ डॉलर बढ़ कर 672.58 अरब डॉलर पर

**नयी दिल्ली/मुंबई :** आर्थिक मोर्चे पर अच्छी खबर आई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 19 जून को समाप्त हफ्ते में 96.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 672.58 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इससे पिछले हफ्ते देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 9.98 अरब डॉलर घटकर 671.62 अरब डॉलर रह गया था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि 19 जून को समाप्त हफ्ते में देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 9.63 करोड़ डॉलर (963 मिलियन डॉलर) की बढ़त के साथ 672.58 अरब डॉलर पर रहा है। आंकड़ों के मुताबिक इससे पिछले सप्ताह देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 9.98 अरब डॉलर घटकर 671.62 अरब डॉलर रह गया था। आरबीआई के अनुसार इस दौरान मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए) 3.07 अरब डॉलर घटकर 541.217 अरब डॉलर रह गईं। हालांकि, इस दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 4.11 अरब डॉलर बढ़कर 107.93 अरब डॉलर हो गया। आंकड़ों के मुताबिक इस अवधि में विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) भी 5.2 करोड़ डॉलर घटकर 18.647 अरब डॉलर रहा। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के मुताबिक 19 जून को समाप्त हफ्ते के दौरान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत की आरक्षित कोष 2.2 करोड़ डॉलर घटकर 4.79 अरब डॉलर रहा।

### डीआरआई ने 15 किलो विदेशी सोना जब्त किया 15 लोग गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने सोने की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। डीआरआई के कई स्थानों पर चलाए गए अपने अभियानों में 15 किलो विदेशी मूल का सोना जब्त किया, जबकि 15 लोगों को गिरफ्तार भी किया है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि विदेशी मूल के सोने की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई में राजस्व खुफिया निदेशालय ने मुंबई हवाई अड्डे से संचालित एक अत्यंत संगठित सोने की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान तलाशी में लगभग 1.5 किलोग्राम सोने के आभूषण, 45 किलोग्राम चांदी और भारतीय एवं विदेशी मुद्राएं बरामद हुईं।

मंत्रालय के मुताबिक इस हफ्ते के आरंभ में डीआरआई ने हैदराबाद, राजकोट, कालीकट, विशाखापत्तनम, गुवाहाटी और पेट्रापोल के अन्य एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशनों और चुंगी चौकियों पर कई अभियान चलाए, जिसके परिणामस्वरूप कुल मिलाकर छह किलोग्राम विदेशी मूल का तस्करी किया हुआ सोना जब्त किया गया। इन अभियानों में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

वित्त मंत्रालय के मुताबिक कुल मिलाकर सोने की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करने के साथ इन अभियानों के परिणामस्वरूप करीब 15 किलो ग्राम सोना और 45 किलो ग्राम चांदी जब्त की गई है, जिनकी कीमत लगभग 23 करोड़ रुपये है, जबकि 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील के 'बहुत करीब' : गोयल




**नयी दिल्ली :** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को लंदन में में कहा कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील तब तक लागू नहीं होगी, जब तक भारत को प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले टैरिफ लाभ नहीं मिलता। हालांकि, गोयल ने यह कहा कि भारत और अमेरिका ट्रेड डील 'बहुत करीब' है, लेकिन भारत अपने प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले टैरिफ में बढ़त मिले बिना इस पर साइन नहीं करेगा। गोयल ने लंदन में आयोजित इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) यूके-इंडिया वीक को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील पर आगे बढ़ने से पहले भारत इस पर स्पष्टता चाहता है कि मैन्युफैक्चरिंग के मामले में वह प्रतिस्पर्धा करने वाली दूसरी अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले अपनी बढ़त को कैसे बनाए रखेगा। उन्होंने कहा, "हमें यह पक्का करना है कि हमें उन देशों के मुकाबले कॉम्पिटिटिव फायदा मिले जो विकास के उसी चरण में हैं या जिनकी कॉस्ट स्ट्रक्चर भारत जैसी ही है। चाहे वह वियतनाम, थाईलैंड, फिलीपींस, इंडोनेशिया, मलेशिया, चीन हो, या बांग्लादेश, श्रीलंका और हमारे सभी पड़ोसी देश हों।" इस बीच भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम के प्रेसिडेंट और सीईओ मुकेश आघी कहते हैं, ?ये मामला तकनीकी नहीं है। मुझे लगता है कि भारत का रुख यह रहा है कि 'हमें प्रेफरेंशियल टैरिफ (वरीयता वाला टैरिफ) चाहिए?, यानी हमें अपने पड़ोसियों के मुकाबले कम टैरिफ दिया जाए क्योंकि इससे हम ज्यादा कॉम्पिटिटिव (प्रतिस्पर्धी) बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि बात 10 फीसदी या 20 फीसदी की नहीं है, बल्कि असल बात पड़ोसियों से कम टैरिफ पाने की भी है। यह एक राजनीतिक मुद्दा भी बन गया है, क्योंकि अभी भारत पर टैरिफ 12.5 फीसदी है और पाकिस्तान पर 10 फीसदी। भारत का कोई भी राजनीतिक दल या नेता इसे स्वीकार नहीं करेगा, क्योंकि इससे मूल रूप से उन्हें चुनाव में हार का सामना करना पड़ सकता है।

यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम के प्रेसिडेंट और सीईओ मुकेश आघी ने आगे कहा कि इसलिए, इस मसले को सुलझाना होगा। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यहीं पर ट्रंप प्रशासन विचार-विमर्श करेगा और देखेगा कि कैसे कोई ऐसा समाधान निकाला जाए जो भारत और अमेरिका, दोनों के लिए फायदेमंद हो। भारत और अमेरिका के बीच इसी हफ्ते नई दिल्ली के वाणिज्य भवन में हुई दो दिवसीय मंत्री स्तरीय बैठक में प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के मुख्य मुद्दों की भी विस्तार से समीक्षा की गई। इस बैठक में केंद्रीय वाणिज्य एवं उदयोग मंत्री पीयूष गोयल और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि एंबेसडर जेमिसन ग्रीर के प्रतिनिधिमंडल इसमें शामिल हुए।

## मुहर्रम के मौके पर शेयर बाजार में छुट्टी, कमोडिटी सेगमेंट में शाम के सत्र में होगा कारोबार

**नयी दिल्ली :** मुहर्रम के मौके पर घरेलू शेयर बाजार में आज छुट्टी है। इस छुट्टी के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में आज कोई कारोबार नहीं होगा। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की तरह ही मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में भी मुहर्रम की छुट्टी होने की वजह से दिन के पहले सत्र में यानी सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक कारोबार नहीं होगा। हालांकि एमसीएक्स में शाम पांच बजे से रात 11:30 तथा 11:55 बजे तक दूसरे सत्र में सामान्य कारोबार होगा। स्टॉक एक्सचेंज द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार मुहर्रम की छुट्टी होने के कारण बीएसई में इक्विटी सेगमेंट, इक्विटी डेरिवेटिव सेगमेंट, करेंसी डेरिवेटिव्स सेगमेंट्स, न्यू डेट सेगमेंट- रिपोर्टिंग, सेटलमेंट एंड ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म (एनडीएस-आरएसटी), ट्राई पार्टी रेपो सभी के लिए ट्रेडिंग हॉलिडे रहेगा। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीप्ट्स (ईजीआर), कमोडिटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट में दिन के सत्र में कारोबार नहीं होगा, लेकिन इनके लिए शाम के सत्र में शाम पांच बजे से रात 11:30 तथा 11:55 बजे तक सामान्य कारोबार होगा। इसी तरह एनएसई में भी मुहर्रम की छुट्टी होने के कारण इक्विटीज, इक्विटी डेरिवेटिव्स, कॉरपोरेट बॉन्ड्स, न्यू डेट सेगमेंट्स, निगोशिएटेड ट्रेड रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म, म्यूचुअल फंड्स, सिक्योरिटी लेंडिंग एंड बॉरोइंग स्कीम्स, करेंसी डेरिवेटिव्स, कमोडिटी डेरिवेटिव्स और इंट्रेस्ट रेट डेरिवेटिव्स सभी सेगमेंट्स में छुट्टी रहेगी।

# रिलायंस रिटेल, भारत में 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' की लिस्ट में 13वें स्थान पर

- RIL और रिलायंस रिटेल को Nation Builders Employers में भी जगह मिली

**मुम्बई :** रिलायंस रिटेल को काम करने के लिए भारत की सबसे अच्छी कंपनियों में 13वां स्थान मिला है। 'ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट' की 'इंडियाज बेस्ट कंपनी टू वर्क फॉर 2026' सूची में कम्पनी को टॉप-100 कम्पनियों में यह रैंकिंग दी गयी है। इस सूची में पहले तीन स्थानों पर हिल्टन, सिस्को सिस्टम्स इंडिया और सिंक्रोनी इंटरनेशनल सर्विसेज हैं। रैंकिंग की घोषणा 'ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट' द्वारा आयोजित कार्यक्रम में की गयी। रिलायंस रिटेल देश के सबसे बड़े रिटेल नेटवर्क को चलाता है और सूची के अनुसार कम्पनी के भारत में स्थित कर्मचारियों की संख्या 1,30,457 है। इतने बड़े कर्मचारी आधार के साथ टॉप-100 कम्पनियों में 13वां स्थान हासिल करना कम्पनी की कार्य-संस्कृति के लिए अहम माना जा रहा है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और रिलायंस रिटेल को संयुक्त रूप से "India's Best Employers Among NÔtion-Builders" में भी मान्यता मिली है। यह मान्यता उन कम्पनियों को दी जाती है, जिनका असर केवल कारोबार तक सीमित नहीं रहता, बल्कि रोजगार, जरूरी सेवाओं और राष्ट्रीय विकास से भी जुड़ता है। ग्रेट प्लेस टू वर्क की रैंकिंग कर्मचारी अनुभव और कम्पनी की कार्य-संस्कृति के आकलन पर आधारित होती है। इसमें ट्रस्ट इंडेक्स सर्वे को 75 प्रतिशत और कल्चरल ऑडिट को 25 प्रतिशत वेटेज दिया जाता है। रैंकिंग संस्था के अनुसार टॉप-100 सूची में जगह बनाने में किसी जूरी या व्यक्ति की राय नहीं, बल्कि कर्मचारी फीडबैक और वर्किंग कल्चर की अहम भूमिका होती है। रिलायंस रिटेल की यह उपलब्धि ऐसे समय आयी है, जब रिटेल सेक्टर तेजी से बदल रहा है। ऑनलाइन और ऑफलाइन कारोबार, तकनीक, सप्लाई चेन और स्टोर ऑपरेशन के बढ़ते दायरे के बीच यह रैंकिंग कम्पनी की कर्मचारी-केन्द्रित संस्कृति को रेखांकित करती है।

## राम मोहन नायडू ने वाराणसी से पहली 'ईजी कनेक्ट' फ्लाइट लॉन्च की

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से वाराणसी से पहली 'ईजी कनेक्ट' उड़ान लॉन्च की है। ये पहल भारत का पहला हब-एंड-स्पोक अंतरराष्ट्रीय यात्रा मॉडल है।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने 25 जून को वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से हब-एंड-स्पोक मॉडल के तहत भारत की पहली 'ईजी कनेक्ट' उड़ान का शुभारंभ किया। यह भारत को एक वैश्विक विमानन केंद्र में बदलने और टीयर- 2 और टीयर-3 शहरों से यात्रियों को निर्बाध अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए सरकार के प्रयासों को दर्शाता है।

# भारत ने आइसलैंड में लगायी आम की प्रदर्शनी



**नयी दिल्ली :** भारत ने आइसलैंड में अपने प्रीमियम आमों के निर्यात को बढ़ाने के लिए पहली बार भारतीय आमों की विभिन्न किस्मों की प्रदर्शनी आयोजित है जिसमें दोनों देशों के बीच कृषि व्यापार को मजबूत करने के मौकों पर जोर दिया गया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में बताया कि ये कार्यक्रम आइसलैंड की राजधानी रेक्याविक स्थित भारतीय दूतावास ने कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के सहयोग से 24 जून को रेक्याविक तथा 25 जून को उत्तरी आइसलैंड के अक्यूरेरी में पहली बार भारतीय आम के प्रोत्साहन का कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें दशहरी, चौसा, लंगड़ा और केसर किस्म के भारतीय आमों की समृद्ध विविधता और उनके निर्यात की अपार संभावनाओं को प्रदर्शित किया गया। मंत्रालय के मुताबिक इस अवसर पर भारतीय राजदूत आर. रवीन्द्र ने भारत की विश्व-प्रसिद्ध आम की विभिन्न किस्मों की विशिष्टताओं पर प्रकाश डाला, और आइसलैंड में भारतीय आमों के निर्यात के विस्तार की व्यापक संभावनाओं पर जोर दिया। इसके साथ ही भारतीय दूतावास की द्वितीय सचिव सुश्री अनिशा तोमर ने भारत में आम उत्पादन पर एक प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा आम उत्पादक देश है। वहीं, आइसलैंड के विदेश मंत्रालय में व्यापार समझौता निदेशक स्वेन के. एइनार्सन ने भारतझईएफटीए व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) से मिलने वाले अवसरों और उसके माध्यम से आइसलैंड में भारतीय आमों के आयात को बढ़ावा मिलने की संभावनाओं पर अपने विचार साझा किए। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि भारतीय मिशन द्वारा स्थानीय उपभोक्ताओं के साथ बातचीत के दौरान यह जानकारी सामने आई कि आइसलैंड के लोग आम काफी पसंद करते हैं और विशेष रूप से स्मूदी, डेजर्ट (मिष्ठान) तथा फ्रूट सलाद में उनका सेवन करना पसंद करते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि आइसलैंड के बाजार में भारतीय आमों के लिए पर्याप्त संभावनाएं मौजूद हैं।

## सैमसंग का 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' बोकारो में 'डिजाइन थिंकिंग' लाया



**रांची :** सैमसंग इंडिया ने अपना प्रमुख कार्यक्रम 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' डिजाइन थिंकिंग वर्कशॉप बोकारो में आयोजित किया, जहाँ चिन्मय विद्यालया के 450 छात्रों ने रोजमर्रा की समस्याओं पर मानव-केंद्रित डिजाइन लागू करना सीखा और प्रौद्योगिकी-आधारित विचारों को विकसित करके पहुँच और नागरिक सेवाओं में सुधार किया। सैमसंग के राष्ट्रव्यापी 100 शहरों के आउटरीच अभियान के अंतर्गत आयोजित इस वर्कशॉप ने छात्रों को सहानुभूति से शुरूआत करने के लिए प्रोत्साहित किया– यानी किसी समस्या का समाधान तैयार करने से पहले उससे प्रभावित लोगों को समझना। प्रतिभागियों ने यह पता लगाया कि कैसे अवलोकन, अनुसंधान और डिजाइन थिंकिंग स्थानीय चुनौतियों को व्यापक नवाचारों में बदल सकते हैं। एक आइडिया 10वीं क्लास के स्टूडेंट आदित्य नारायण सिंह का था, जिन्होंने दृष्टिबाधित लोगों को सुरक्षित रूप से चलने-फिरने में मदद करने के लिए एक पहनने योग्य सहायक डिवाइस का कॉन्सेप्ट तैयार किया। बोकारो की भीड़-भाड़ वाली सड़कों और ऊबड़-खाबड़ रास्तों पर आने वाली दिक्कतों से प्रेरित होकर, इस कॉन्सेप्ट में रुकावटों का पता लगाने के लिए सेंसर का इस्तेमाल किया गया है और यह ऑडियो प्रॉम्प्ट या वाइब्रेशन के जरिए यूजर को अलर्ट करता है।

## भारत के ग्राहकों तक पहुंचा नोवा सीरीज के स्मार्टफोन

**मुंबई :** एआई+ स्मार्टफोन ने आज अपने नए स्मार्टफोन- नोवा 2 प्रो और नोवा 2 नियो की बिक्री शुरू कर दी है। नोवा सीरीज के तहत लॉन्च किए गए ये स्मार्टफोन अलग-अलग तरह के ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं। चाहे पहली बार स्मार्टफोन इस्तेमाल करने वाले हों या बेहतर परफॉर्मेंस चाहने वाले ग्राहक, ये दोनों डिवाइस 26 जून को दोपहर 12 बजे से फ्लिपकार्ट और चुनिंदा रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध होंगे। नोवा 2 नियो 5जी और नोवा 2 प्रो 5जी, सभी बैंकों के डेबिट/क्रेडिट कार्ड पर 1,000 रुपए के बैंक ऑफर सहित। बिक्री शुरू होने पर अपने विचार साझा करते हुए माधव शेठ, सीईओ, एआई+ स्मार्टफोन एवं संस्थापक, नेक्स्टक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीज ने कहा, नोवा 2 नियो और नोवा 2 प्रो हमारे उस प्रयास का उदाहरण हैं, जिसके तहत हम ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों तक दमदार, सोच-समझकर तैयार किया गया डिजाइन और भरोसेमंद स्मार्टफोन अनुभव पहुंचाना चाहते हैं। हमने उन बातों पर खास ध्यान दिया है जो रोजमर्रा के इस्तेमाल में सबसे ज्यादा अहम होती हैं- परफॉर्मेंस, बैटरी लाइफ, इमेजिंग, सॉफ्टवेयर क्वालिटी और प्राइवेसी, ताकि ग्राहकों को अपने बजट के कारण किसी तरह का समझौता न करना पड़े।

# जमशेदपुर में टोयोटा कैमरी का जलवा, लग्जरी ड्राइव एक्सपीरियंस में हाइब्रिड तकनीक ने बटोरी सुर्खियां

**जमशेदपुर :** हाइब्रिड मोबिलिटी और प्रीमियम ऑटोमोबाइल नवाचार में अपनी अग्रणी भूमिका को और मजबूत करते हुए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने बुधवार को बेब्को टोयोटा के सहयोग से आयोजित एक विशेष रीजनल ड्राइव एक्सपीरियंस कार्यक्रम में अपनी फ्लैगशिप हाइब्रिड सेडान टोयोटा कैमरी का शानदार प्रदर्शन किया।

इस विशेष आयोजन में ऑटोमोबाइल प्रेमियों, कॉर्पोरेट अधिकारियों और संभावित ग्राहकों को कैमरी की बेहतरीन परफॉर्मेंस, आरामदायक ड्राइविंग अनुभव और अत्याधुनिक तकनीक को करीब से जानने का अवसर मिला। प्रतिभागियों ने विशेष रूप से तैयार किए गए टेस्ट ड्राइव रूट पर कैमरी की स्मूद पावर डिलीवरी, लगभग शून्य शोर वाली ड्राइविंग और शानदार राइड क्वालिटी का अनुभव किया।

कार्यक्रम की शुरूआत वरिष्ठ प्रशिक्षक अजय जयराम की एक प्रभावशाली ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति से हुई। उन्होंने टोयोटा की प्रसिद्ध हाइब्रिड सिनर्जी ड्राइवतकनीक के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह सेल्फ-चार्जिंग हाइब्रिड सिस्टम पेट्रोल इंजन और इलेक्ट्रिक मोटर के संयोजन से बेहतर माइलेज, कम कार्बन उत्सर्जन और बेहतरीन प्रदर्शन प्रदान करता है, जबकि इसके लिए किसी बाहरी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता नहीं होती। अजय जयराम ने कैमरी की उन्नत सुरक्षा सुविधाओं, प्रीमियम इंटीरियर और स्मार्ट मोबिलिटी तकनीकों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बीएमडब्ल्यू 3 सीरीज, ऑडी ए4 और स्कोडा सुपर्ब जैसी लग्जरी सेडान कारों के साथ तुलना करते हुए कहा कि कैमरी अपने वर्ग में एक अलग पहचान रखती है, क्योंकि यह लग्जरी, हाइब्रिड दक्षता, विश्वसनीयता और कम रखरखाव लागत का बेहतरीन संयोजन प्रदान करती है।

इस अवसर पर बेब्को टोयोटा की दिशिका भालोटिया और टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के फील्ड सेल्स मैनेजर (झारखंड) अभिषेक आचार्य भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के माध्यम से जमशेदपुर, रांची और धनबाद में फैले अपने डीलरशिप नेटवर्क के जरिए टोयोटा ने झारखंड में अपनी बढ़ती उपस्थिति को भी रेखांकित किया। यह आयोजन केवल एक वाहन प्रदर्शन तक सीमित नहीं था, बल्कि टोयोटा के उस व्यापक दृष्टिकोण का भी परिचायक था, जिसमें हाइब्रिड तकनीक को स्वच्छ और टिकाऊ परिवहन के भविष्य की आधारशिला माना गया है। साथ ही, यह कैमरी की उस विरासत को भी आगे बढ़ाता है जिसने इसे दुनिया भर में लग्जरी, विश्वसनीयता और बेहतरीन ड्राइविंग अनुभव का पर्याय बना दिया है।

## पेज एक के शेष

**नशे के खिलाफ लड़ाई में अगले तीन साल बेहद महत्त्वपूर्ण : शाह...**

उनको अंगुली पकड़ कर हमें सही रास्ते पर ले जाने का काम करना होगा।

गृह मंत्री ने बताया कि सरकार ने वर्ष 2026-29 के लिए मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्ययोजना (रोडमैप) तैयार की है। यह चार प्रमुख स्तम्भों पर आधारित है। पहला स्तम्भ प्रवर्तन, खुफिया जानकारी और अभियान है। दूसरा अग्रदूत रसायनों (प्रीकर्सर) और सिंथेटिक ड्रग्स पर नियंत्रण है। तीसरा मांग में कमी और नुकसान की रोकथाम और चौथा स्तम्भ क्षमता निर्माण, समन्वय और निगरानी है। उन्होंने कहा कि यह रोडमैप 'समग्र सरकार' और 'समग्र समाज' दृष्टिकोण पर आधारित है। इसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया है। इसके लिए केन्द्र और राज्य सरकारों के सभी विभागों के सचिवों की महत्त्वपूर्ण भूमिका होगी, ताकि नागरिकों को इस अभियान से जोड़कर इसके उद्देश्यों को सफल बनाया जा सके।

**बिरसा कृषि विश्वविद्यालय किसानों की आशाओं व ग्रामीण विकास का महत्वपूर्ण केन्द्र : राज्यपाल...**

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय द्वारा जैविक खेती, श्री अन्न (मिलेट्स), बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन और जल संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे अनुसंधानों की सराहना करते हुए कहा कि बदलते जलवायु परिदृश्य में ऐसी तकनीकों का विकास आवश्यक है, जो किसानों के लिए लाभकारी होने के साथ-साथ पर्यावरण के अनुकूल भी हों।

संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि वह स्वयं एक कृषक परिवार से आते हैं, इसलिए किसानों की समस्याओं और अपेक्षाओं को निकट से समझते हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि किसी भी अनुसंधान की सफलता का वास्तविक मापदंड शोधपत्रों की संख्या नहीं, बल्कि किसानों की आय में वृद्धि, उनकी समस्याओं का समाधान और उनके जीवन में आया सकारात्मक परिवर्तन होना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि कृषि अनुसंधान का अंतिम उद्देश्य प्रयोगशाला तक सीमित उपलब्धि नहीं, बल्कि खेत और किसान की समृद्धि होना चाहिए। 'लैब टू लैंड' की अवधारणा को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि प्रयोगशाला में विकसित तकनीक तभी सार्थक होगी, जब उसका लाभ खेत की मेड़ तक पहुंचे। विश्वविद्यालय और किसानों के बीच जितना मजबूत संवाद होगा, कृषि विकास की गति उतनी ही तेज होगी।

राज्यपाल ने कहा कि झारखंड में बागवानी, वानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन और लाख उत्पादन के क्षेत्र में अपार सम्भावनाएं हैं। इन क्षेत्रों में अनुसंधान, मूल्य संवर्धन और आधुनिक विपणन व्यवस्था को बढ़ावा देकर किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है। उन्होंने कृषि को केवल जीविका का साधन नहीं, बल्कि उद्यमिता और समृद्धि का आधार बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आज कृषि शिक्षा नवाचार, स्टार्टअप, खाद्य प्रसंस्करण और रोजगार सृजन का व्यापक माध्यम बन चुकी है। विद्यार्थियों से उन्होंने आह्वान किया कि वे केवल नौकरी तलाशने वाले नहीं, बल्कि रोजगार सृजित करने वाले युवा बनने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का मार्ग समृद्ध किसानों और सशक्त गांवों से होकर गुजरता है।

अपने सम्बोधन के अंत में राज्यपाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में अन्नदाता को देवतुल्य माना गया है। किसान केवल खाद्यान्न उत्पादक नहीं, बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा, आर्थिक समृद्धि और आत्मनिर्भरता के आधार स्तम्भ हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय अपनी स्वर्ण जयंती तक देश के अग्रणी कृषि विश्वविद्यालयों में विशिष्ट स्थान स्थापित करेगा और कृषि अनुसंधान, नवाचार तथा किसान कल्याण के क्षेत्र में नयी ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

**मोहर्रम जुलूस के मद्देनजर रांची के सभी स्कूल आज रहेंगे बन्द...**

पहले जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ), रांची को पूर्व सूचना देना अनिवार्य होगा। जिला प्रशासन ने सभी विद्यालय प्रबंधन, अभिभावकों और आम नागरिकों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है। साथ ही, लोगों से मोहर्रम पर्व को शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे के वातावरण में सम्पन्न कराने में सक्रिय सहयोग देने का आग्रह किया है।

प्रशासन ने कहा कि पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाये रखने, यातायात संचालन को सुचारु रखने और श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गयी हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा के भी विशेष इंतजाम किये गये हैं, ताकि मोहर्रम का आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सके।

**श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से महासचिव चम्पत राय व सदस्य अनिल मिश्रा का इस्तीफा...**

के आधार पर गुरुवार को इस मामले में आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की गयी थी। इसके बाद सभी आरोपितों को हिरासत में ले लिया गया। जांच में तेजी आने के साथ ही ट्रस्ट के दोनों पदाधिकारियों के इस्तीफे को महत्त्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे से संबंधित कथित अनियमितताओं और चोरी की शिकायतें मिलने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य सरकार ने उच्चस्तरीय जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था। एसआईटी अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट शासन को सौंप चुकी है, जिसके आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई शुरू की गयी है।

फिलहाल, एसआईटी पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कर रही है। जांच एजेंसी से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं की गहन पड़ताल की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

**देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन जींद से दिल्ली रवाना...**

तैयारियों को लेकर 24 जून को आरडीएसओ (रेलवे डिजाइन संगठन मानक) टीम जींद रेलवे स्टेशन पर पहुंची थी। टीम ने हाइड्रोजन ट्रेन के अंदर वायरिंग और प्लेटिंग का काम पूरा किया। शुक्रवार को ट्रेन हाई स्पीड ट्रायल किया गया। गौरतलब है कि हाइड्रोजन ट्रेन का इससे पहले 75 और 85 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से स्पीड ट्रायल हो चुका है। शुक्रवार को हाई स्पीड टेस्ट के दौरान टेस्ट के दौरान हर बारीकी पहलुओं पर नजर बनायी जायेगी। ट्रायल में ब्रेकिंग सिस्टम, इंजन की क्षमता, कंपन सिस्टम ट्रैक पर स्थिरता जैसे परिस्थितियों का आंकलन किया गया।

**ट्रायल के लिए बाहर से मंगायी गयी गैस**

ट्रायल के दौरान ट्रेन की तकनीकी क्षमता और सुरक्षा मानकों की जांच होगी। हाई स्पीड परीक्षण के लिए बाहर से हाइड्रोजन गैस का एक विशेष टैंकर मंगवाया गया था, ताकि ट्रेन को पर्याप्त ईंधन मिल सके। रेलवे अधिकारियों के अनुसार यह परीक्षण हाइड्रोजन ट्रेन परियोजना का सबसे महत्त्वपूर्ण चरण है। इसके सफल रहने पर देश में स्वच्छ ऊर्जा आधारित रेल संचालन का मार्ग प्रशस्त होगा। इससे पहले हाइड्रोजन ट्रेन का 75 से 85 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से सफल स्पीड ट्रायल किया जा चुका है। अब अंतिम चरण में 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पर ट्रेन के प्रदर्शन का परीक्षण किया जा रहा है।

**वेनेजुएला भूकम्प : भारत ने बढ़ाया मदद का हाथ...**

में वेनेजुएला की सरकार और वहां के नागरिकों के साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने कहा कि भारत हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और आवश्यकता पड़ने पर आगे भी सहयोग जारी रखेगा।

उल्लेखनीय है कि काराकास और उसके आसपास के क्षेत्रों में हाल ही में 7.5 और 7.2 तीव्रता के दो शक्तिशाली भूकंप आए, जिससे व्यापक तबाही हुई है। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, भूकम्प में भारी जानमाल का नुकसान हुआ है और अब तक 200 से अधिक लोगों के मारे जाने की खबर है। बड़ी संख्या में इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है, जबकि राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी हैं।

## एक झलक

### वेनेजुएला भूकंप में अब तक 589 की मौत

**कराकस** : दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में आए दो भूकंप में अब तक 589 लोगों की मौत की पुष्टि हो गई है। जबकि 4300 से ज्यादा लोग घायल हैं। वेनेजुएला में 25 जून को साल 1821 के काराबोबो युद्ध की याद में राष्ट्रीय अवकाश था। इसलिए ज्यादातर लोग घरों में थे और फीफा वर्ल्ड कप मैच देख रहे थे। इससे मलबे में दबने वालों की संख्या ज्यादा होने की आशंका है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मलबे के अंदर से आवाजें आ रहीं हैं। सरकार ने बताया कि 40 हजार से ज्यादा लोग लापता हैं। मलबे के नीचे के लोगों की आवाजें आ रही हैं, लेकिन राहत नहीं पहुंच पा रही है। भूकंप की भयावहता की असल तस्वीर अभी आना बाकी है। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक भूकंप से 10 हजार से ज्यादा लोगों के मारे जाने की 44 प्रतिशत आशंका है। वहीं, एक लाख लोगों के जान गंवाने की 30 प्रतिशत आशंका है।

### भारत-नेपाल चाय विवाद : सीमा पर फंसी 13 लाख किलो चाय

**काठमांडू** : भारत और नेपाल के बीच गहराते व्यापारिक तनाव के चलते 13 लाख किलोग्राम से अधिक नेपाली चाय भारतीय सीमा पर अटकी हुई है। भारत के सख्त आयात नियमों के कारण यह चाय गोदामों और ट्रकों में सड़ने लगी थी, जिसके बाद काठमांडू सरकार हरकत में आई है और गतिरोध को दूर करने के लिए राजनयिक व प्रशासनिक कदम उठाने की तैयारी में जुट गई है। प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद कार्यालय से मिले आश्वासन के बाद नेपाल की ठप पड़ी चाय फैक्ट्रियां फिर से खुल गई हैं। यह विवाद भारत की फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी (एफएसएसएआई) द्वारा 23 जून को जारी निर्देश से शुरू हुआ। इस निर्देश में एचएसएन कोड 0902 के तहत आयातित चाय के लिए रिस्क-बेस्ड इंस्पेक्शन सिस्टम लागू किया गया, इसके तहत घरेलू खपत के लिए आने वाली चाय की 20 प्रतिशत खेप की तत्काल लैब टेस्टिंग अनिवार्य कर दी गई।

### होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरानी ड्रोन हमला

**तेहरान** : रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य (स्ट्रेट ऑफ होर्मुज) में ईरान की सेना इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) द्वारा सिंगापुर के मालवाहक जहाज पर किए गए ड्रोन हमले ने दुनिया में सनसनी मचा दी है। ओमान के तट के पास हुए हमले ने न केवल वैश्विक व्यापारिक जलमार्ग की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है, बल्कि अमेरिका और ईरान के बीच एक नए सैन्य टकराव की आशंका को भी जन्म दे दिया है। अमेरिकी सैन्य अधिकारियों के अनुसार, ईरानी विस्फोटक ड्रोन ने जानबूझकर जहाज को निशाना बनाया, जिससे काफी नुकसान पहुंचा है, हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। यह हमला तब हुआ है जब ईरान ने सख्त लहजे में चेतावनी दी थी कि होर्मुज से गुजरने वाले सभी जहाजों को केवल उसके द्वारा निर्धारित मार्गों का ही पालन करना होगा। ईरान की इस आक्रामक नीति के पीछे अमेरिका के साथ हुई हालिया डील के बावजूद होर्मुज पर अपना पूर्ण वर्चस्व बनाए रखने और सालाना करीब 40 अरब डॉलर का टोल वसूलने की मंशा छिपी है।

### कनाडा में जबरन वसूली पर बड़ी कार्रवाई

**आटोवा** : कनाडा बॉर्डर सर्विसेज एजेंसी (सीबीएसए) ने ग्रेटर टोरंटो एरिया (जीटीए) में जबरन वसूली (एक्सटॉर्शन) और संगठित अपराध में शामिल संदिग्धों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाकर 33 लोगों के खिलाफ डिपोर्टेशन (निर्वासन) ऑर्डर जारी किया है। बीते साल शुरू किए गए विशेष इमिग्रेशन प्रवर्तन अभियान के तहत अब तक 17 विदेशी नागरिकों को बाहर किया गया है। कनाडा सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि देश की सुरक्षा और शांति से खिलवाड़ करने वाले किसी भी विदेशी तत्व को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# गमगीन माहौल में मनाया गया मोहर्रम, देश भर में निकले ताजिये और मातमी जुलूस

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : राजधानी दिल्ली में मोहर्रम (यौम-ए-आशूरा) शुक्रवार को धार्मिक आस्था और गमगीन माहौल के बीच मनाया गया। सुबह से ही पुरानी दिल्ली सहित राजधानी के विभिन्न मुस्लिम बहुल इलाकों में ताजियों और मातमी जुलूसों का आयोजन किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के बीच बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने जुलूसों में भाग लेकर हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद किया।

पुरानी दिल्ली के विभिन्न मोहल्लों से निकले ताजियों के जुलूस निर्धारित मार्गों से गुजरते हुए ऐतिहासिक जामा मस्जिद पहुंचे, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने जुमा की नमाज अदा की। इसके बाद जुलूस चावड़ी बाजार, हौज काजी, अजमेरी गेट, पहाड़गंज, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, कनॉट प्लेस, संसद मार्ग, रेल भवन, निर्माण भवन और मोती बाग से होकर सफदरजंग स्थित कर्बला जोर बाग पहुंचकर संपन्न हुआ। राजधानी का सबसे पुराना ताजिया जुलूस दरगाह हजरत निजामुद्दीन से निकाला गया। परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी बादशाह तैमूर लंग से जुड़ा लकड़ी का





ऐतिहासिक ताजिया अकीदत और ऐहतराम के साथ निकाला गया, जो विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए कर्बला जोर बाग में जाकर समाप्त हुआ। पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क, सीलमपुर, जाफराबाद, मुस्तफाबाद, करावल नगर, वेलकम, शाहदरा, नंद नगरी और सुंदर नगरी सहित कई क्षेत्रों में भी ताजियों और मातमी जुलूसों का आयोजन किया गया। वहीं लक्ष्मी नगर, झील, खुरेजी, शकरपुर, त्रिलोकपुरी, मयूर विहार, कल्याणपुरी, सराय काले खां, ओखला, जामिया नगर, बटला हाउस, तुगलकाबाद, गोविंदपुरी, संगम विहार, हमदर्द, तिगड़ी, मदनगीर, डॉ. अंबेडकर नगर, हौजरानी और महरौली में भी बड़ी संख्या में लोगों ने मोहर्रम के जुलूसों में भाग लिया।

शिया समुदाय की ओर से दरगाह शाह-ए-मरदां और कश्मीरी गेट स्थित दरगाह पंजा शरीफ में मजलिस का आयोजन किया गया। इस दौरान हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की कुर्बानी को याद करते हुए मातम किया गया। बाहरी दिल्ली के मुस्लिम बहुल गांवों और मोहल्लों में भी मोहर्रम के अवसर पर ताजियों के जुलूस निकाले गए। जगह-जगह अकीदतमंदों के लिए शरबत, ठंडा पानी, फल और अन्य खाद्य सामग्री के वितरण की व्यवस्था की गई। पूरे दिन धार्मिक श्रद्धा, अनुशासन और शांतिपूर्ण माहौल के बीच मोहर्रम के कार्यक्रम संपन्न हुए।

उत्तराखंड में 'खेत बचाओ अभियान' शुरू, 369.66 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

# उत्तराखंड को बागवानी हब के रूप में विकसित करेगा केन्द्र : शिवराज

एजेंसी

**रुद्रपुर** : केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को रुद्रपुर में 'खेत बचाओ अभियान' का शुभारंभ करते हुए कहा कि उत्तराखंड को बागवानी हब के रूप में विकसित करने के लिए केंद्र सरकार हरसंभव सहयोग देगी। उन्होंने कहा कि मुक्तेश्वर में 100 करोड़ रुपये की लागत से क्लीन प्लांट सेंटर स्थापित किया जाएगा। साथ ही चौबटिया में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और न्यूजीलैंड के सहयोग से कीवी उत्पादन को बढ़ावा देने की कार्ययोजना भी शुरू की जाएगी।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को रुद्रपुर में 'खेत बचाओ अभियान' का शुभारंभ करते हुए उत्तराखंड के लिए कृषि एवं बागवानी क्षेत्र से जुड़ी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की घोषणा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मौजूदगी में 369.66 करोड़ रुपये की 41 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मिट्टी और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण समय की आवश्यकता है। उन्होंने किसानों से मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों के संतुलित उपयोग, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का अधिकाधिक लाभ लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड निकट भविष्य में बागवानी हब के रूप में नई पहचान बनाएगा और केंद्र सरकार इसके लिए हरसंभव सहयोग देगी। उन्होंने घोषणा की कि मुक्तेश्वर में 100 करोड़ रुपये की लागत से सेब, अखरोट और बादाम सहित उच्च गुणवत्ता वाले फलदार पौधों के लिए क्लीन प्लांट सेंटर स्थापित किया जाएगा। चौबटिया (अल्मोड़ा) में 15 करोड़ रुपये की लागत से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जाएगा तथा न्यूजीलैंड के सहयोग से कीवी उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 15 करोड़ रुपये की विशेष कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इसके अलावा जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा के लिए घेरबाड़ हेतु 65 करोड़ रुपये और ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन स्थापित करने के लिए 104 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए जाएंगे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि स्वस्थ किसान, स्वस्थ मिट्टी और स्वस्थ कृषि व्यवस्था विकसित उत्तराखंड की मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों को तीन लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त कृषि ऋण, निःशुल्क सिंचाई सुविधा तथा कृषि यंत्रों पर 80 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध करा रही है।




## पंतनगर विश्वविद्यालय भारतीय कृषि का गौरवशाली केन्द्र

**पंतनगर** : केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य तभी पूरा होगा,जब कृषि विकसित होगी और किसान समृद्ध होंगे। भारतीय कृषि जलवायु परिवर्तन सहित कई चुनौतियों का सामना कर रही है,जिनका समाधान वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार से ही संभव है। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों और विश्वविद्यालयों से भविष्य की चुनौतियों के समाधान में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया। पंतनगर विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय पूर्व छात्र सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने दीप प्रज्वलित कर किया। मंत्री ने कहा कि गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,पंतनगर भारतीय कृषि के इतिहास का गौरवशाली केंद्र है,जिसने देश को वैज्ञानिक,नीति-निमार्ता,कृषि उद्यमी और उत्कृष्ट मानव संसाधन देकर कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी है। श्री चौहान ने कहा कि हरित क्रांति की पावन भूमि पंतनगर में आकर वह स्वयं को धन्य महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश आज लगभग 377 मिलियन टन खाद्यान्न उत्पादन कर रहा है और चावल उत्पादन में भारत विश्व में पहले स्थान पर पहुंच चुका है। गेहूं उत्पादन भी अधिशेष है और भारतीय गेहूं और बासमती चावल की वैश्विक मांग लगातार बढ़ रही है।

# मुंबई साइबर पुलिस ने 3206 फ्रॉड केस में शामिल इंटर-स्टेट गैंग का किया पर्दाफाश

एजेंसी

**मुंबई** : मुंबई साइबर क्राइम ब्रांच ने देश भर में 3,206 साइबर फ्रॉड केस में शामिल एक इंटर-स्टेट गैंग का पदार्फाश किया है। झारखंड, बिहार और दिल्ली से 6 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपितों के पास से 11 मोबाइल फोन, 9 लैपटॉप और कई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त किए गए हैं। इस मामले की गहन छानबीन मुंबई साइबर ब्रांच पुलिस की टीम कर रही है।

इस मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी ने आज बताया कि मुंबई साइबर क्राइम ब्रांच ने एक इंटर-स्टेट गैंग का पदार्फाश किया है जो नकली एपीके फाइल के जरिए मोबाइल फोन हैक करके ऑनलाइन फाइनेंशियल फ्रॉड कर रहा था। इस ऑपरेशन में झारखंड, बिहार और दिल्ली से छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और



जांच में पता चला है कि यह गैंग देश भर में 3206 फ्रॉड केस में शामिल है। इनमें से महाराष्ट्र में 517 और मुंबई में 93 केस में आरोपियों के शामिल होने की जानकारी सामने आई है।

अब तक की छानबीन में पता चला है कि शिकायतकर्ता को महानगर गैस लिमिटेड के नाम पर 'एमजीए गैस अनब्लाक फाइल डाट एपीके' नाम की नकली एपीके फाइल इंस्टॉल करने के लिए मजबूर किया गया। फाइल इंस्टॉल करने के बाद, मोबाइल से बैंकिंग जानकारी चुराकर शिकायतकर्ता से 2 लाख 35 हजार रुपये की ठगी की गई। इस मामले में वेस्ट डिवीजन के साइबर पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया था। टेक्निकल जांच के दौरान आरोपितों की तलाश में झारखंड, बिहार और दिल्ली में छापेमारी की गई। जांच के दौरान, अलग-अलग बैंकों, आरटीओ और महानगर गैस के नाम पर बनाई गई 999 नकली एपीके फाइलें मिलीं।

इसके अलावा आरोपितों के पास से व्हाट्सएप और टेलीग्राम ग्रुप, टेलीग्राम बॉट, सर्वर पैनल लॉगिन क्रेडेंशियल, यूआरएल और गूगल फायरबेस और होस्टिंगर सर्वर पर लगभग 1.24 करोड़ एमएमएस रिकॉर्ड जब्त किए गए हैं। पुलिस ने लगभग 8609 मोबाइल नंबर, बैंक अकाउंट नंबर,एटीएम कार्ड की जानकारी, पिन, यूपीआई आईडी जैसी संवेदनशील जानकारी भी जब्त की है।

## एमएसएमई को मिलेगा प्रशिक्षित सहयोगी

**नयी दिल्ली** : केन्द्र सरकार ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को व्यवसाय संचालन और नियामकीय अनुपालन में सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से 'कॉर्पोरेट मित्र' योजना शुरू करने की तैयारी पूरी कर ली है। इस योजना की घोषणा केंद्रीय बजट 2026-27 में की गई थी। इसका उद्देश्य प्रशिक्षित एवं प्रमाणित पैरा-प्रोफेशनल्स का ऐसा समूह तैयार करना है, जो एमएसएमई इकाइयों को अकाउंटिंग, टैक्सेशन, बैंकिंग, वित्तीय प्रबंधन और कानूनी प्रक्रियाओं में सहयोग प्रदान कर सके। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) ने योजना के क्रियान्वयन के लिए बजट घोषणा के तुरंत बाद एक संचालन समिति का गठन किया।

## उत्तराखंड की ट्राउट मछली पहली बार पहुंची अंतरराष्ट्रीय बाजार, पांच टन निर्यात

- करीब 30 मीट्रिक टन ट्राउट मछली के निर्यात की तैयारी शुरू

एजेंसी

**देहरादून** : उत्तराखंड से राज्य गठन के बाद पहली बार ट्राउट मछली का अंतरराष्ट्रीय बाजार में निर्यात किया गया है। पिथौरागढ़ जिले की तीन मत्स्यजीवी सहकारी समितियों की ओर से उत्पादित पांच मीट्रिक टन रेनबो ट्राउट मछली नेपाल भेजी गई है। राज्य सरकार ने आने वाले दिनों में करीब 30 मीट्रिक टन ट्राउट मछली के निर्यात की तैयारी भी शुरू कर दी है।

मत्स्य विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने शुक्रवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता में बताया कि धारचूला और मुनस्यारी क्षेत्र की तीन सहकारी समितियों ने यह मछली तैयार की थी। कोल्ड-चेन के माध्यम से इसे गुजरात के वेरावल भेजा गया, जहां प्रसंस्करण के बाद 23 जून को नेपाल के अंतरराष्ट्रीय बाजार में निर्यात किया गया। इससे 33 मत्स्य पालकों को लगभग 23.50 लाख रुपये की आय हुई है।

उन्होंने बताया कि इस पहले निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए मत्स्य विभाग ने हार्वेस्टिंग, पैकेजिंग और परिवहन के लिए 5.40 लाख रुपये की गैप फंडिंग उपलब्ध कराई।

# कच्चातिवु द्वीप समझौते को भाजपा ने बताया कांग्रेस की ऐतिहासिक गलती

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तमिलनाडु से सटे पाक जलडमरूमध्य में स्थित कच्चातिवु द्वीप को श्रीलंका को देने के समझौते के लिए कांग्रेस को कठघरे में खडा करते हुए इस फैसले को एक 'ऐतिहासिक गलती' और कांग्रेस सरकार की विदेश नीति को शर्मनाक बताया है।

शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में भाजपा के सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आज का दिन कांग्रेस के सरेंडर के कैलेंडर का एक और ऐतिहासिक काले अध्याय का दिन है। आज ही के दिन यानि 26 जून 1974 में तमिलनाडु के पास स्थित कच्चातिवु द्वीप को तत्कालीन




कांग्रेस सरकार ने भारत से अलग कर श्रीलंका को दे दिया था।

जिस कारण तमिलनाडु के मछुआरों को अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वहां पर ईसाई समुदाय का पवित्र स्थल सेंट एंटनी श्राइन है, जिस पर जाने के लिए अगर मछुआरे अपनी नाव पर भारत का ध्वज लगाएं तो उन्हें अनुमति नहीं मिलती। यह कांग्रेस की शर्मनाक विदेश नीति के स्मरण का दिन है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सरेंडर का कैलेंडर 1947 में भारत के दो टुकड़े करके मुस्लिम लीग के आगे समर्पण से शुरू होता है।

1948 में पाकिस्तान को पीओके सरेंडर करना, 1962 में अक्साई चिन चीन को सौंपना , और असम भी लगभग सौंप ही दिया गया था। इसके बाद कैलास मानसरोवर हाथ से निकल गया, और फिर 26 जून 1974 को कच्चातिवु सौंप दिया गया, जो 28 जून को श्रीलंका के नियंत्रण में आ गया। यह एक दुखद अध्याय है जिसे आज की पीढ़ी को याद रखना चाहिए।

## सुकमा के करीगुंडम में शत-प्रतिशत प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत

**सुकमा** : छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के कोंटा विकासखंड का ग्राम पंचायत करीगुंडम, जो कभी नक्सली गतिविधियों के कारण चर्चित रहा, अब विकास और बदलाव की नई कहानी लिख रहा है। सुकमा जिला मुख्यालय से लगभग 160 किलोमीटर दूर स्थित यह क्षेत्र कभी दुर्दांत नक्सली कमांडर हिड़मा, बारसे देवा और पापाराव का प्रभाव क्षेत्र माना जाता था। लेकिन सुरक्षाबलों की लगातार कार्रवाई और शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से आज यहां विकास की नई बयार दिखाई दे रही है। इसी बदलाव को देखने और ग्रामीणों से संवाद करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य एवं अधिवक्ता दीपिका शोरी शुक्रवार को करीगुंडम पहुंचकर किसी औपचारिक मंच या वीआईपी व्यवस्था के बजाय उन्होंने ग्रामीणों के बीच जमीन पर बिछी चटाई पर बैठकर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने।

# प्रभास ने फिर जगा दी 'बाहुबली 3' की उम्मीद

**मुम्बई** : दिग्गज निर्देशक एस.एस. राजामौली की ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइजी 'बाहुबली' एक बार फिर सुर्खियों में है। हाल ही में सामने आए एक वीडियो क्लिप के बाद 'बाहुबली 3' को लेकर चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है। डॉक्यूमेंट्री 'बाहुबलीः द टॉर्चबियरर' के एक दृश्य में प्रभास, राणा दग्गुबाती और अनुष्का शेट्टी फिल्म के अगले भाग का इशारा करते नजर आते हैं। वीडियो में राणा कहते हैं, 'दुनिया शायद अभी इसके लिए तैयार नहीं है, लेकिन बाहुबली तो आएगी...', जिसके बाद प्रभास मुस्कुराते हुए तीन उंगलियां दिखाते हैं। हालांकि, फिल्म की आधिकारिक घोषणा अब तक नहीं हुई है। इस वीडियो के सामने आते ही सोशल मीडिया पर फैंस के बीच उत्साह की लहर दौड़ गई। कई लोगों ने इसे 'बाहुबली 3' का संकेत मानते हुए पोस्ट शेयर किए। एक यूजर ने लिखा कि भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी फ्रेंचाइजी का तीसरा भाग जल्द आने वाला है, जबकि दूसरे प्रशंसकों ने दावा किया कि अगर यह फिल्म बनती है तो बॉक्स ऑफिस के कई रिकॉर्ड टूट सकते हैं। फिलहाल निमार्ता या निर्देशक की ओर से किसी तरह की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। एस.एस. राजामौली के निर्देशन में बनी 'बाहुबली' और 'बाहुबली 2' भारतीय सिनेमा की सबसे सफल फिल्मों में शामिल हैं। इस फ्रेंचाइजी ने प्रभास को पैन इंडिया सुपरस्टार के रूप में स्थापित किया था।



# तारातला हादसे पर मुख्यमंत्री शुभेंदु ने कहा, वास्तुकार व डिजाइनर होंगे ब्लैकलिस्ट

एजेंसी

**कोलकाता** : कोलकाता के तारातला में निमार्णाधीन गोदाम की छत ढहने की घटना के बाद पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि परियोजना की निगरानी के लिए जिम्मेदार वास्तुकार और डिजाइनर को तत्काल प्रभाव से ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई सिर्फ शुरूआत है और भविष्य में निगरानी में लापरवाही बरतने वाले किसी भी वास्तुकार, योजनाकार या डिजाइनर के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी।

कोलकाता के मैदान स्थित लोक निर्माण विभाग के शिविर में मुख्यमंत्री ने कहा कि शनिवार को सरकारी कार्यालय खुलते ही कोलकाता नगर निगम की आयुक्त एवं प्रशासक स्मिता पांडे ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू करेंगी। उन्होंने कहा कि वास्तुकार, योजनाकार, डिजाइनर और उनसे जुड़ी संस्थाएं स्वीकृत परियोजनाओं की निगरानी करने के लिए जिम्मेदार होती हैं। उन्होंने लिखित आश्वासन दिया था कि निर्माण कार्य की देखरेख करेंगे, लेकिन तारातला मामले में ऐसा नहीं किया गया। इसलिए उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कोलकाता में निर्माण कार्यों से जुड़े पूरे 'अवैध गठजोड़' को खत्म करेगी। उन्होंने कहा, 'कोलकाता के हर अवैध



गठजोड़ को तोड़ा जाएगा। इसमें जो भी शामिल होगा, चाहे उसका पद कुछ भी हो, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।'

इस बीच, तारातला गोदाम हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है। मलबे में अभी भी संभावित रूप से फंसे लोगों की तलाश के लिए बचाव अभियान लगातार जारी है। बुधवार को निमार्णाधीन गोदाम की छत उस समय ढह गई थी, जब ताजा डाले गए कंक्रीट का भार लोहे के बीम और धातु की चादरें नहीं झेल सकीं, जिससे दर्जनों मजदूर मलबे में दब गए।

घटना में अब तक 18 घायल मजदूर एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। बचाव अभियान में सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, राज्य आपदा मोचन बल, कोलकाता पुलिस, दमकल विभाग और अन्य एजेंसियां लगातार जुटी हुई हैं।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को विधानसभा में बताया था कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने गोदाम के निर्माण को 'संरचनात्मक रूप से दोषपूर्ण' बताते हुए कोलकाता नगर निगम क्षेत्र तथा आसपास के राजारहाट, सोनारपुर, बारुईपुर और महेशतला में सभी निमार्णाधीन परियोजनाओं पर व्यापक ऑडिट पूरा होने तक रोक लगाने की घोषणा की थी।

उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली तृणमूल कांग्रेस सरकार के दौरान हुई कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के कारण यह हादसा हुआ। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि स्वीकृत भवन योजना पर तत्कालीन मेयर फिरहाद हकीम के हस्ताक्षर थे और इसे 'दोषपूर्ण डिजाइन' बताया। इस मामले में पुलिस की विशेष जांच टीम ने पूर्व मेयर के तत्कालीन विशेष कार्याधिकारी कालीचरण बनर्जी सहित 6 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अन्य लोगों में बेहरा ब्रदर्स कंपनी का एक मालिक, संरचनात्मक अभियंता कमल सामंत, पर्यवेक्षक सैयद मोहम्मद गुलजार, श्रमिक आपूर्तिकर्ता दिवाकर भंडारी और बिचौलिया अब्दुल हमीद शामिल हैं। उधर, तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कुणाल घोष ने भी शुक्रवार को फिरहाद हकीम की गिरफ्तारी की मांग करते हुए कहा कि यदि भवन योजना पर उनके हस्ताक्षर हैं तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए। हालांकि, फिरहाद हकीम ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि मेयर भवन योजनाओं को तकनीकी मंजूरी नहीं देते और उन्हें इस हादसे के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।